


हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 28.09.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 66 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये







## एक नजर

### सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की खरगे ने की निंदा



**नई दिल्ली :** लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तारी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह कदम सरकार की लापरवाही और असंवेदनशील रवैये को दर्शाता है। खरगे ने एक्स पर लिखा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लद्दाख में सरकार द्वारा स्थिति से निपटने में की गई गंभीर चूक और उसके बाद सोनम वांगचुक की कठोर एनएसए के तहत गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि इस पूरे संकट की जड़ लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं के साथ लगातार किया गया विश्वासघात है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक साल से अधिक समय से लद्दाख में उथल-पुथल का माहौल है और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की जनता की मांग को धैर्यपूर्वक सुनने के बजाय मोदी सरकार हिंसा से जवाब दे रही है। भाजपा ने इस क्षेत्र को छठी अनुसूची का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरी तरह से नकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लद्दाख में शांति और सौहार्द चाहती है। दशकों से कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया है कि यह सीमावर्ती क्षेत्र सुरक्षित और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित रहे। खरगे ने चार युवकों की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने की न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि लद्दाख में लोकतांत्रिक संस्थाओं और लोकतंत्र को पुनर्जीवित और बहाल करने की आवश्यकता है।

### गुरुग्राम में तेज रफ्तार वाहन से हादसा, पांच की मौत

**गुरुग्राम :** तेज रफ्तार थार शनिवार सुबह डिवाइडर से टकरा गई जिसमें तीन युवती और दो युवकों सहित कुल 5 की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में थार के परखच्चे उड़ गए। समाचार लिखे जाने तक एक युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार थार गाड़ी में तीन युवक और तीन युवतियां सवार थीं। ये सभी उत्तर प्रदेश से किसी काम से गुरुग्राम आए थे। जैसे ही उनकी गाड़ी नेशनल हाइवे 48 पर राजीव चौक की तरफ जाने के लिए हाईवे के एग्जिट नंबर 9 से उतरी तो तेज रफ्तार होने के कारण चालक ने थार से अपना नियंत्रण खो दिया। गाड़ी अनियंत्रित होकर की डिवाइडर से टकरा गई। तेज रफ्तार के कारण गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 5 की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल जिनके पास 4जी की स्वदेशी तकनीक : मोदी

एजेंसी



**ओडिशा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास 4जी दूरसंचार सेवाएं शुरू करने की पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक मौजूद है। प्रधानमंत्री ने झारसुगुड़ा से बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 से अधिक मोबाइल टावरों को आज राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। यह बीएसएनएल का नया अवतार है और दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक गर्व का क्षण है कि जब दुनिया भर में 2जी, 3जी और 4जी तकनीक का विकास हो रहा था, तब देश पीछे रह गया था। उस समय हमने दूरसंचार क्षेत्र में भ्रष्टाचार और घोटालों के किस्से देखे थे लेकिन अब भारत ने संकल्प लिया और स्वदेशी तकनीक विकसित कर ली। आज यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और जल्द ही वैश्विक टेक्नोलॉजी हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर से लेकर जहाज निर्माण तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि देश में जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 70 हजार करोड़ रुपये का पैकेज स्वीकृत किया गया है। जहाज निर्माण से देश को व्यापार, तकनीकी और सुरक्षा–सभी क्षेत्रों में मजबूती मिलेगी और संकट के समय आयात-निर्यात बाधित नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब डबल इंजन सरकार की गति से प्रगति कर रहा है। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों के दौरान जनता ने विकसित ओडिशा का संकल्प लिया था, और अब राज्य तेजी से उस दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने झारसुगुड़ा से विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि यह दशक ओडिशा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रकृति ने इस राज्य को अनेक उपहार दिए हैं। यहां के लोगों की मेहनत और प्रतिभा राज्य को समृद्धि की ओर ले जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने अंत्योदय गृह योजना के अंतर्गत 50,000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। योजना का उद्देश्य विधवाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और आपदाओं से प्रभावित परिवारों को पक्के मकान और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा, जब एक गरीब परिवार को पक्का घर मिलता है तो सिर्फ वर्तमान ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन भी आसान हो जाता है। अब तक देशभर में 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने हाल ही में लागू किए गए जीएसटी सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को घरेलू बजट चलाने में बड़ी राहत मिली है। मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसान को पहले ट्रैक्टर खरीदने पर 70 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था, लेकिन अब जीएसटी सुधार के बाद 40 हजार रुपये की सीधी बचत होगी। इसी प्रकार अन्य कृषि उपकरणों पर भी किसानों को राहत मिली है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले आमदनी पर टैक्स का बोझ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी पड़ता था। कांग्रेस के समय दो लाख रुपये की वार्षिक आय पर टैक्स देना पड़ता था। आज 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होता। यह गरीब और मध्यमवर्ग की बड़ी राहत है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस और उसके सहयोगियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। उनकी सरकारें गरीबों की जेब काटकर अपनी तिजोरी भरने में लगी रहती थीं। आज भी जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां यही हाल है। मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार ने डीजल-पेट्रोल के दाम कम किए थे, तब कांग्रेस शासित राज्यों ने अलग से टैक्स लगाकर जनता को उसका फायदा नहीं मिलने दिया।

### सोनम वांगचुक : उम्मीद की एक और किरण सलाखों के पीछे : हेमन्त सोरेन

**रांची :** लेह और लद्दाख क्षेत्र के जाने माने पर्यावरण कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुंक की गिरफ्तारी पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा है–जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति और अधिकार की रक्षा एवं देश के लिए समर्पित एक और मजबूत आवाज को गुमनाम बनाने के लिए किए जा रहे षडयंत्रों पर पूरे देश की नजर है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की यह प्रतिक्रिया गंभीर संकेत देती है। मालूम हो कि वांगचुक भी लद्दाख की पहचान, जमीन और भाषा–संस्कृति की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई को लेकर वह पिछले दिनों अनशन पर चले गए थे। लेकिन 24 सितंबर को लद्दाख क्षेत्र में भड़की हिंसा के बाद उन्हें गिरफ्तार कर राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय कारा में नजरबंद कर दिया गया है। इसके बाद पूरे देश में विचारधारा की नयी लड़ाई शुरू हो गयी है। क्षेत्रीयता के समर्थकों का केंद्र की भाजपा सरकार पर गुस्सा फूटने लगा है।

### जेसोवा ने मुख्यमंत्री को दीपावली मेला के लिए किया आमंत्रित



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुलाकात के दौरान जेसोवा की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर – 2025 तक आयोजित होनेवाले पांच दिवसीय दिवाली मेला में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी एवं ऋचा वर्णवाल शामिल थीं।

## बरेली हिंसा : मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोग भेजे गए जेल, इंटरनेट बंद

एजेंसी

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस उपद्रवियों की धरपकड़ कर रही है। शनिवार को भड़काऊ भाषणों के आरोप में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इलाके में पुलिस फोर्स तैनात करते हुए 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुए ?बवाल को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस मामले में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा, सरफराज, मनीफुद्दीन, अजीम अहमद, मो. शरीफ, मो. आमिर, रेहान और मो. सरफराज को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 36 उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि मौलाना तौकीर का नाम वर्ष 2010 के दंगों में भी सामने आ चुका है और उसके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। बारादरी थाने में दो मामलों में 40 नामजद और 400 से अधिक अज्ञात आरोपितों का जिक्र है। पुलिस ने कहा कि इन मामलों में अब गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट लगाने की भी तैयारी है। अदालत ने भी पहले मौलाना को भड़काऊ बयानों से बचने के निर्देश दिए थे। पिछले साल मार्च में भी जज रवि दिवाकर की कोर्ट ने उसे उपस्थिति के आदेश दिए थे। हालांकि आदेशों के बावजूद भड़काऊ बयान जारी होते रहे और हालिया घटनाक्रम के बाद अधिकारी प्रतिबद्ध हैं कि दबाव राजनीति को तवज्जो नहीं दी जाएगी। डीएम अविनाश सिंह ने स्पष्ट कहा कि शांति प्रिय नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है, जो लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि किसी भी हाल में शांति व्यवस्था को बाधित करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बिहार चुनाव में दो तिहाई बहुमत मिलने पर घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकाला जाएगा बाहर : अमित शाह

एजेंसी



**अररिया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बिहार में अररिया जिले के फारबिसगंज पहुंचे और फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में पूर्णिया, कोशी और भागलपुर प्रमंडल के दस संगठनात्मक जिलों के 49 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सैनिक कार्यकर्ता के रूप में संबोधित किया और कहा कि सभी दल नेताओं के आधार पर चुनाव जीतते हैं और भाजपा में चुनाव जीताने का कार्य कार्यकर्ताओं में होता है। अमित शाह ने कहा कि बाबा सुन्दरनाथ, मां पूरण देवी, कर्पूरी ठाकुर, जगजीवन राम, जयप्रकाश नारायण, फणीश्वरनाथ रेणु, सतीनाथ भादुड़ी, विनोबा भावे को स्मरण कर नमन करते हुए कहा कि 2020 में किशनगंज को छोड़कर कोशी, पूर्णिया और भागलपुर प्रमंडल में गठबंधन एकं नंबर पर रहा और इस बार किशनगंज को भी एक नंबर पर रखना है। अपने संबोधन में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद के लिए यह चुनाव बेटे को जिताने का चुनाव है। लेकिन जा चुनाव बिहार से घुसपैठिये को खदेड़ने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यदि दो तिहाई बहुमत से एनडीए की सरकार बनती है तो घुसपैठिए को चुन चुनकर बाहर निकालने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोशी को बाढ़ मुक्त बनाने का चुनाव है। उन्होंने राहुल गांधी के द्वारा बिहार में निकाले गए यात्रा पर कहा कि राहुल बाबा चाहते हैं कि चुनाव आयोग जो फर्जी मतदाताओं को बाहर निकालने का काम कर रहे हैं,वह न करे और उन्हें मताधिकार का उपयोग करने की सहूलियत मिले। गृह मंत्री ने कहा कि राहुल बाबा देश में कहीं भी यात्रा निकाल ले, भाजपा का संकल्प है कि एक के घुसपैठ को बाहर निकाला जाएगा। अमित शाह ने कहा कि नेपाल की नदियां बिहार में बाढ़ लाती है,लेकिन अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोशी मेंची लिंक परियोजना के लिए पैसे जारी कर दिए हैं। अब नेपाल से निकलने वाली नदियां बाढ़ नहीं,बल्कि खेतों में पानी पहुंचाने और सिंचाई करने का काम करेगी।

# लद्दाख के लेह शहर में चौथे दिन भी कर्फ्यू जारी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद गश्त तेज

एजेंसी



**लेह :** लद्दाख के लेह शहर में शनिवार को चौथे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने पिछले दिन राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद गश्त और जांच तेज कर दी है। उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में वांगचुक की गिरफ्तारी को उचित ठहराया और कहा कि नेपाल आंदोलन और अरब स्प्रिंग का हवाला देते हुए उनके कथित भड़काऊ भाषणों की श्रृंखला के कारण बुधवार को हिंसा हुई, जिसमें चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि वांगचुक की नजरबंदी शांतिप्रिय लेह शहर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए जरूरी थी। शांति व्यवस्था कायम करने में जुटे अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान लद्दाख में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता जल्द ही राजभवन में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और कर्फ्यू में ढील देने का कोई भी फैसला उसी के अनुसार लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा गश्त और जांच बढ़ा दी गई है। फरार दंगाइयों को पकड़ने के लिए छापेमारी भी जारी है, जिनमें एक पार्षद भी शामिल है, जिसने कथित तौर पर हिंसा भड़काई थी। उन्होंने बताया कि झड़पों के बाद 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि कारगिल सहित केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर निषेधाज्ञा के तहत कड़े प्रतिबंध भी लागू हैं। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर), लद्दाख की ओर से जारी एक बयान में कहा कि वांगचुक राज्य की सुरक्षा, शांति, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। वे हानिकारक गतिविधियों में भी लिप्त रहे हैं। उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक के बारे में सरकार की ओर से स्पष्ट सूचना और एचपीसी के समक्ष पूर्व बैठकों की पेशकश के बावजूद वांगचुक ने अपने गुप्त उद्देश्य से 10 सितंबर से शहर में भूख हड़ताल जारी रखी।

## राहुल गांधी चार दिनों की विदेश यात्रा पर, दक्षिण अमेरिकी देशों का करेंगे दौरा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चार दिनों की विदेश यात्रा पर शनिवार को रवाना हो गए। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स पर जानकारी दी कि राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा करेंगे। इस दौरान वे राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालयों के छात्रों और उद्योग-व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के मुताबिक राहुल गांधी ब्राजील और कोलंबिया का दौरा करेंगे, जहां वे विश्वविद्यालयों में छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा वे प्रमुख व्यवसायियों से भी चर्चा करेंगे।

## एक नजर

### कौशल विकास केंद्र से सामग्री की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**बड़कागांव** : प्रखंड के ग्राम सांढ़ अंतर्गत बिरहनतरी चिरैंया नदी के समीप कौशल विकास केंद्र में कई समान की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार केंद्र संचालक तथा मकान मालिक के द्वारा चोरी हुई सामान बरामद कर तीन संदिग्ध चोर को पड़कर बड़कागांव पुलिस को सौंपा दिया गया है। और मामले को लेकर थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। मामले को लेकर पूछे जाने पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि अरविंद कुमार के द्वारा आवेदन दिया गया है तथा चोरी हुई सामान सहित तीन संदिग्ध को सौंपी गई है। तथा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांचों प्रांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदू महासभा संगठन के द्वारा शस्त्र पूजन एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

**बड़कागांव** : हिंदू महा संगठन करणपुरा क्षेत्र बड़कागांव के तत्वाधान में शस्त्र पूजन एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ मां अंबे दुर्गा पूजा समिति गुरु चट्टी बड़कागांव में दुर्गा रूपी सभी बालिकाओं के द्वारा शस्त्रों का पूजन किया गया और संकल्प लिया गया कि जब भी हमारे मातृभूमि, जन्म भूमि, अपने कर्मभूमि की रक्षा करनी हो तो मैं इन शस्त्रों के साथ अपनी भारत मां की रक्षा के लिए अवश्य निकलूंगी। शोभा यात्रा का आयोजन अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद, सचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष केदार महतो ,संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता द्वारा किया गया । इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद , मां अंबे दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष बिंदु दांगी ,पिंटू कुमार गुप्ता, प्रोफेसर लाल देव महतो, इंग्लेश सोनी, अवध किशोर मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार ,संदीप कुशवाहा, खेमलाल महतो व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

**खूंटी**: जेएलकेएम के कार्यकताओं ने शनिवार को कर्रा प्रखंड के ग्राम बड़का रेगरे और बकासपुर पंचायत किनु गांव में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर बड़का रेगरे में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर पार्टी को मांग पत्र सौंपा गया।

# बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : दुर्गा पूजा के अवसर पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के विजैया, चतरो, करियातपुर समेत अन्य पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंडालों में बिजली, अग्निशमन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था का जायजा लिया और समिति के सदस्यों से किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना देने की अपील की। वही थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पूजा-अर्चना कर सकें। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, विजैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मंसूर आलम, विभिन्न पूजा पंडाल समिति के पदाधिकारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्व ज़िप प्रतिनिधि ने बिजैया दुर्गा पूजा पंडाल का किया निरीक्षण



**बरही** : बरही प्रखंड के पूर्व ज़िप सदस्य मुनेजा खातुन के पति सह अल्पसंख्यक कल्याण समिति अध्यक्ष मो क्युम ने अपने सहयोगियों के साथ शनिवार को बिजैया के दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा पूर्व मुखिया दसरथ यादव, रघुवीर यादव सहित कई लोग शामिल थे। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों का सिरहाना करते हुए कहा कि समिति के लोगों का योगदान काफी सराहनीय है एक छोटे से गांव में इतना बड़ा पंडाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाना कबीले तारीफ है। पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने कहा कि यहां दुर्गा पूजा के आयोजन से लोगों में काफी हर्ष का माहौल है। यहां मेला लगने से लगभग 5 पंचायत के लोग को लाभ मिलेगा, पहले लोग 10-20 किलोमीटर दूर बरही, झूमरीतैलीय मेला देखने जाते थे जिससे लोगों को काफी परेशानी उठाना पड़ता था मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा,रंजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्मार्ट चैंप प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाई गई नवरात्रि पूजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : पटना रोड बरही स्थित स्मार्ट चैंप प्ले स्कूल में शनिवार को नवरात्रि महापर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। छोटी छोटी बच्चियां माँ दुर्गा के नौ रूपों में वेशभूषा धारण कर आदि शक्ति के महता का संदेश दी । वही छोटे छोटे बच्चे श्रीराम, रावण और महिषा सुर के वेशभूषा में स्कूल आकर अपनी प्रस्तुति दी । मौके पर डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य स्नेहा प्रिया ने बताया की दुर्गा पूजा उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाई जाती है। उन्होंने श्रीराम जी बने हुए बच्चे के साथ रावण दहन किया । साथ ही सत्य का मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सभी बच्चों को मेडल दी गई जो वर्णित वेशभूषा में स्कूल आए थे और बाकी सभी बच्चों को ट्रॉफी दिया गया। मौके पर स्नेहा प्रिया, पिंकी गुप्ता, शारदा केशरी, पूजा केशरी, अंजुम आदि मौजूद रहे।

## चतरा मुख्यालय डीएसपी एवं थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण दिए कई निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी (चतरा)** : शनिवार को चतरा मुख्यालय डीएसपी एवं इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने इटखोरी प्रखण्ड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा कमेटी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पूजा अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन बनाई जाए जिससे महिलाओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा मंदिरों और पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने और व्यवस्था के लिए पूजा कमेटी के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। पूजा पंडाल में प्रवेश और निकास द्वार, विद्युत व्यवस्था, मेला स्थल पर कमेटी के वालेंटियर की तैनाती के बारे में भी जानकारी ली। डीएसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है आग से बचाओ के लिए यंत्र एवं बालू से भरा बाल्टी रखें एवं पंडालों में प्रवेश के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग प्रवेश द्वार अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल हमेशा तत्पर रहेगी।

## मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का हुआ आयोजन 500 से अधिक मरीजों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़ा' के तहत बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के गुरु चट्टी स्थित आवासीय कार्यालय में जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में जनरल फिजिशियन, ऑर्थो डॉक्टर, कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रो डॉक्टर और उनकी सहयोगी नर्सों ने मरीजों की जांच की, जिसमें ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए और मरीजों को सलाह के साथ दवाएं दी गईं। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी डॉक्टरों को शाल और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ₹इस सेवा पखवाड़ा के तहत जरूरतमंद लोगों का मुफ्त इलाज किया गया। कई ग्रामीण आर्थिक कारणों से शहरों में बेहतर डॉक्टरों तक नहीं पहुंच पाते। हमने बड़कागांव के ग्रामीणों के लिए बेहतरीन डॉक्टरों को उनके घर तक लाने का प्रयास किया है, ताकि स्थानीय लोग इसका लाभ उठा सकें।₹ इस शिविर में करीब 500 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में डॉ. नितेश कुमार, डॉ. महेश कुशवाहा, डॉ. विवेक कुमार डेविड, डॉ. अनिकेत कुमार, डॉ. प्रज्ञा शर्मा, डॉ. रोहित और आयुष चौधरी सहित कई डॉक्टरों की टीम मौजूद थी। इस अवसर पर भाजपा के बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, रामेश्वर चौरसिया, अनुज यादव, राजेश यादव, बालगोबिंद सोनी, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, घनश्याम कुमार, त्रिवेणी महतो और अन्य कार्यकताओं ने मरीजों की सहायता में सक्रिय योगदान दिया।

## सीएमपीएस में डांडिया एवं फैंसी ड्रेस कंपटीशन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना मे सीसीए के तहत दशहरा एवं नवरात्र के उपलक्ष्य में डांडिया एवं फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया ।कक्षा नर्सरी से पांचवी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस एवं कक्षा छठी से दसवीं के बच्चों ने डांडिया कंपटीशन में भाग लिया। दशहरा के मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस प्रतिभागियों में क्लास नर्सरी से प्राची कुमारी एवं पर्थविक कुमार ने प्रथम, वही कक्षा एलकेजी से अल्फिया नाज और सुफियान अंसारी ने द्वितीय एवं कक्षा यूकेजी से अकीब अली एवं सोनल रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही डांडिया के प्रतिभागियों में कक्षा छठी से अर्चना ग्रुप ने प्रथम, कक्षा दूसरी से वंदना ग्रुप ने द्वितीय एवं कक्षा सातवीं से लक्ष्मी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों के प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय के निर्देशक टुकलाल साव ने दशहरा की ढेरों शुभकामनाएं दी। इस बीच बच्चों में बड़ा उत्साह नजर आया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अरुण कुमार अजय कुमार शिबू कुमार नरेश कुमार नुरेशा खातून, स्वाती कुमारी, मनीषा कुमारी, सरिता कुमारी साबिता कुमारी पुष्पा कुमारी फि जा प्रवीण आदि ने अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## भारी बारिश के कारण ट्रांसफार्मर गिरने से बिजली बाधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत के ग्राम भगवान बागी प्राथमिक विद्यालय के आगे सिंचाई के लिए लगा ट्रांसफार्मर गिर जाने से पूर्ण रूप से बिजली बाधित हो गई है। मामले को लेकर कमलेश कुमार ने बताया कि बिजली के दो-तीन पोल खुट्टा टूट जाने के कारण सिंचाई के लिए लगा ट्रांसफार्मर गिर गया है,जिससे ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्त हुआ है । और बिजली के तार टूट गए हैं,जिससे बिजली पूर्ण रूप से बाधित हो गई है। जिससे किसानों को सिंचाई करने कठिनाई हो रही है ।मामले को लेकर आसपास के किसानों ने अपील करते हुए मांग किया है कि जल्द से जल्द ठीक बिजली सुचारु रूप से चालू किया जाए। मांग करने वालों में मुख्य रूप कमलेश कुमार, अरूण महतो, चमन महतो , सरोज कुमार, राजु मेहता, तापेश्वर महतो, उगन प्रजापति, दर्शन प्रजापति, जुगेश्वर प्रजापति आदि किसान शामिल हैं।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बड़कागांव** : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पाकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना (पीबी-सीएमपी) ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत सिकरी साइट परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारियों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दाश ने स्वयं पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति एनटीपीसी माइनिंग की प्रतिबद्धता का संदेश दिया। श्री दाश ने अपने संबोधन में हरित पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पारिस्थितिकी संतुलन कायम रखने में सहायक होती, बल्कि यह स्वच्छ और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीसी एसपी ने बड़कागांव प्रखंड में विधि व्यवस्था को लेकर दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : प्रखंड में अश्वनी दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने विधि व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शनिवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बड़कागांव का दौरा कर दुर्गा पूजा स्थल का भ्रमण किया तथा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था को लेकर पूजा समिति के लोगों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। जिसमें पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने , मंदिर में पूजा के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार वही शांति व्यवस्था के लिए वॉलिंटियर बनाने को कहा गया है। वहीं थाना परिसर में विशेष बातचीत के दौरान एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने डीसी और एसपी को बड़कागांव में हो रहे दुर्गा पूजा को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी । इस दौरान एसपी ने थाना प्रभारी को सभी शरारती तत्वों की पहचान एवं सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बडका गांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ,अंचलाधिकारी मनोज कुमार ,सीकरी थाना प्रभारी रामकुमार राम, डाड़ीकला थाना प्रभारी सागेंन मुर्मू के अलावा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मनोज मुंडा ग्राम नगडुआ के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती



**टंडवा- (चतरा)** : रामगढ़ न्यायालय के आदेश के आलोक में पिपरवार पुलिस ने बासल थाना कांड संख्या 09/022 में दिनांक- 13 .05 .2023, धारा 341/323/385/387/435/379 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट। अभियुक्त के प्रसांगिक काण्ड में माननीय न्यायालय श्री हर्षित तिवारी र .ऊ.ख .ट, रामगढ़ के द्वारा अप्राथमिकी अभियुक्त मनोज मुण्डा उम्र- 35 वर्ष, पिता- स्व० अर्जुन मुण्डा, ग्राम- नगडुआ, पो०- बचरा, थाना- पिपरवार, जिला- चतरा के विरुद्ध दिनांक- 20 .08 .2025 को कुर्की अधि पत्र निर्गत किया गया है। अप्राथमिकी अभियुक्त मनोज मुण्डा पिपरवार थाना अन्तर्गत ग्राम नगडुआ के निवासी है। शनिवार 27 सितंबर 2025 को रामगढ़ बासल थाना एसआई बिपिन बिहारी सिंह के सहयोग से पिपरवार थाना के एस आई अभिमन्यु कुमार पुलिस टीम दलबल के साथ मनोज मुण्डा के घर पहुंची। जहां अभियान चलाकर पुलिस ने घर में रसोई के सारे सामान जब्ती कर पिपरवार थाना ले आए। पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस को मनोज मुण्डा को लंबे समय से तलाश है, अगर जल्द वे समर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि मनोज मुण्डा गत 2-3 वर्षों पहले से क्षेत्र में सक्रिय थे, लेवी व रंगदारी वसूलने एवं कई घटना को अंजाम देने वाले थें।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के लिए गौरव का क्षण, दो शिक्षक हुए सम्मानित



**बरही** : डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कंप्यूटर शिक्षक एवं एनसीसी इंचार्ज डॉ. दीपक शरण ने 22 झारखंड बटालियन एनसीसी हजारीबाग का प्रतिनिधित्व करते हुए पासिंग आउट परेड में शामिल होकर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया। उन्होंने एनसीसी के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर अलग-अलग श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दूसरों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी क्रम में विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव को उनके उत्कृष्ट कला कार्य के लिए गार्गी मंजू सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान के साथ उन्हें 11,000 का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। उनकी कला ने विद्यालय के बच्चों में रचनात्मकता को नई दिशा दी है, जिससे छात्र-छात्राएं अपने मनोभावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम हो पाए हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने इस अवसर पर कहाकि शिक्षक केवल बच्चों का निर्माण नहीं करते, बल्कि आने वाले कल के नागरिकों और देश का निर्माण करते हैं। मुझे गर्व है कि मेरे विद्यालय में ऐसे शिक्षक हैं, जो अपने कार्य और समर्पण से न केवल बच्चों को बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे भी अपने-अपने क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करें ताकि बच्चों को सही दिशा और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

### सनराइज एकेडमी में नवरात्रि पर डांडिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बरही** : करियातपुर में संचालित सनराइज अकादमी में नवरात्रि के शुभ अवसर पर विद्यालय के बच्चियों ने विद्यालय प्रांगण में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के निर्देशक सुरेश प्रसाद तथा अन्य शिक्षकों ने इस अवसर बच्चियों का हौसला को बढ़ते हुए दुर्गा पूजा क्यों मनाया जाता है, इस पर विस्तार से बच्चों को बताने का कार्य किया। साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय के बेहतरीन पठन पाठन के साथ अपने देश के पारंपरिक गीत,संगीत, तथा नृत्य को आत्मसात करने पर बल दिया। इस अवसर पर सभी बच्चे खुश दिखे। अंत में नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार कि तरफ से समस्त देशवासियों को शुभकामना भी दी गई। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### हजारीबाग के युवा क्रिकेटर राहुल रजक और प्रभात कुमार का झारखंड टीम में हुआ चयन




**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ और हजारीबाग जिले के खेल प्रेमियों के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है। जिले के दो होनहार क्रिकेट खिलाड़ी राहुल रजक और प्रभात कुमार का चयन झारखंड की टीम में हो गया है। ये दोनों खिलाड़ी बीसीसीआई के प्रतिष्ठित डोमेस्टिक टूनार्मेंट वीनू मांकड़ ट्रॉफी 2025-26 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह महत्वपूर्ण टूनार्मेंट आगामी 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। झारखंड की टीम का मुकाबला इस टूनार्मेंट में जम्मू-कश्मीर, मुंबई, तमिलनाडु जैसे मजबूत टीमों सहित अन्य राज्यों के साथ होगा, जहाँ राहुल और प्रभात को अपनी प्रतिभा साबित करने का शानदार मौका मिलेगा। राहुल हजारीबाग शहर के कुमारटोली के और प्रभात बरही विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं। सांसद सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल सहित अन्य ने दी शुभकामनाएं...हजारीबाग के दोनों युवा खिलाड़ियों के इस शानदार सलेक्शन पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एचडीसीए के अध्यक्ष सह हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल जी और सचिव बंटी तिवारी सहित अन्य संघ से जुड़े लोगों ने राहुल रजक और प्रभात कुमार के उज्जवल भविष्य और शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। सांसद मनीष जायसवाल ने भरोसा जताया कि ये खिलाड़ी टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर हजारीबाग और पूरे झारखंड का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल रजक और प्रभात कुमार का चयन स्थानीय क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। हजारीबाग जिले में क्रिकेट की प्रतिभा लगातार निखर रही है यह संघ के अच्छे प्रयासों का ही परिणाम है। हजारीबाग जिले के सभी खेल प्रेमियों की निगाहें अब लखनऊ में होने वाले इन मैचों पर होगी जब हजारीबाग के ये खिलाड़ी मैदान में अपना जलवा बिखेरेंगे ।

## एक नजर

### आईपीएस ऋषभ त्रिवेदी बने एसीबी के एएसपी

रांची : आईपीएस ऋषभ त्रिवेदी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में एएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ऋषभ त्रिवेदी पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे। वह 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी है।

### सेल आर एंड डी यूनियन चुनाव संपन्न, अशोक कुमार झा बने अध्यक्ष

रांची : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील लिमिटेड में आर एंड डी यूनियन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सभी कर्मचारियों ने इस चुनाव में बढ़ झ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमे यूनियन के अध्यक्ष अशोक कुमार झा, महासचिव उज्जल मण्डल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, उपाध्यक्ष अजित कुमार डे एवं सचिव के. पी० पात्रा एवं विजय कुमार का चयन किया गया। नवनिर्वाचित यूनियन के सभी कार्यकारी सदस्य ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। साथ ही कार्यस्थल पर सुविधाओं को पहले से बेहतर बनाने, कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देने और प्रबंधन के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में नई पहल करेंगे।

### रांची के 32 निजी विद्यालयों में 62 गरीब बच्चों का नामांकन चयन संपन्न

रांची : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम (फ्ळए) के प्रावधानों के आलोक में निजी विद्यालयों की प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन हेतु द्वितीय सह अंतिम चरण की लॉटरी प्रक्रिया आज दिनांक 27.09.2025 को पूरी की गई। परियोजना निदेशक, समेकित अनुसूचित जनजाति अभिकरण संजय कुमार भगत की अध्यक्षता में लॉटरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमावली के आलोक में संपन्न की गई। द्वितीय चरण की लॉटरी के पूर्व अभिभावकों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने निवास स्थान से 0 से 6 किलोमीटर की परिधि में किसी एक विद्यालय का चयन कर ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से करें। इस चरण में 32 विद्यालयों में कुल 62 बच्चों का चयन किया गया। चयनित बच्चों का नामांकन 10 अक्टूबर 2025 तक संबंधित विद्यालयों में अनिवार्य रूप से किया जाना है। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

दो पैकेट प्रणाली की सेवा संविदा में ई-टेंडरिंग के लिए निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/548/ईएमयू (ओपन टेंडर), दिनांक 26.09.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए दो पैकेट प्रणाली में ई-टेंडरिंग हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: 02 वर्षों के लिए दिन भर (24 घंटे) श्रम शक्ति के आधार पर बैण्डेल कारशेड में ईएमयू रेकों के भीतर सूखी सफाई एवं बाहर गीली सफाई। निविदा मूल्य: रु. 2,41,06,741.85; बयाना राशि: रु. 2,70,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; समापन अवधि: 730 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 17.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(HWH-324/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आईजी ने दुर्गा पूजा को लेकर की समीक्षा बैठक रांची में पांच हजार जवानों की होगी तैनाती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड की राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को रांची जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) मनोज कौशिक की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक (एसएसपी) कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (सीनियर एसपी) राकेश रंजन, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण एसपी) प्रवीन पुष्कर समेत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद, आईजी मनोज कौशिक ने मीडिया को जानकारी दी कि प्रशासन का मुख्य फोकस शांति व्यवस्था बनाए रखने पर है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों की पहचान कर ली गई है और वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सुरक्षा और निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। सभी प्रमुख स्थानों और पंडालों के पास सीसीटीवी की मदद ली जाएगी। आईजी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दो कंपनी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अलावा 5000 से अधिक पुलिस के जनावों की तैनाती की जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि पूजा को सुचारू बनाने के लिए पूजा आयोजकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उन्हें विस्तृत दिशानिर्देश की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पूजा पंडालों के पास अस्थायी कंट्रोल रूम और त्वरित प्रतिक्रिया टीम भी तैनात की जाएगी।

**बैठक में इन बिंदुओं पर विशेष हुई चर्चा**

यातायात व्यवस्था। -भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन।-महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना।-सोशल मीडिया मॉनिटरिंग ताकि अफवाहों को रोका जा सके।-संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी।

## झारखंड में 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक कूरियर सेवाएं रहेंगी बंद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड में 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक कूरियर सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेंगी। झारखंड कूरियर एसोसिएशन की बैठक के बाद दुर्गा पूजा के दौरान कूरियर सेवाओं के अवकाश पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक के बाद यह बताया गया कि अष्टमी, नवमी और दशमी यानी 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक कूरियर कंपनियां पूरी तरह से बंद रहेंगी। 28 सितंबर को रविवार होने के कारण कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी। 29 सितंबर को सप्तमी के दिन पहली पाली (फर्स्ट हाफ) में कूरियर सेवाएं खुली रहेंगी, जबकि 30 सितंबर से दो अक्टूबर अष्टमी, नवमी और दशमी के दिन कूरियर सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेंगी। बैठक में सचिव प्रदीप राजगढ़िया, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार पंकज, गंगेश ठाकुर, राजीव सिंह, अमरिंदर सिंह पप्पू, गोपाल तारवे और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चेंबर ने कृषि मंत्री से मुलाकात कर की कृषि मंडियों में सुविधा बहाली की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राज्य की बाजार समितियों का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सुरक्षा और मंडी में मूलभूत सुविधाओं की कमी से हो रही असुविधा पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शनिवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर, व्यवस्था में सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। मौके पर कृषि मंडियों को अत्याधुनिक स्वरूप देने और मंडियों को किसान-व्यापारी हितैषी बनाने के मुद्दे पर चेंबर ने मंत्री के साथ चर्चा की। चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने राज्य की बाजार समितियों में व्याप्त असुविधा पर मंत्री का ध्यान आकृष्टर कराते हुए प्रथम चरण में पंडरा कृषि मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित कराने की मांग की। यह कहा गया कि मंडियों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण न केवल व्यापारियों को बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पडता है। मंडियों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती नहीं होने से निरंतर होनेवाली चोरी, छिनतई की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। चेंबर की ओर से कहा गया कि व्यापारियों की ओर से बार-बार इन समस्याओं को बाजार समिति के सचिव के संज्ञान में लाये जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर उन्होंने जल्द ही झारखंड चेंबर के पदाधिकारियों के साथ पंडरा मंडी का दौरा करने और राज्यभर के खाद्यान्न व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, रांची चेंबर के अध्यक्ष संजय महुरी सहित पंडरा कृषि मंडी के कई व्यापारी शामिल थे।

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर झामुमो ने उठाया सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने लद्दाख के शिक्षाविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने शनिवार को झामुमो कैंप कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पिछली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान भी वांगचुक के साथ कुछ अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी। सुप्रियो ने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी अडानी-अंबानी जैसे बड़े कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर की गई है। उन्होंने ने कहा कि सोनम वांगचुक को शिक्षा के क्षेत्र में 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हैं और उनके नवाचारों से भारतीय सेना भी लाभान्वित हुई है। उन्होंने याद दिलाया कि वांगचुक ने सैनिकों के लिए विशेष सोलर टेंट का आविष्कार किया था, जिसे डीआरडीओ ने अपनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोलर ऊर्जा और लिथियम भंडार जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कॉरपोरेट कब्जा कराने की मंशा से केंद्र सरकार लद्दाख में जन आंदोलनों को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2020 के चुनाव में लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन अब उसे भुला दिया गया। इसके विपरीत क्षेत्र को यूनियन टेरिटरी बनाकर जनता की मांगों को दबाया गया है। भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि लद्दाख की सामरिक और प्राकृतिक संपदाओं को कॉरपोरेट हित में सौंपने की कोशिश की जा रही है और सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी उसी साजिश का हिस्सा है।

## सीएसआर का लाभ पहुंचे सीधे आम लोगों तक : मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा है कि सरकार का प्रयास है कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड केवल परियोजनाओं तक सीमित न रहकर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और ग्रामीण विकास में लोगों के जीवन को सीधे छू सके। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सीएसआर फंड का लाभ सीधे तौर पर आमजनों को मिले। मंत्री शनिवार को रांची में एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में अस्पताल निर्माण, स्किल डेवलपमेंट, रोजगार सृजन और किसानों के लिए नई सुविधाओं जैसी कई पहल की गई हैं। इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों में पीने का पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार लगातार इसी दिशा में कार्य कर रही है, ताकि सीएसआर समाज और समुदाय के वास्तविक उत्थान का साधन बन सके।

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में झारखंड पवेलियन में लोगों को लुभा रहे हैं प्राकृतिक उत्पाद

**रागी का लड्डू, नमकीन, महुआ, बांस की करेल का अचार और मशरूम का अचार आकर्षण का केंद्र**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 फूड और फूड प्रोसेसिंग के लिए देश का सबसे बड़ा एक्सपो होता है। इस एक्सपो में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार द्वारा लगाए गए मंडप में झारखंड के खाद्य पदार्थों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री की जा रही है। झारखंड राज्य अपनी प्राकृतिक समृद्धि और आदिवासी सभ्यता के लिए जाना जाता है, ऐसे में यहां बहुतायत उत्पाद प्राकृतिक ही होते हैं। आदिवासी समुदाय बहुत सरल और परिश्रमी होते हैं। वर्तमान में बहुत सी संस्थाएं उनको जोड़ कर खुद के व्यापार के साथ उनका भी विकास कर रहे है। झारखंड के प्राकृतिक उत्पाद किसानों को बना रहे हैं सशक्त। पवेलियन में रागी के लड्डू और अन्य खाने के उत्पाद की खूब बिक्री हो रही है। कई संस्थाएं रागी को करीब 26000 किसानों से ले कर रागी को प्रोसेसिंग करके झारखंड के विभिन्न हिस्सों में पहुँचा रही है साथ ही देश के कोने कोने में ऑनलाइन के माध्यम से भी पहुंचा रही है। ऐसे ही मशरूम से बने अचार, जेली, चॉकलेट भी लोगो को लुभा रहे हैं। प्राकृतिक होने के कारण से कटहल, फुटहल, ओल,महुआ, बांस के करेल, इमली, संघान आदि के अचार आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वर्तमान की जीवनशैली ने लोगों का ऑर्गेनिक उत्पादों पर जोर देने के कारण महुआ, रागी, जामुन का पावडर,सिरका आदि की बिक्री भी बड़ी मात्रा हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव पड़ा कमजोर, 28 से मौसम होगा साफ





रांची : उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़कर दक्षिण ओडिशा तट को शुक्रवार को पार कर गया। इससे रविवार से झारखंड में मौसम साफ होने की संभावना है। यह जानकारी रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण ओडिशा-उत्तरी आंध्र प्रदेश तट से दूर उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव 12 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग पश्चिम की ओर बढ़ा। इसके दक्षिण ओडिशा और छत्तीसगढ़ होते हुए लगभग पश्चिम की ओर बढ़ने और धीरे-धीरे कमजोर होकर एक निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील होने की प्रबल संभावना है। इससे मौसम में सुधार होगा। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में हल्की बारिश दर्ज की गई और मध्यम गति की हवा चली। इससे लोगों को ठंड महसूस हुई और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक बारिश पलामू जिले के चैनपुर में 51 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। वहीं, झारखंड में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 37.1 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34 डिग्री, डाल्टनगंज में 30.2, बोकारो में 31.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### भगत सिंह की जयंती पर माकपा कार्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रांची : शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर शनिवार को सफदर हाशमी सभागार में शनिवार को माकपा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने किया। इस अवसर पर सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड समीर दास, जिला सचिव कॉमरेड प्रफुल्ल लिंडा, राज्य समिति सदस्य अमल पांडेय, सीटू के प्रतीक मिश्रा, वरिष्ठ सदस्यक प्रकाश टोप्पो और सुमंत साहू सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह की विचारधारा आज भी मेहनतकश जनता के संघर्षों का मार्गदर्शन करती है। सुधांशु शेखर ने भगत सिंह के अमर कथनों को दोहराते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता स्पष्ट की जिसमें उन्होंने कहा था कि क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है। इसके अलावा जरूरी नहीं कि क्रांति हमेशा खूनी हो। विचारों की क्रांति सबसे बड़ी क्रांति होती है। सभा में यह संकल्प लिया गया कि मजदूर, किसान, युवा, छात्र और मेहनतकश जनता के बीच भगत सिंह के वैज्ञानिक समाजवाद, नास्तिकता, तर्कवाद और क्रांतिकारी विरासत को लगातार फैलाया जाएगा।

### झारखंड के लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का 'कब अइबू मयरिया' गीत लॉन्च



रांची : नवरात्र के पावन अवसर पर शनिवार को झारखंड के युवा लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का नया सुमधुर देवी गीत ₹कब अइबू मयरिया₹ को यूट्यूब पर रिलीज किया गया। रांची के एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट के संचालक रंजन कुमार ने पोस्टर का अनावरण किया और आशुतोष द्विवेदी ऑफिशियल यूट्यूब पर ऑनलाइन अपलोड कर गीत को रिलीज किया। इस मौके पर गायक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सहयोग से भक्तिमय माहौल बनाने व नौ दिनों तक मां की उपासना करने की बात और माता दुर्गा की महिमा को जन-जन पहुंचाने के उदेश्य से ही इस देवी गीत को बनाया गया है। रिलीज के मौके पर उम्मीद जताई गई कि आशुतोष द्विवेदी का यह गीत बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश के लोग काफी पसंद करेंगे। इस गीत के प्रोड्यूसर कुणाल सिंह, सचिव भारतीय लोक कल्याण संस्थान, लिरिक्स मुकेश, म्यूजिक हर्ष उपाध्याय, आशीर्वाद -दयानंद पांडेय, पुजारी शक्ति स्रोत संघ दुर्गा मंदिर कांके रोड रांची हैं।

### वेटनरी कॉलेज में विश्व रेबीज दिवस पर हुई स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण



रांची : पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय (वेटनरी कॉलेज) में विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर शनिवार को 66 पालतू पशुओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी और रेबीज से बचाव के लिए 62 पशुओं का टीकाकरण किया गया। जांच के लिए राजधानी के विभिन्न भागों से पशु प्रेमी अपने पालतू कुत्ते, बिल्ली, खरगोश और बकरी को लेकर आये थे। कार्यक्रम को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे और पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ एमके गुप्त ने कहा कि रेबीज घातक साबित हो सकता है इसलिए इससे बचाव के लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। आयोजन के समन्वयक और वेटनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर रेबीज के दुष्परिणाम और इससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढाने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही महाविद्यालय के शिक्षकों ने आनेवाले पशु प्रमियों को रेबीज से बचाव सम्बन्धी तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम को फार्मा कंपनियों मैनकाइंड, ड्रूल्स, वेको, एमएसडी और इंडियन हर्ब्स का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगताओं में सैकडों छात्र-छात्राओं की भागीदारी रहीकस्पर्धा के विजेताओं में वक्तृत्व कला प्रतियोगिता: एंजेल केरकेट्टा प्रथम, राहुल प्रसाद द्वितीय और शैरोन निस्तार बारला तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में शैरोन निस्तार बारला प्रथम, एंजेल केरकेट्टा द्वितीय और अस्मिता सिंह तृतीय, ऑडियो-विजुअल प्रतियोगिता में सौरभ जायसवाल प्रथम, अदिति और निखिल द्वितीय, एंजेल केरकेट्टा तृतीय, प्लेकार्ड प्रतियोगिता: अदिति प्रथम, निखिल द्वितीय और विशाल कुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के समूह ने प्रथम और प्रथम वर्ष की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पालतू या सड़क के पशुओं के काटने पर व्यक्ति के व्यवहार में आक्रामकता या चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, उल्टी आना, थकान, बुखार या भूख न लगना हाइड्रोफोबिया, निगलने में परेशानी होना रेबीज के प्रमुख लक्षण हैं।

# बेलुंजा गांव में 409 साल पुरानी राजसी परंपरा के साथ दुर्गा पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास :** प्रखंड के बेलुंजा गांव में दुर्गा पूजा का इतिहास दशकों नहीं, बल्कि करीब 409 साल पुराना है। इसकी शुरूआत तत्कालीन जमींदार हरिप्रसाद दुबे ने की थी। यहां की पूजा राजसी परंपरा से होती है। कलश स्थापना के साथ ही बेलुंजा व आसपास के क्षेत्र भक्तिमय माहौल में हो जाता है। कलश स्थापना से दशमी तक नियमित बलि देने की भी परंपरा है। परंपरा के अनुसार एक ही पटरा में मां दुर्गा, मां सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिक, जया विजया व महिषासुर की मूर्तियों का निर्माण होता है। मूर्तिकार परेशचंद्र वैष्णव इस काम को अंतिम रूप देने में लगे हैं। मंदिर के रंग-रोगन व सजावट का कार्य भी चल रहा है। पूजा को लेकर पंडित प्रकाश भट्टाचार्य, त्रिलोचन भट्टाचार्य, व स्व. दुबे के वंशज अध्यक्ष अनिमा दुबे, सुनील दुबे, नेपाल चंद्र दुबे, सनातन दुवे, महादेव दुबे, बैधनाथ दुबे, कालीदास दुबे, रामदास दुबे, विश्वनाथ दुबे, अमित दुबे, जगन्नाथ दुबे, राधा मोहन, सुमित दुबे,रमेश दुबे, केशव दुबे, संजय दुबे, मदन ओझा सहित समस्त दुबे परिवार, नित्य पुजारी जुटे हैं।

**पुत्री के रूप में मां ने दिया था दर्शन :**

मान्यता है कि बेलुंजा में मां दुर्गा दुर्गा ने स्वयं पुत्री के रूप में प्रकट होकर हरिप्रसाद दुबे को दर्शन ,दिया था। बेलुंजा गांव से दक्षिण में 500 मीटर दूर एक खेत के समक्ष महिषकुड़ी नाम का दह है. वहां पानी निरंतर बहता था। दुगा पूजा के एक माह पूर्व पश्चिम बंगाल से गांव में शाखा बेचने के लिए शांकुड़ी ब्राह्मण आते थे। वे उसी दह से गुजर रहे थे। उसी समय मां बालिका के रूप में आयी और उसे आवाज देकर बुलाया और कहा ओ शांकुड़ी ब्राह्मण आमाखे शांखा पराइदेन। ब्राह्मण ने उसे शांखा पहना दिया। पैसा मांगने पर मां ने कहा कि बेलुंजा में मेरे पिता हरिप्रसाद दुबे रहते हैं। वहां जाकर पैसा ले लेना। घर के दक्षिण और मिट्टी की हाड़ी में मुठी चावल व पैसा रखा है। ब्राह्मण घर पहुंच कर पैसा मांगने लगे। हरिप्रसाद दुबे ने कहा कि मेरी कोई पुत्री नहीं है.इस पर ब्राह्मण उन्हें महिषकुड़ी दह के पास ले गये। आवाज लगायी कि दर्शन दो बालिका नहीं तो मैं झुठा कहलाउंगा, इस पर दह से दो हाथ ऊपर उठा कर माँ ने शांखा दिखा दिया। यह देखकर हरिप्रसाद दुबे व शांखुडी ब्राह्मण भावुक हो गये। घर पर आये तथा हाड़ी से चांदी का रुपया और नये वस्त्र देकर सम्मान पुर्वक विदा किये। उसी रात को मां दुर्गा हरिप्रसाद दुबे के सपने में आयी और कहा कि मुझे स्थापित कर मेरी पुजा करो। विधिवत माँ की स्थापना कर पुजा शुरू किया गया। इसके बाद उन्होंने पत्थर का भव्य मन्दिर का निर्माण कराया।

**खड्ग स्पर्श से होती है संतान प्राप्तिः**

बेलुंजा दुर्गा मंदिर को लेकर भक्तों में मान्यता है कि नवमी पूजा बलि के बाद खड़ग का स्पर्श करने पर निःसंतान को संतान प्राप्त होती है।

## सतगांवा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** आगामी दुगार्पूजा त्योंहार-2025 को मद्देनजर कोडरमा जिला में विधि-व्यवस्था बनाये रखने तथा चोरी एवं अन्य अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोडरमा जिला के सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में विषेश गत्सी बढ़ाने एवं अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में दिनांक-26.09.2025 को सतगांवा पुलिस सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुर के रास्ते अवैध शराब का परिवहन किया जानेवाला है। तत्पश्चात सतगांवा थाना के गस्ती दल द्वारा माधोपुर के रास्ते में एण्टी क्राईम चेकिंग लगाई गयी। इसी दौरान दो मोटरसाईकिल सवार आते दिखाई दिये, जो पुलिस बलों को देखकर अपने मोटरसाईकिल को घुमाकर भागने लगा, जिसे गस्तीदल द्वारा पीछा कर दोनों मोटरसाईकिल को पकड़ा गया तथा तलाशी ली गई तो अपाची मोटरसाईकिल पर एक सफेद रंग के बोरा में 04 कार्टुन में 96 बोतल अंग्रेजी शराब पाया गया। उक्त बरामद अंग्रेजी शराब के विषय में दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात पकडे गये दोनों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। इस संदर्भ में सतगांवा थाना काण्ड संख्या-99/2025, दिनांक-26.09.2027 धारा-274, 275/3 (5) बी०एन०एस० एवं 47 (ए) एक्साईज एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## डिग्री कॉलेज सड़क की दयनीय स्थिति पर सांसद प्रतिनिधि व सीओ ने किया स्थल निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चंदवारा :** चंदवारा के डिग्री कॉलेज में इनदिनों कई परीक्षार्थियों का सेंटर पड़ने के बाद सड़क की दयनीय स्थिति की शिकायत मिलने के उपरांत सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी ने अंचलाधिकारी अशोक भारती के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया गया कि महाविद्यालय के अंदर का सड़क की स्थिति काफी खराब है। जिसके बाद उनके अनुसंशा पर जिला योजना के तहत जल्द ही सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे न केवल परीक्षार्थियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी सुगम आवागमन मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि डिग्री कॉलेज के अंदर जाने वाली सड़क का हाल बेहद खराब है, जिससे परीक्षार्थियों और छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बताते चलें कि सांसद मनीष जयसवाल ने सड़क की दयनीय स्थिति पर संज्ञान लेते हुए अपने प्रतिनिधि को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा। निरीक्षण में स्थानीय प्रशासन और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी अशोक भारती, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जयप्रकाश आनंद, मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, सुरेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष आनंद कुमार, मुरली मोदी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सांसद मनीष जयसवाल के प्रयास से यह सड़क शीघ्र ही धरातल पर उतरेगी और लोगों को राहत मिलेगी।

## कार खरीद-बिक्री के नाम पर जालसाजी का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तलगड़िया मोड़ बोकारो से कार खरीद-बिक्री के नाम पर हुई जालसाजी और वाहन चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस कांड में चोरी की गई मारूती स्विफ्ट कार समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 26 सितंबर 2025 को तलगड़िया मोड़ निवासी बिड कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि ओएलएक्स पर गाड़ी की खरीद-बिक्री का झांसा देकर उन्हें आरोपियों ने बुलाया और मौके पर उनकी मारूती स्विफ्ट कार (जेएच-02 यू-9899) लेकर फरार हो गए। पुलिस कार्रवाई सूचना मिलते ही चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस की सक्रियता से गिरीडीह जिले के पीरटांड़ और डुमरी इलाके में छापेमारी की गई, जहां से चोरी की स्विफ्ट कार और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो (बीआर-21पी-4161) बरामद की गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को भी धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपी नितीश कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता सुनील कुमार वर्मा, ग्राम-अलीगंज, थाना-चंद्रदीप, जिला-जमुई प्रवेश मांझी, उम्र 26 वर्ष, पिता राजेश मांझी, ग्राम तेलारडीह, थाना-चंद्रदीप, जिला-जमुई पूछताछ में दोनों ने बताया कि कार चोरी कर उसे अवैध शराब की तस्करी में उपयोग करने की योजना थी। प्रवेश मांझी पूर्व में भी नालंदा जिले के काशीचक थाना कांड संख्या 131/2023 (धारा 30(अ)/41 इढए अू३ 2016) में आरोपित रह चुका है। नितीश कुमार के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## बीएसएल विस्तारीकरण हेतु बोकारो वासियों ने प्रधानमंत्री को भेजा पोस्टकार्डों का पहला खेप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** स्टील प्लांट के स्थागित विस्तारीकरण को प्रारंभ करने और बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने की मांग को लेकर सेक्टर 2 मुख्य डाकघर से हजारों हस्ताक्षरित पोस्टकार्ड का पहला खेप प्रधानमंत्री को भेजा गया। इन पोस्टकार्डों को प्रथम विस्थापित जो बीएसएल में इंजीनियर के रूप में योगदान देकर डीजीएम से सेवानिवृत्त हुए प्रदुमन प्रसाद साव सहित अनेक प्रमुख समाज सेवियों की उपस्थिति में मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर रामचन्द्र उरांव को सौंपा गया। ये पोस्टकार्ड कुमार अमित के नेतृत्व में इन माँगों के समर्थन में चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान के तहत बोकारो के हर वर्ग के लोगों के द्वारा लिखा जा रहा है। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में इस विस्तारीकरण को बोकारो के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस परियोजना को प्रारंभ होने तक इस अभियान को जारी रखने की बात कही। कुमार अमित ने बताया इन पोस्टकार्डों का अगला खेप दुर्गा पूजा के बाद प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। मुख्य डाकघर के डाकपाल रामचन्द्र उरांव ने बताया कि इस अभियान ने समाज में पोस्टकार्ड की प्रासंगिकता को पुनः जीवन्त कर दिया। नई पिढी को पोस्टकार्ड से परिचित होने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर विस्थापित नेता अब्दुल अख़्तर रब, शिव कुमार प्रसाद, शंकरलाल गोप, मजदूर नेता अरविंद सिंह, शशि कान्त, सफाई कर्मचारी संघ के राकेश राम, कृष्णा कालिन्दी, बैंकर्स एसोसिएशन के सिद्धनारायण दास, विजय सिंह, शैलेश यादव, शंकर प्रसाद, राहुल आदि उपस्थित थे।

# डीएवी में नवरात्रि की धूम, नन्हीं कन्याओं ने मां दुर्गा के स्वरूपों में किया नृत्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया , कोडरमा में दुर्गा पूजा का पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। बच्चों के द्वारा विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सानिया और सौम्या के द्वारा दुर्गा स्तुति गाकर तथा कुमुद के द्वारा मंत्रोच्चारण से हुआ । फिर छोटी - छोटी बच्चियाँ ने माँ दुर्गा के नौ रूपों को बहुत ही आकर्षक एवं मनोरम से प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया । वहीं किड्स ग्रुप के बच्चों ने डांडिया डांस कर सभी को प्रभावित किया। रामायण के पात्रों के रूप प्रीत राज - राम, देवांश केशव - लक्ष्मण, आदिति श्री - सीता एवं शिवांश सिन्हा - रावण की भूमिका निभाकर सभी के मन को मोह लिया । दशहरे के महत्त्व को बताते हुए साक्षी ने कविता सुनाई तथा भाषण ईशु ने प्रस्तुत किया । लोक नृत्य गरबा अनुष्का गुप्ता , समृद्धि भारती व प्रियंका दास के द्वारा एवं एकल बंगाली नृत्य अंतरा मुखर्जी ने पेश कर इस उत्सव में चार चाँद लगा दिए। यह कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों को परंपराओं से जोड़ता है, बल्कि उनमें कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता भी पैदा करता है। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों का हौसला बढ़ाया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार सिंह ने सभी को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और कहा कि मेरा मन हर्ष से भर गया कि हमारे नन्हें-मुन्ने बच्चों ने समारोह में माँ दुर्गा के नौ रूपों को तथा रामायण के पात्रों को साकार किया।

## श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में नवरात्रि पर डांडिया उत्सव की धूम



**कोडरमा :** पानी टंकी रोड़ में स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया उत्सव का आयोजन हुआ। इस आयोजन में छात्राओं ने नवदुर्गा का रूप धारण किया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांडिया और गरबा नृत्य का आनंद लिया। छात्राओं ने नवदुर्गा का रूप धारण कर मंच पर दुर्गोत्सव का महत्व दशार्या। जिसमें मुस्कान भदानी ने काली माँ का रूप धारण कर कार्यक्रम में चार चांद लगायें। साथ ही, अन्य छात्र-छात्राओं ने डांडिया और गरबा नृत्य का भी आनंद लिया। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम उत्कृष्ट गरवा नृत्य करने वाले छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन किशोर जैन पांडया एवं संयोजक सुनील जैन छाबड़ा एवं समस्त विद्यालय कमेटी ने सभी छात्र-छात्राओं को दुर्गा पूजा पर अनेक शुभकामनायें दी । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुप्रिया गौरव का सफल योगदान रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय एकेडमिक हेड एकता जैन , सोनल जैन , सुपरवाइजर मुरारी सिंह, इंचार्ज अभिषेक जैन एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाये वसंत कुमार मानसी जैन, व्रजेश कुमार, विनय गिरी, ऋतु जैन कोमल वर्णवाल, उजाला कुमारी, जूही सिंह, सौम्या जैन, ममता जैन, चांदनी कुमारी , प्रतीक्षा सिंह, सूरज प्रकाश ,सतीश सिन्हा, शुभम दारूका, अंजली मैम, निकिता मैम , मुस्कान गुप्ता , मुस्कान सिंह , सनाया मैम , शालनी मैंम , अरुण सर , राकेश शर्मा सर , चौरसिया सर,आयुष सिंह आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर

### ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की बैठक में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जयंती की तैयारी



**बोकारो :** सोमवार को ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के सदस्यों की एक बैठक सेक्टर-4 स्थित डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुई। बैठक में दीपावली पर्व के कारण इस वर्ष डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती 21 अक्टूबर के स्थान पर 23 अक्टूबर को मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजक मंडल का गठन किया गया, जिसमें कमलेश राय को संयोजक तथा प्रेम कुमार और सुधीर कुमार सिंह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक में सुरेश सिंह ह्यनगह्म, नारायण प्रसाद शाही, प्रेम कुमार, नरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद शर्मा, सुधांशु, राजा कुमार सहित अनेक सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बीएसएल कूलिंग पोंड का रोड जर्जर हालत में



**बोकारो :** बीएसएल कूलिंग पोंड एक का रोड पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसी रोड से प्लांट में काम करने वाले मजदूर रोजाना सुबह शाम को कई परेशानी झेल कर ड्यूटी आते जाते हैं। इसके अलावे तुपकाडीह से कुंडोरी गांव होकर बीएस सिटी जाने वाले सैंकड़ों राहगीर रोड में बन गए छोटे बड़े गड्ढों और गिट्टी पत्थरों के कारण फिसलकर गिरने से घायल हो जाते हैं। कूलिंग पोंड के पास ही प्लांट का पांच नंबर गेट है जहां सीआईएसएफ के जवान ड्यूटी करते हैं।

### दुर्गोत्सव के रंग में रंगा डीपीएस बोकारो आकर्षक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा

**बोकारो:** शारदीय नवरात्रि के चहुं ओर छाए उमंग के बीच दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो भी दुर्गोत्सव के रंग में रंगा है। इस उत्सवमय माहौल में एक विशेष आयोजन के तहत विद्यार्थियों ने श्रद्धा, भक्ति, कला और रचनात्मकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने नृत्य, गीत-संगीत, रूप-सज्जा जैसे कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विद्यार्थियों को देश की समृद्ध परंपरा तथा दुगार्पूजा के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व समझाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत नर्सरी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत दुर्गा वंदना से हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### मरकच्चो थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**मरकच्चो :** दुर्गा पूजा शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार दोपहर को फ्लैग मार्च निकाला। दुर्गा पूजा त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी मरकच्चो नंदकिशोर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस जवान दलबल के साथ मुख्य सड़कों पर मरकच्चो ब्लॉक से निकलकर देवगढ़ मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, कलाल मुहल्ला, बंधन चौक, बाजार पर ,समेत भीड़ भाड़ वाले इलाकों से होकर फ्लैग मार्च गुजरी। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों में शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी असी रामबली सिंह समेत दर्जनों पुलिस बल के महिला पुरुष जवान शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में रावण दहन कर मनाया गया दशहरे का महोत्सव



**झुमरीतिलैया:** स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व 'दशहरा' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किड्स पैराडाइस के नन्हे-मुन्ने बच्चे श्री राम, सीता ,लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, रावण आदि के परिवेश में आकर सभी का मन मोह लिया और सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय परिसर में ही श्री राम और रावण के बीच युद्ध की लीला का संक्षिप्त मंचन के साथ विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रीति प्रसाद द्वारा रामचरित्र मानस की कथा छोटे बच्चों को सुनाई गई। कथा सुनकर बच्चे रामायण की काफी जानकारियाँ प्राप्त किए, उनके चेहरे से कथा सुनने की उत्सुकता साफ नजर आ रही थी। विद्यालय परिसर में असत्य एवं बुराई रूपी रावण के पुतले को दहन कर बुराई की पराजय का संदेश छात्रों को दिया गया। रावण दहन के पश्चात छात्रों ने स्वतंत्र रूप से डांडिया नृत्य कर एक दूसरे के साथ अपनी खुशियां बांटी। सभी छात्र रंग-बिरंगे कुर्ते और छात्राएं आकर्षक एवं रंग बिरंगी लहंगे पहन हाथ में डांडिया लिए नृत्य करते हुए काफी आकर्षक लग रहे थे। पूरा विद्यालय परिसर खुशियों से सराबोर नजर आया। विद्यालय प्राचार्य श्री गुरुचरण वर्मा ने सभी छात्रों को नवरात्री की बधाई एवं दशहरे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, पर्व हमें याद दिलाता है कि सदैव सत्य की ही विजय होती है और असत्य का विनाश हो जाता है। अर्थात रावण ने सत्य का मार्ग अपनाया था इसलिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम ने रावण का संहार कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने इस उत्सव को मनाने का कारण भी बताया और छात्रों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विद्यालय निर्देशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने भी सभी छात्रों को दशहरे एवं नवरात्री की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए खुशियां जग-जाहिर की।

### बीएसएल द्वारा सेक्टर 12 में स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन



**बोकारो :** भारत सरकार की "स्वच्छता ही सेवा" पहल के अंतर्गत स्वच्छोत्सव 2025 के तहत बोकारो इस्पात संयंत्र के विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत सेक्टर 12 क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को नियमित रूप से डस्टबिन का उपयोग करने और अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। सेक्टर 12 हाटिया मार्केट क्षेत्र में माइकिंग के माध्यम से निवासियों और दुकानदारों से अपील की गई कि वे सड़क या खुले स्थानों पर कचरा न फेंकें तथा डस्टबिन एवं बाल्टी का नियमित रूप से उपयोग करें। साथ ही, घरों और दुकानों में कचरे के पृथक्करण के महत्व को रेखांकित करने हेतु पंपलेट भी वितरित किए गए। इसके अलावा, सड़क और बाजार क्षेत्र की सफाई भी अभियान के दौरान की गई। इस पहल ने न केवल क्षेत्र की स्वच्छता में वृद्धि की, बल्कि यह संदेश भी प्रभावी रूप से दिया कि स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### दुर्गापूजा शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**बोकारो :** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने शनिवार को पुलिस केंद्र में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह समेत कई वरीय पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।एसपी हरविंदर सिंह ने मौके पर कहा कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की अफवाह, उपद्रव या अनहोनी घटना कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉक ड्रिल का मकसद आपात स्थिति में पुलिस बल की तत्परता और रणनीति की तैयारियों की समीक्षा करना है, ताकि किसी संभावित उपद्रव की स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। एसपी ने कहा कि दुरगापूजा पूरे जिले की आस्था और सांस्कृतिक माहौल का प्रतीक है। ऐसे में सभी वर्गों को आपसी भाईचारे के साथ सहयोग करना जरूरी है। उन्होंने संदेश दिया कि यह मॉक ड्रिल "बैड एलिमेंट्स" के लिए सीधी चेतावनी है कि पुलिस पूरी तरह अलर्ट है और किसी भी परिस्थिति में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष सतरकता विजयदशमी तक रखी जाएगी। इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों और पूजा पंडालों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी क्योंकि असामाजिक तत्व भीड़ का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। पुलिस की तैयारियां इस बार पहले से कहीं अधिक मुस्तैद हैं।

## एक नजर

### बिजली का संकटः आंधी-पानी से 20 घंटे अंधेरा



**सरिया** : सरिया अनुमंडल में बिजली आपूर्ति की समस्या ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है। बीते शुक्रवार को हल्की आंधी और बारिश के कारण लगभग 20 घंटे तक बिजली बाधित रही। स्थानीय लोग बताते हैं कि बिजली आते ही 15 मिनट में फिर चली जाती है, तो कभी-कभी 45 मिनट तक गायब रहती है। यह समस्या सरिया वासियों की नियति बन चुकी है, लेकिन न तो कोई जनप्रतिनिधि और न ही पंचायत प्रतिनिधि इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। ऊर्जा विभाग के अधिकारी तो जैसे सरिया की परवाह ही भूल चुके हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आंधी-पानी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है, लेकिन सामान्य दिनों में भी अनियमित आपूर्ति से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। मोबाइल चार्जिंग से लेकर पेयजल आपूर्ति तक सब प्रभावित होता है। विद्युत संघर्ष समिति के अध्यक्ष विशाल गंभीर ने बताया, ₹बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है, कामकाज ठप हो जाता है। फिर भी कोई सुनने वाला नहीं।

### प्रियंका सिन्हा के निर्देश पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार जागरूकता अभियान चलाया गया



**सिल्ली/मुरी** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा के निर्देश पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत भूली और हलमाद गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर विवेक कुमार के द्वारा स्वास्थ्य,स्वच्छता और पोषण के बारे में ग्रामीणों के बीच जागृति तथा किसी भी बीमारी के रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।वहीं सामुदायिक अस्पताल के एमपीडब्ल्यू सुरेंद्रनाथ महतो ने विभिन्न प्रकार के रोगों की जानकारी और उनके रोकथाम के उपाय भी बताए। इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में मेरी प्रतिमा,एएनएम बिंदु,संहिता,सेविका एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मुरी गोला पथ कीचड़मय,ग्रामीण को हो रही है परेशानी



**सिल्ली** : मुरी गोला पथ का चौड़ीकरण जोरो पर किया जा रहा है। वहीं संवेदक के द्वारा पथ निर्माण के क्रम में आने जाने वाले रास्ते को बंद कर काम को पूरा किया जा रहा है। इस पथ पर मिट्टी डालकर पथ का निर्माण करते हुए देखा जा रहा है। क्षेत्र में लगातार दो दिनों से बारिश होने से रोड कीचड़मय हो गया है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक के द्वारा मनमानी किया जा रहा है। सड़को में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे गांव जाने में हमें मशक्कत करनी पड़ती है। राहगीर बाइक चलाते समय कीचड़मय होने से फिसलकर गिर जाते हैं जिससे हाथ पांव टूटने का डर बना रहता है। इस रास्ते में कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का से पूछने पर उन्होंने कहा कि संवेदक की मनमानी ठीक नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत पर संवेदक के ऊपर करवाई की जाएगी और साथ ही बड़ी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है।

# सलगा के सयानी मैदान में माता का भव्य दरबार, नवरात्र में आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगा पंचायत स्थित सयानी मैदान जो कई दशक पूर्व तक खूंखाखार नक्सलियों के जनता दरबार के लिए बदनाम हुआ करता था! वर्ष 2020 से उक्त मैदान पर माता रानी का भव्य दरबार लगने से उक्त स्थल माता के दरबार के रूप में सुशोभित हो रहा है! उक्त स्थल पर माहदुर्गा पूजा समिति सलगा द्वारा माता के दरबार सजाकर गुलजार किया जा रहा है! जिसकी चर्चा चहुंओर होती है! सलगा के सयानी मैदान के प्राकृतिक संरचना भी माता रानी के दरबार में चार चांद लगा रही है! दिन हो या रात इस शारदीय नवरात्र के समय में सयानी मैदान माता का दरबार सजा कर अपनी खूबसूरती को निहार रही है!

**वर्ष 2020 से सज रहा है माता का दरबार**

इस संदर्भ में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में सलगा माहदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू सचिव राजेंद्र महतो कोषाध्यक्ष बलराम साव उपकोषाध्यक्ष द्वारिका साव उपाध्यक्ष बिनोद कुमार राम सह प्रमोद कुमार साव संचालनकर्ता जयराम साव संरक्षक मुखिया पार्वती देवी समेत अन्य ग्रामीणों के सहयोग से शारदीय नवरात्र पर माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने का विचार बनाए जो अब निरंतर जारी है।

**मुंबई के राधा कृष्ण मंदिर के तर्ज पर बना है पूजा पंडाल**

माहदुर्गा पूजा समिति सलगा द्वारा इस वर्ष जो पंडाल बनाया गया है वह मुंबई के राधा कृष्ण मंदिर का स्वरूप है। जिसकी लागत राशि 2 लाख 80 हजार रुपए बताया जाता है। पंडाल का निर्माण कार्य बंगाल के मशहूर कलाकारों द्वारा किया गया है! वहीं पंडाल का विद्युत साज सज्जा भी चतरा जिले के सिमरिया के मशहूर डेकोरेटर द्वारा डेकोरेट किया गया है।

**29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कई कार्यक्रम है आहूत**

माहदुर्गा पूजा समिति सलगा द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर 29 सितंबर को मुंबई के मशहूर जागरण कलाकार राधा मौर्य एंड टिम के द्वारा जागरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। वहीं 30 सितंबर को मशहूर कलाकार सरगम स्नेहा झारखंड और बिहार उतर प्रदेश के मशहूर झांकी कलाकार राजू हलचल एंड टिम का कार्यक्रम निर्धारित है। वहीं 2 अक्टूबर को नागपुरी संगीत आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम निर्धारित है।

## राकेश रंजन के निर्देश पर शराब भट्ठियों पर बड़ी कर्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन के निर्देश पर सिल्ली पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरहू तुंकु गांव में अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठियों पर बड़ी कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान संचालित अवैध भट्ठियों से 1000 लीटर जावा महुआ एवं काफी मात्रा में अवैध शराब को मौके पर ही पुलिस ने नष्ट किया। वहीं थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि मुरहू तुंकु गांव में अवैध शराब बनाने की सूचना मिल रही थी जिसके आलोक में कार्रवाई की गई। उन्होंने आगे कहा कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा एवं साथ ही ग्रामीणों से अवैध शराब के विरुद्ध सहयोग करने की अपील भी की।

### आदि कर्मयोगी अभियान का हुआ शुभारंभ

**चौपारण** : हजारीबाग के उपायुक्त सह जिला परिषद उप विकास आयुक्त डीडीसी ने शनिवार को प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम कठम्बा में आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, पंचायत की मुखिया मंजू देवी, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रूडसेट संस्थान में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम एवं मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण समारोह का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान में दिनांक 27 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेन ब्राइक तथा प्रख्यात समाजसेवी बुधराम महतो उपस्थित रहे। इसके अलावा राज्य के विभिन्न प्रखंड और ग्रामीण क्षेत्र से आए 25 प्रशिक्षु एवं स्थानीय बुद्धिजीवी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। रूडसेटी संस्थान के निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि ₹स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की समग्र प्रगति का आधार है। स्वच्छता अभियान से जहाँ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ कम होंगी, वहीं मशरूम उत्पादन जैसे प्रशिक्षण से युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।₹ उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक, बाजार तक पहुँच, और उद्यम प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जितेन ब्राइक ने कहा कि स्वच्छता और आत्मनिर्भरता एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। यदि गाँव-गाँव साफ-सुथरा और जागरूक होगा तो वहाँ के लोग आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे मशरूम उत्पादन को आजीविका का साधन बनाकर न केवल स्वयं को सशक्त बनाएं, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनें। वहीं समाजसेवी बुधराम महतो ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वरोजगार ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को आगे बढ़कर अन्य लोगों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में नवरात्रि की धूम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : पटेल नगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल स्कूल में नवरात्रि के शुभ अवसर पर रंगारंग संगीत और भक्ति से सराबोर रहा नवरात्रि उत्सव परंपरा रचनात्मक और उत्सव की उमंग का सुंदर संगम के रूप में पेश हुआ नवरात्रि के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर स्कूल के नन्हे मुन्ने सितारों के द्वारा गरबा नृत्य और भजन प्रस्तुत से सभी को मंत्रमु कर दिया इसके साथ-साथ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मां के नौ रूपों की प्रस्तुति रही मां दुर्गा के नौ रूपों मे सच का पूजा अर्चना की गई नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और संस्कृति से उत्प्रोत पर्व का विशेष आयोजन किया गया ऐसा प्रतीत हो रहा था मानव नौ रूपों में तैयार होकर माता स्वयं अवतरित रूप में पधारे हैं कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने सितारों ने शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चंद्रघंटा कूष्मांडा स्कंदमाता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप धारण किया और विद्यालय परिसर जय माता दी के जय घोष से गुंजन हो उठा सभी नौ कन्याओं का पूजा अर्चन के बाद दुर्गा का संक्षिप्त परिचय भी दिया गया मां दुर्गा व महिषासुर के युद्ध महिषासुर का वध को बच्चों द्वारा बखूबी दशार्या गया शिक्षकों ने भी डांडिया नृत्य में भाग लिया नन्हे मुन्ने सितारों ने मां दुर्गा महिषासुर रावण लक्ष्मण मां सीता राजा दशरथ वाल्मीकि बजरंगबली मां लक्ष्मी मां दुर्गा का रूप धारण कर अपनी और ध्यान आकर्षित किया और ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सभी देवी देवताओं का समागम बच्चों के मन और भावनाओं से देखने को मिल रहा था उनके चेहरे की हंसी उनके भाव मंत्र मुक्त कर रहे थे सभी ने एक से बढ़कर एक गाने पर डांडिया का प्रदर्शन किया इसके साथ-साथ राम विवाह स्वयंवर धनुष तोड़कर किया गया इसके साथ-साथ मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर रंगमंच के माध्यम से शानदार प्रस्तुति की गई। और बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गई। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने पर्व के महत्व की जानकारी दें और कहां के अधर्म का धर्म पर और सच्चाई के पथ पर चलने के लिए कहा संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा की दुर्गा पूजा शक्ति की आराधना है शक्ति सत्य की शक्ति संयम की और शक्ति परोपकार की है उन्होंने कहा कि असुर की शक्तिशाली और मैं मायावी थे तथा दिव्या वरदानों से परफ्यूम थे लेकिन धर्म के मार्ग पर उनके सारी शक्ति छिन्न-भिन्न हो गई।

## "स्वच्छता ही सेवा अभियान"के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा, रांची में शनिवार "स्वच्छता ही सेवा" एवं स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें बैनर-पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता शामिल थे। साथ ही छात्रों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने इस अभियान के माध्यम से यह संकल्प लिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि एक सतत आदत बननी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि– स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। हम सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ।

## पतरातू में दुर्गा पूजा के मद्देनजर फ्लैग मार्च आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : जिले के पतरातू अनुमंडल क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर करीब दो दर्जन जगहों पर पूजा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और पूजा का पंडाल अंतिम रूप ले रहा है। ऐसे में पतरातू अनुमंडल के पतरातु थाना, भदानी नगर ओपी, भुरकुंडा ओपी तथा बड़का काना ओपी क्षेत्र में आज पतरातू अनुमंडल के प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के ममद्देनजर एक फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए सोशल मीडिया पर भी मुस्तैदी से निगरानी किया जा सके। महिला तथा पुरुष पुलिस बलों ने दुर्गा पूजा पंडाल के सामने से फ्लैग मार्च को गुजारा ताकि क्षेत्र के असामाजिक तत्व पूजा के दौरान किसी तरह की कोई गलत हरकत ना कर सके। इसे लेकर प्रशिक्षु आईपीएस सह पतरातू अनुमंडल प्रभारी गौरव गोस्वामी ने दूरदर्शन से बात करते हुए बताया कि पूजा के दौरान पुलिस की पैनी नजर हर असमाजिक तत्वों पर बनी रहेगी, सोशल मीडिया के ग्रुपों पर हमारी नजर विशेष रहेगी और नियम भंग करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मांझी बाबा समुदाय की हुई बैठकः कुर्मी समाज की मांगों के विरोध में 7 अक्टूबर को विशाल जुलूस का ऐलान



**सरिया** : शनिवार दोपहर 2:00 बजे सरिया स्टेडियम में मांझी बाबा समुदाय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम जी मुर्मू ने की, जबकि संचालन बालेश्वर मरांडी ने किया। इस बैठक में समुदाय के लोगों ने कुर्मी समाज द्वारा की जा रही मांगों के खिलाफ एकजुटता दिखाई। अपने अध्यक्षीय भाषण में राम जी मुर्मू ने कहा कि आगामी 7 अक्टूबर को सरिया में कुर्मी समाज के अनुसूचित जनजाति दर्जे की मांग के विरोध में एक विशाल जुलूस का आयोजन किया जाएगा। इस जुलूस में बगोदर, सरिया और बिरनी के तमाम गांवों से मांझी बाबा समुदाय के लोग शामिल होंगे। जुलूस सरिया बाजार में भ्रमण कर अंचल कार्यालय तक पहुंचेगा, जहां अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा और उसके बाद जुलूस का समापन होगा। बैठक में मौजूद लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया और समुदाय की एकता पर जोर दिया। मौके पर बुधन सोरेन, महेंद्र मांझी, भादो मांझी, सुरेंद्र मरांडी, बालेश्वर मरांडी, बाबूलाल मरांडी, उपेंद्र मरांडी, नेहरू लाल मांझी, महादेव मांझी, भरत मरांडी, ननकु मरांडी, दशरथ सोरेन, सुनील मरांडी, सुरेंद्र मांझी, दिनेश टुडू, लाल बेसरा, कामेश्वर मांझी, सुजीत सोरेन, तुलसी देवी, विष्णु देवी, सोमवारी देवी, रानी मौसमात, चरकी देवी, सुखदेव मरांडी, रामेश्वर मुर्मू, नुनु लाल सोरेन, हरिलाल मांझी समेत दर्जनों मांझी बाबा समुदाय के लोग उपस्थित थे।


### दो सड़क हादसों का सैलाबः फूलचंद मंडल की मौत, बद्री पांडे गंभीर रूप से घायल



**सरिया** : गिरिडीह जिले के सरिया में शनिवार की देर शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी। इन हादसों में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर चोटें लगीं। स्थानीय पुलिस ने दोनों मामलों में वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना सरिया-बगोदर रोड के पोखरियाडीह के नजदीक घटी, जहां 65 वर्षीय फूलचंद मंडल सड़क पर पैदल चल रहे थे। अचानक सामने से आ रहे एक लोडेड ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे इतना जोरदार था कि फूलचंद मंडल को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर ट्रक चालक को पकड़ लिया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सरिया पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बगोदर ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी दुर्घटना सरिया-राजधनवार रोड के नावाडीह बस्ती के पास हुई। यहां टाइल्स से लदा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और 60 वर्षीय बद्री पांडे को तेज धक्का मार दिया। हादसे में बद्री बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है।


**झारखण्ड सरकार**
**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।**

**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता नाबालिक लडकी कविता कुमारी, उम्र–16 वर्ष, पिता– प्रकाश रौतिया, सा0– रामपुर महुआटोली,, थाना–चैनपुर, जिला– गुमला,(झारखण्ड) को दिल्ली में काम दिलाने के बहाने वर्श 2022 में बेच देने के आरोप में कांड दर्ज कराया गया इस संबंध में अहतु थाना कांड सं0–06/23 दिनांक 12.10.2023 दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा हैं। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त पीड़िता कविता कुमारी उम्र 16 वर्ष, के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है। इस लापता लड़की के संबंध में अगर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी/ पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

1.पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2.पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3.अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4.थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

पुलिस अधीक्षक,
गुमला।

PR 363153 (Police) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 13/2025-26

1.विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.10.2025 एवं 07.10.2025 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक।
3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 08.10.2025 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4.निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 08.10.2025 को 03.30 बजे अपराहन में।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6.निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7.निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8.कार्य मद :–CSR मद
9.कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | डुमरी | Renovation and Development of Model Anganwadi Center at- Village- Nawgai, Panchayat- Aakasi, Block- Dumri, Gumla | 1052300.00 | 21000.00 | 2500.00 | 03 माह | III | 3rd Call |
| 2 | डुमरी | Renovation and Development of Model Anganwadi Center at- Village- Karamdon, Panchayat- Karni, Block- Dumri, Gumla | 1986200.00 | 40000.00 | 5000.00 | 03 माह | III | |
| 3 | डुमरी | Renovation and Development of Model Anganwadi Center at- Village- Sirsi, Panchayat- Aakasi, Block- Dumri, Gumla | 1891000.00 | 38000.00 | 5000.00 | 03 माह | III | |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR 363111 NREP(25-26).D

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल: राष्ट्र निर्माण की कठिन यात्रा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी 100वीं वर्षगांठ को उत्सव के बजाय आत्मनिरीक्षण और पुनः समर्पण के अवसर के रूप में देखता है। यह उन दूरदर्शी कार्यकर्ता और स्वयंसेवकों के प्रयासों को मान्यता देने का भी अवसर है जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से इस मार्ग पर कदम रखा है। 100 वर्ष पूरे होने पर, संघ भारत के लिए पहले से कहीं अधिक आवश्यक और महत्वपूर्ण है।

शुरूआत में, संघ के पास कुछ भी नहीं था। उसके विचारों या प्रचार के साधनों को कोई मान्यता नहीं थी। समाज में उपेक्षा और विरोध के अलावा कुछ नहीं था, यहाँ तक कि कार्यकर्ता भी बहुत कम थे। हालाँकि, राष्ट्र के विभाजन और संघ प्रतिबंध के दौरान हिंदू समाज और राष्ट्र की रक्षा की कठिनाइयों के बावजूद, संघ दृढ़ रहा और एक लचीली शक्ति के रूप में उभरा। 1950 तक यह स्पष्ट हो गया था कि संघ का कार्य जारी रहेगा और बढ़ेगा तथा हिंदू समाज को सामंजस्य और जुड़ाव के माध्यम से संगठित किया जा सकता है। बाद में, संघ कार्य पहले से भी अधिक विस्तृत हो गया। 1975 के आपातकाल के दौरान, लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में संघ की लाभकारी भूमिका ने समाज को राष्ट्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का मूल्य पहचाना। बाद में, एकात्मता रथ यात्रा, कश्मीर-संबंधी जागरण, श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन और विवेकानंद की 150वीं जयंती जैसे सहभागी आंदोलनों के साथ-साथ सेवा गतिविधियों के व्यापक विस्तार के माध्यम से, संघ की विचारधारा और संघ के प्रति विश्वसनीयता की भावना पूरे समाज में तेजी से फैली। संस्थापक, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, जिन्हें डॉक्टर जी के नाम से जाना जाता था, का मानना था कि केवल राजनीतिक सक्रियता से मूल समस्याओं का समाधान नहीं होगा। परिणामस्वरूप, उन्होंने व्यक्तियों को राष्ट्र के लिए जीने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर प्रयासों की रणनीति विकसित करने का संकल्प लिया। इस कल्पनाशील सोच ने शाखा तकनीक के विकास को जन्म दिया। डॉ. हेडगेवार ने समाज के भीतर एक संगठन बनाने के बजाय, पूरे समाज को संगठित करने के लिए एक प्रशिक्षण प्रणाली तैयार की। 100 वर्षों के बाद भी हजारों युवा डॉ. हेडगेवार जी के पदचिन्हों पर चलते हुए, राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने के लिए तत्पर हैं। समाज में संघ की स्वीकार्यता और आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं। ये डॉक्टरजी के दृष्टिकोण के प्रति समर्थन के संकेत मात्र हैं। 1940 में एम.एस. गोलवलकर, जिन्हें गुरुजी के नाम से जाना जाता है, आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक बने। उन्होंने अगले 33 वर्षों तक अग्रणी भूमिका निभाई और एक साधारण संगठन को अखिल भारतीय संघठन में बदल दिया। उनके नेतृत्व में, आरएसएस ने अपने अधिकांश संबद्ध संगठनों की स्थापना की और जीवन के सभी क्षेत्रों तक अपनी पहुँच का विस्तार किया। भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, एबीवीपी, भारतीय जनसंघ और कई अन्य।

आरएसएस पर पिछली शताब्दी में तीन बार प्रतिबंध लगाया गया है: 1948, 1975 और 1992 में। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद, 1975 में आपातकाल के दौरान और 1992 में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर विवादित बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। तीनों ही बार, प्रतिबंध कुछ ही समय में हटा लिया गया और यह और भी मजबूत होकर उभरा। आरएसएस एकमात्र ऐसा संगठन है जो शत्रुतापूर्ण सरकार और मीडिया के बावजूद जीवित रहा और विकसित हुआ। कोई भी सरकार, अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद, किसी भी न्यायालय में आरएसएस को दोषी नहीं ठहरा सकी। संघ को प्रतिबंधों और घृणा का सामना करना पड़ा, फिर भी यह जीवित रहा और फलता-फूलता रहा क्योंकि यह महत्वाकांक्षा पर नहीं, बल्कि सत्य और सेवा पर आधारित है।

## सूडोकु नवताल- 7566

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7565 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

# कात्यायनी माता की आराधना जन कल्याण की ओर प्रेरित करती है

विजय केसरी

देवी पुराण के अनुसार कात्यानी माता की आराधना जनकल्याण की और प्रेरित करती हैं। इनका अवतरण अन्याय के अंत और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। आज की बदली सामाजिक परिदृश्य में जहां लोग अपने ही परिवार के बीच सिमटते चले जा रहे हैं । इसलिए इनकी आराधना बहुत ही जरूरी हो गई है । कात्यायनी माता की आराधना से मन खुद ब खुद समाज सेवा और जनकल्याण की ओर उमड़ पड़ता है। माता की भक्ति का तात्पर्य यह है कि अपने से निर्धन और जरूरतमंद लोगों की जो भी मदद संभव हो सके, करनी चाहिए। नवरात्र का वास्तविक मायने जनकल्याण ही है। माता कात्यानी सिर्फ एक भक्त ऋषि कात्यान के आमंत्रण पर उनके घर में बेटी के रूप में जन्म लेकर ऋषि मुनियों पर कर रहे अत्याचारियों का नाश कर ही विदा ली थी।

शारदीय नवरात्र के छठे दिन माता कात्यानी की उपासना का विधान है। मां कात्यानी की भक्ति से बड़ी ही सरलता से अर्थ,धर्म,काम, मोक्ष जैसे चारों दुर्लभ फलों की प्राप्ति हो जाती है। माता कात्यानी दयालु और कृपालु देवी के रूप में सुविख्यात हैं।

माता कात्यायनी सदा अपने भक्तों के कल्याण के लिए अग्रसर रहती हैं । माता के इस स्वरूप के दर्शन से मनुष्य के समस्त रोग और कष्ट दूर हो जाते हैं। शारदीय नवरात्र के छठे दिन साधकों को माता के इसी स्वरूप की उपासना करनी चाहिए। माता कात्यानी की




उपासना से मनुष्य इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है ।? उसके समस्त, रोग, शोक, भय, संताप आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं । इनके साधक माता की कृपा प्राप्त कर जन्म - जन्मांतर के पापों से मुक्त हो जाते हैं। साधकों के लिए मां की उपासना से अधिक सुगम और सरल दूसरा कोई मार्ग नहीं है। इनके उपासक निरंतर माता कात्यायनी के सानिध्य में रहकर परम पद के अधिकारी बन जाते हैं। हम सबों को मन, कर्म और वचन तीनों से शरणागत होकर माता कात्यायनी की पूजा व उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए।

आदि शक्ति स्वरूपा दुर्गा माता इतनी दयालु और कृपालु हैं कि भक्तों के लिए स्वयं का नाम भी भक्त के नाम पर कर देने में तनिक भी संकोच नहीं करती हैं । उन्होंने अपना नाम ऋषि कात्यायन को अर्पित कर दिया था। तब से माता कात्यायनी के नाम से जानी जाने लगी थी। एक कथा के अनुसार कत नाम के एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए । इन्हीं के कात्य गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। ऋषि कात्यायन भगवती परामंबा के बड़े भक्त थे।? उन्होंने भगवती परामंबा की बहुत ही सघन उपासना की थी। कात्यायन की इस कठिन और सघन तपस्या से प्रसन्न होकर माता परामंबा ने उन्हें दर्शन दिया । ऋषि का कात्यायन, माता परामंबा का दर्शन प्राप्त कर अभिभूत हो गए थे । माता ने उनसे उनकी इच्छा पूछी। तब ऋषि कात्यायन ने कहा कि 'माता आप मेरे यहां पुत्री रूप में जन्म लें। माता उनकी यह इच्छा सुनकर बहुत ही प्रसन्न मन से तथास्तु का आस्था आशीर्वाद अंतर्ध्यान हो गईं।

कुछ काल पश्चात अश्विन कृष्ण चतुर्दशी के दिन माता, ऋषि कात्यायन के यहां पुत्री रूप में जन्म लेकर उनकी इच्छा को पूरी की थी। तब से माता कात्यायनी के नाम से जानी जाने लगी। माता शुक्ल सप्तमी,अष्टमी और नवमी तीन दिनों तक ऋषि कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दसवीं के दिन महिषासुर नामक बलशाली राक्षस का नाश की थी। इसके साथ ही हमारे धर्म ग्रंथो में एक कथा का और भी उल्लेख मिलता है। इस कथा के अनुसार जब पृथ्वी पर महिषासुर जैसे बलशाली राक्षस का अत्याचार बहुत बढ़ गया था । महिषासुर के अत्याचार से ऋषि - मुनि त्राहिमाम - त्राहिमाम कर रहे थे । महिषासुर के आतंक से धरती हिल सी गई थी। महिषासुर खुद को ईश्वर समझना शुरू कर दिया था। पृथ्वी पर महिषासुर के आतंक से मुक्ति के लिए ऋषि मुनियों ने त्रिदेव की उपासना की थी। तब ब्रह्मा,विष्णु, महेश ने अपने-अपने अंश से माता दुर्गा को उत्पन्न किया किया था। सर्वप्रथम ऋषि कात्यायन ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अंश से उत्पन्न हुई माता दुर्गा की उपासना की थी। इसलिए माता कात्यायनी के नाम से जानी जाने लगी। माता दुर्गा, ऋषि कात्यायन की पूजा स्वीकार करने के पश्चात ही महिषासुर नामक राक्षस का नाश की थी।

इस कथा के माध्यम से भक्तों को यह समझना चाहिए कि मां अपने भक्तों के लिए खुद का नाम भक्त के नाम से रखकर मां और बेटे की दूरी को सदा सदा के लिए मिटा दी थी। जगत के सारे प्राणी जीव जंतु मां के पुत्र के ही समान है। इसलिए हर भक्त को अपनी अपनी मां पर विशेष रूप से ख्याल रखना की चाहिए । मां है, तभी बेटे का अस्तित्व है । मां के बिना बेटे का अस्तित्व हो नहीं सकता। किसी भी परिस्थिति में मां का अपमान तिरस्कार नहीं किया जाना चाहिए । यह एक बड़ा पाप होगा। जिसे माता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती है। माता ऐसे पापियों को जरूर दंड देती हैं। महिषासुर नामक राक्षस भी एक मां का ही पुत्र था । लेकिन उन्होंने थोड़ी सी शक्ति प्राप्त कर स्वयं को ही ईश्वर समझने की बड़ी भूल कर बैठा था। उसका हश्र क्या हुआ? महिषासुर को उसके पापों की सजा माता के हाथों से ही मिली थी।

एक कथा के अनुसार द्वापर में भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने माता कात्यानी की पूजा कालिंदी यमुना तट पर की थी। माता कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत ही भव्य और दिव्य है । इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। कात्यायनी माता जी दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है । इनका वाहन सिंह है।

भक्तों को चाहिए कि माता कात्यायनी के समक्ष स्वयं से जो भी पाप कर्म हुए हैं, उसे भी मां के समक्ष कह देना चाहिए । भक्त को मां से यह भी याचना करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसे पाप से न हों,मां ऐसा आशीर्वाद दें। माता की कृपा सद उस बनी रहे, आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।? अगर भक्त खुले हृदय से अपनी बातों को मां के समक्ष रखते हैं, तब कृपालु और दयालु माता उनकी हर एक बातों को बड़े ही तन्मयता के साथ सुनती हैं । माता उनकी समस्त मनोकामनाएं भी पूर्ण करती हैं।

शारदीय नवरात्र के छठे दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है । इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माता कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्म दान करने वाले ऐसे भक्त को सहज भाव से माता कात्यानी के दर्शन प्राप्त होते हैं। ऐसे भक्त इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाते हैं। यहां जो आत्म दान की बात आई है, उसका अर्थ यह है कि स्वयं को पूरी तरह मां के श्री चरणों में अर्पित कर देना। इसके लिए साधक को मनसा, कर्मणा और वाचा तीनों से निर्मल होना बहुत जरूरी है। ऐसी भक्ति, शक्ति व ऊर्जा सभी साधकों में निहित है। बस जरूरत है, स्वयं के अंदर विद्यमान ऐसी भक्ति, ऊर्जा और शक्ति को जागृत करने की। जिस पल स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार हो जाएगा, तब समझ लीजिए, मां के श्री चरणों में आत्मदान हो गया है। स्वामी विवेकानंद के गुरु संत परमहंस ने मां का दर्शन किया था। यह दर्शन क्या था? स्वयं के अंदर विद्यमान ईश्वर से स्वयं का दर्शन हो जाना।

# आई लव मोहम्मद की हकीकत और साजिशों का सच

अजय कुमार

इस्लाम धर्म में बुतपरस्ती यानी मूर्तिपूजा को कड़ाई से हराम घोषित किया गया है। पैगम्बर साहब की किसी तस्वीर, चित्र या मूर्ति बनाने पर हमेशा से पाबंदी रही है, क्योंकि इस्लाम का मूल संदेश एक ईश्वर की इबादत पर आधारित है, न कि किसी प्रतिमा या चित्र की पूजा पर। लेकिन इन दिनों उत्तर प्रदेश में नए तरह का चलन देखने को मिल रहा है, जिसमें जगह-जगह आई लव मोहम्मद लिखे बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे हैं।मोहम्मद साहब के नाम पर समाज का माहौल खराब करने सहित दंगा फैलाया जा रहा है।

सवाल यह है कि जब पैगम्बर की तस्वीर तक बनाना मना है, तब क्या इस तरह के भावनात्मक नारे लगाकर धार्मिक और राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिशें जायज मानी जा सकती हैं? पैगम्बर मोहम्मद साहब ने अपने जीवनकाल में तौहीद का संदेश दिया था। उन्होंने हर तरह की बुतपरस्ती और चित्र या मूर्ति पूजा का खंडन किया। लेकिन आई लव मोहम्मद जैसी कार्यवाहियाँ इस्लाम की उसी मूल भावना से टकराती नजर आती हैं। यहाँ सवाल यह नहीं कि मोहम्मद साहब के प्रति प्रेम या आदर किया जा रहा है, बल्कि यह है कि उस प्रेम को किस रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। इस्लाम में अपने पैगम्बर से मोहब्बत दिखाने का तरीका उनके बताए मार्ग पर चलना और अमल करना है, न कि नारेबाजी और पोस्टरों से हंगामा खड़ा करना। कानपुर से आई लव मोहम्मद के पोस्टर से जो चिंगारी निकली थी बरेली में उसने उग्र रूप धारण कर लिया। उपद्रवियों ने जम कर हिंसा और लूटपाट की। इस अराजकता के लिये विवादित मुस्लिम मौलाना तौकीर रजा सीधे तौर पर उतरदायी है।बरेली में तौकीर रजा सहित दंगा फैलाने वालों पर कार्रवाई के बाद इस समय वहां तनावपूर्ण शांति है।

बीते कुछ महीनों से उत्तर प्रदेश के कई शहरों में आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर, दीवारों पर बने बड़े-बड़े बैनर और झंडे देखने को मिल रहे हैं। इन बैनरों को लगाने का नाम भले ही धार्मिक प्रेम दिखाना बताया जा रहा हो, लेकिन जानकारों का मानना है कि इसके पीछे गहरी राजनीतिक नीयत छिपी हुई है। यह सिर्फ साधारण नारा नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है जिसमें धार्मिक भावनाओं को भड़काकर समाज में तनाव पैदा किया जा रहा है। इन बैनरों का उद्देश्य केवल अपने समुदाय में धार्मिक जोश जगाना नहीं, बल्कि दूसरे धर्मों के लोगों को उकसाना भी है। सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाने वाले ये पोस्टर जब किसी अन्य संप्रदाय के इलाके में लगाए जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से टकराव की स्थिति बनती है। उत्तर प्रदेश के कई कस्बों और शहरों में यही देखने को मिला। मोहल्लों में एक वर्ग जब आई लव मोहम्मद के झंडे या बैनर लेकर निकलता है, तो दूसरा वर्ग इसे उकसावे की कार्रवाई मानता है। धीरे-धीरे माहौल गरमाने लगता है और छोटे-छोटे विवाद बड़े दंगों में बदल जाते हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लंबे समय से धार्मिक तनावों को लेकर चुनौती झेल रही है। प्रशासन अक्सर नारे लगाने और पोस्टर चिपकाने वालों के खिलाफ सख्ती नहीं दिखाता, क्योंकि इसे धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला बना दिया जाता है। लेकिन सवाल ये उठता है कि जब इस्लामी शिक्षाओं में चित्र और मूर्ति जैसी चीजों का कोई स्थान नहीं है, तो फिर इन पोस्टरों को धार्मिक स्वतंत्रता कैसे माना जा सकता है? यह स्पष्ट है कि प्रशासन की शिथिलता के कारण ही ये साजिशें परवान चढ़ रही हैं। धार्मिक नारों और बैनरों का दूसरा बड़ा पहलू राजनीति से जुड़ा हुआ है। हर चुनावी मौसम में समुदाय विशेष की भावनाओं को भड़काकर वोट पाना एक आम चलन बन चुका है। आई लव मोहम्मद आंदोलन भी यही खेल लगता है। आम लोगों की आस्था को हथियार बनाकर न केवल वातावरण दूषित किया जा रहा है, बल्कि दंगे-फसादों का डर दिखाकर राजनैतिक गोलबंदी भी की जा रही है। इन घटनाओं के कारण समाज के आम नागरिक लगातार दहशत में जी रहे हैं। जिन इलाकों में पोस्टर लगाए जाते हैं, वहां तनाव फैल जाता है। दुकानें जल्दी बंद हो जाती हैं, दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और छोटे-छोटे बच्चों तक के मन में डर बैठ जाता है। बड़ों के दिमाग में यह सवाल गूंजता है कि यह प्यार दिखाने का तरीका है या दंगे भड़काने की चाल?

वहीं कई मुस्लिम विद्वानों ने खुलकर कहा है कि इस तरह के नारे और बैनर इस्लामी शिक्षा के खिलाफ हैं। पैगम्बर मोहम्मद साहब से असली प्रेम उनका आदर्श जीवन अपनाने में है, न कि झंडे और पोस्टर लहराने में। लेकिन यही धार्मिक संदेश जब तक आम जनता तक सही रूप में नहीं पहुंचेगा, तब तक ये साजिशें जारी रहेंगी। भारत का इतिहास धार्मिक उन्माद और दंगों से भरा पड़ा है। छोटी-सी चिंगारी बड़े विस्फोट में बदल जाती है। अंग्रेजों के जमाने से लेकर आज तक, फूट डालो और राज करो की नीति बार-बार दोहराई जाती रही है। फर्क बस इतना है कि अब राजनीति करने वाले आधुनिक तरीकों से यही काम कर रहे हैं। पोस्टर, बैनर और नारे इसी आधुनिक हथियार का हिस्सा हैं। बहरहाल,कुल मिलाकर इस्लामी विद्वानों को आम जनता को समझाना होगा कि मोहम्मद साहब के नाम का उपयोग राजनीतिक मंसूबों के लिए करना पाप है। असली अनुसरण उनके जीवन मूल्यों को अपनाने में है।किसी भी समुदाय की आस्था की आड़ लेकर शहर की शांति बिगाड़ने वालों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। धार्मिक नारेबाजी के नाम पर पोस्टर या बैनर लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। समाज के सभी वर्गों को मिलकर यह समझना होगा कि ऐसे नारों के पीछे कौन-सी अंतरात्मा काम कर रही है। जब जनता खुद इन खेलों का शिकार नहीं बनेगी, तभी शांति कायम हो पाएगी। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारीझ्राजनीति का आधार धार्मिक भावनाएँ नहीं, बल्कि विकास और न्याय होना चाहिए। इसके लिए जनता को कठोर सवाल करना आवश्यक है।

आई लव मोहम्मद जैसे नारों और पोस्टरों को देखने पर तत्कालीन भावनाएँ भले ही धार्मिक प्रेम की प्रतीक लगें, लेकिन असलियत में इनका इस्तेमाल समाज में नफरत फैलाने और दंगे भड़काने की साजिश के रूप में किया जा रहा है। जब इस्लाम खुद पैगम्बर साहब की तस्वीर तक हराम मानता है, तो ऐसे पोस्टर और नारे धर्म की सेवा नहीं बल्कि धर्म के नाम पर राजनीति करने का साधन हैं। शांति, भाईचारा और आपसी सम्मान ही असली संदेश है, जो इस्लाम समेत हर धर्म की आत्मा है। अगर उत्तर प्रदेश और देश को इन गहरी साजिशों से बचाना है, तो समाज को सत्य पहचानना होगा और उस पर एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

# संघ और स्त्रियाँ : सेविका समिति से शताब्दी तक की यात्रा

डॉ प्रियंका सौरभ

भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक महत्त्वपूर्ण संगठन के रूप में स्थापित है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संस्था मूलतः पुरुष स्वयंसेवक के लिए बनी थी। इसकी शाखाओं, अनुशासन और विचारधारा ने धीरे-धीरे भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा असर डाला। परन्तु जब हम महिलाओं की भूमिका की ओर देखते हैं, तो तस्वीर कुछ अलग मिलती है। आरएसएस के समानान्तर 1936 में जन्मी राष्ट्र सेविका समिति ने ही स्त्रियों के लिए रास्ता खोला। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तब इस यात्रा पर नजर डालना जरूरी है कि स्त्रियों की भागीदारी कहाँ से शुरू हुई और 2025 तक वह किस मुकाम तक पहुँची।

शुरूआती दौरः 1925 से 1936

संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई। यह संगठन अनुशासन, परेड, शाखा और राष्ट्रवाद पर आधारित था लेकिन इसकी संरचना पुरुष प्रधान रही। हेडगेवार स्वयं मानते थे कि स्त्रियों को अलग मंच चाहिए क्योंकि उस समय के सामाजिक परिवेश में स्त्रियों का सीधे पुरुष शाखाओं में आना सहज नहीं माना जाता था। इसी पृष्ठभूमि में 1936 में लक्ष्मीबाई केलकर ने विजयादशमी के दिन वर्धा में राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की। हेडगेवार ने भी इस पहल का स्वागत किया और सुझाव दिया कि महिलाएँ अपनी संस्था चलाएँ ताकि वे अपनी शक्ति, संस्कृति और नेतृत्व को स्वतंत्र रूप से विकसित कर सकें। इस तरह महिलाओं की भागीदारी औपचारिक रूप से शुरू हुई।

सेविका समिति की स्थापना और शुरूआती संघर्ष

1939 में पहली बार समिति ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। धीरे-धीरे अलग-अलग प्रांतों में इसकी शाखाएँ बनने लगीं। समिति का उद्देश्य केवल राष्ट्रवादी विचार फैलाना नहीं था बल्कि स्त्रियों में मातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व (मातृत्व, कर्तृत्व, नेत्रृत्व) जैसे गुणों का विकास करना भी था। इसमें शारीरिक प्रशिक्षण, योग, गीत, खेल, अनुशासन और समाज सेवा शामिल किए गए। आजादी के आंदोलन में भी समिति की महिलाओं ने परोक्ष रूप से भूमिका निभाई। परन्तु उनकी गतिविधियाँ मुख्यतः सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित रहीं।

1940 से 1970 का दशकः विस्तार की ओर

स्वतंत्रता के बाद के दशकों में समिति का नेटवर्क बढ़ा। लक्ष्मीबाई केलकर के निधन (1978) तक संगठन कई राज्यों में फैल चुका था। उनके बाद सरस्वती आपटे प्रमुख संचालिका बनीं। इस समय तक शाखाओं की संख्या हजारों में पहुँच गई थी। समिति का जोर महिला शिक्षा, संस्कार, और सेवा परियोजनाओं पर रहा। आपातकाल (1975झ्77) में समिति से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया। इस दौर ने उन्हें राजनीतिक रूप से अधिक सचेत और सक्रिय बनाया।

1980-2000: आधुनिकता और परम्परा का संगम

90 के दशक में जब भारतीय राजनीति में भाजपा और संघ परिवार का प्रभाव बढ़ने लगा तो महिलाओं की भागीदारी भी चर्चा में आने लगी। समिति ने इस समय शहरी और पेशेवर महिलाओं तक पहुँच बनाने की कोशिश की। महिला शिक्षिकाएँ, चिकित्सक और नौकरीपेशा स्त्रियाँ समिति के कार्यक्रमों से जुड़ने लगीं। 1994 में उषाताई चाटे और 2006 में प्रमिलाताई मेढे प्रखर नेतृत्व के रूप में सामने आईं। इन नेताओं ने महिला शाखाओं को आधुनिक मुद्दों- जैसे कामकाजी महिलाओं की चुनौतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार में संतुलन- से जोड़ा।

2012 से आगेः शांथक्का का नेतृत्व


2012 में वेंकट्रामा शांता कुमारी, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शांथक्का कहा जाता है, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका बनीं। उनका जन्म 1952 में हुआ और वे लंबे समय से संघ परिवार के कार्य में सक्रिय थीं। उनके नेतृत्व में समिति ने अपना विस्तार और तेज किया। आज समिति के पास चार से पाँच हजार शाखाएँ हैं, जो लगभग 800 से अधिक जिलों में फैली हुई हैं। यद्यपि सटीक आँकड़े संगठन सार्वजनिक नहीं करता, लेकिन अनुमान है कि लाखों महिलाएँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ी हुई हैं। समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, छात्रावास और महिला सशक्तिकरण परियोजनाएँ चला रही है। शहरी महानगरों में भी इसकी शाखाएँ सक्रिय हो रही हैं।

संघ और महिला प्रश्न

संघ के भीतर महिलाओं को औपचारिक सदस्यता या नेतृत्व स्थान नहीं दिया गया है। आरएसएस की शाखाएँ केवल पुरुषों के लिए ही हैं। महिलाएँ केवल समिति के माध्यम से संघ के विचारधारा संसार का हिस्सा बनती हैं। आलोचकों का कहना है कि यह व्यवस्था महिलाओं को मुख्यधारा से बाहर रखती है। वे पुरुषों के बराबर निर्णयकारी पदों पर नहीं पहुँच पातीं। परन्तु समर्थकों का मत है कि अलग संगठन होने से महिलाएँ स्वतंत्र रूप से नेतृत्व और गतिविधियाँ विकसित कर पाती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई बार कहा है कि महिलाओं की भागीदारी प्राकृतिक रूप से बढ़ रही है। परन्तु अब भी नेतृत्व संरचना में असमानता साफ दिखाई देती है।

## दैनिक पंचांग

**28 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.18 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 09.32 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.48 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.53 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.40 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 17.13 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 20.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 22.21 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कर्क | 00.35 बजे से |
| | | सिंह | 02.51 बजे से |
| | | कन्या | 05.03 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 271 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 14.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 03.55 बजे रात्र को समाप्त। **योग** आयुष्मान 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 14.28 बजे तदनन्तर गर 03.33 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 06.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 02'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872481
**जूलियन दिन** 2460946.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रबी उस्सानी
**तारीख** 05
**विशेष** कल्पारंभ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पॉलीथिन जांच अभियान, 110 किलो जब्त और जुर्माना वसूला



**साहिबगंज:** शहर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर परिषद प्रशासक के निदेर्शानुसार सिटी मैनेजर के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक, चौक बाजार, बाटा रोड, एलसी रोड सहित अन्य जगह पॉलीथिन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान में सिंगल यूज पॉलीथिन 110 किलो जब्त किया गया और 1600 रुपए जुर्माना वसूला गया। मौके पर शिव हरि, प्रिंस कुमार, हिमांशु कुमार, बिक्की कुमार हरि, पवन कुमार, कमल यादव, रवि पासवान, मनोज सिन्हा सहित पुलिस बल उपस्थित थे।

### आपसी विवाद में हुए मारपीट में दो घायल, रेफर

**साहिबगंज:** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसिंहा में आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक पुरुष और एक महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अलीमुद्दीन शेख 60 वर्ष और पड़ोसी मीना बीबी 27 वर्ष का जमीन संबंधित विवाद में कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक कलीमुद्दीन ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### दनुआ में भीषण सड़क हादसा दो ट्रक भिड़े आग की लपटों में जलकर हुआ खाक



**चौपारण :** दनुआ घाटी में बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। देर रात करीब 3 बजे कोलकाता से गाजीपुर (यूपी) जा रहे दो भारी मालवाहक कंटेनर ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक (एचआर69डी-9834) की डीजल टंकी फट गई और देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। आग ने दूसरे ट्रक (यूपी 21डीटी-4551) को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दमकल विभाग को बुलाया। कई दमकल गाड़ियों की घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दोनों ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में किसी की जान नहीं गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों वाहनों के चालक व खलासी समय रहते बाहर निकल आए थे। हादसे के कारण कुछ समय के लिए जीटी रोड (नेशनल हाईवे-2) पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात ठप हो गया। फिलहाल जले हुए ट्रकों को हटाने और सड़क को पूरी तरह चालू करने का काम जारी है। हादसे ने एक बार फिर दनुआ घाटी की खतरनाक ढलानों और ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मॉडल कॉलेज में हिंदी दिवस पखवाड़ा मां मातृभूमि हिंदी विषय पर विमर्श गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल में हिंदी-विश्व भाषा की ओर अग्रसित विषय पर एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में साहिबगंज कॉलेज के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक सह शिक्षा संस्कृति उत्थान न्याय झारखंड प्रांत के शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ. जय शंकर उपस्थित रहे।अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने हिंदी भाषा की महत्ता और उसकी भारतीयता पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. जय शंकर ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और अस्मिता की आत्मा है। उन्होंने बताया कि आज विश्व के लगभग प्रत्येक राष्ट्र में हिंदी के बोलने वालों की संख्या बढ़ रही है। अनेक देशों के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का अध्ययन और अध्यापन, शोध तेजी से प्रचलित हो रहा है। अधिकांश पाठ्यक्रमों में अब हिंदी भाषा का समावेश किया जा रहा है,जिससे यह स्पष्ट होता है कि हिंदी वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हिंदी जन की भाषा है, जो सरल, सहज और संवाद की दृष्टि से अत्यंत सशक्त है। यह भाषा हमें भारतीय होने का एहसास दिलाती है और सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का सूत्र भी है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने हिंदी को आम जन की भाषा बताते हुए सभी से आग्रह किया कि वे हिंदी को अपने दैनिक जीवन में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता और सहजता है। इसी कारण यह समाज के हर वर्ग में स्वीकार्य है। उन्होंने हिंदी को आत्मसम्मान और गौरव की भाषा बताते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्कृति ज्ञान परीक्षा गायत्री शक्ति पीठ के कल्याण श्रीवास्तव ने भी छात्रों को संबोधित किया। संगोष्ठी में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. रमजान अली, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अभिमन्यु कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षण-गैरशिक्षण कर्मचारी शामिल हुए। पूरे आयोजन में छात्रों की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने हिंदी विषय पर अपनी जिज्ञासाएँ और विचार साझा किए।

## जेएसएलपीएस के तहत एजीईवाई योजना में 4 गाड़ियां लाभुकों को सौंपी गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत आज साहिबगंज जिले में 4 गाड़ियों की चाबियाँ चयनित लाभुकों को सौंपी गईं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, साहिबगंज ने हरी झंडी दिखाकर सभी गाड़ियों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि एजीईवाई योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुविधा को सुदृढ़ करना और ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से लाभुक परिवार स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। आज जिन लाभुकों को वाहन उपलब्ध कराए गए, उनमें शामिल हैं -हुस्सनारा बीबी, तालझारी - बोलेरो नियो-10, रूबी देवी, साहिबगंज झ टाटा पिकअप, सुषमा देवी, साहिबगंज झ महिंद्रा पिकअप, रीना देवी, तालझारी - बजाज सीएनजी, कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि जेएसएलपीएस की यह पहल न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध करा रही है, बल्कि महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार का अवसर भी सृजित कर रही है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, जेएसएलपीएस टीम के सदस्य, चयनित लाभुक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, नारी सशक्तिकरण और संस्कृति का प्रतीक है : प्राचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** एह्ला एंगलाइज विद्यालय में नवरात्रि का पर्व इस वर्ष पूरे उत्साह, उमंग और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंगीन पताकाओं, फूलों की मालाओं, रंगोलियों और विद्यार्थियों की रचनात्मक सजावटों से सजाया गया था, जिससे चारों ओर एक पावन और उल्लासपूर्ण वातावरण बन गया। उत्सव की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्य विजयंत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन और माँ दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से माँ दुर्गा की पूजा की गई। सभी ने मिलकर श्रद्धा भाव से माँ दुर्गा की आरती गाई। भक्तिपूर्ण आरती के दौरान पूरा वातावरण माँ के जयकारों से गूंज उठा। माता रानी की आरती में विद्यार्थियों ने तालियों की गूंज के साथ भाग लिया, जिससे समस्त वातावरण में एक दिव्यता का संचार हो गया। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रंग-बिरंगे परिधान पहनकर गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने दुर्गा स्तुति, भजन, कविता पाठ और नाटक जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा नवदुर्गा के नौ स्वरूपों का सजीव चित्रण। कक्षा 1 से लेकर 12 तक की छात्राओं ने क्रमशः माँ शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप धारण किए। यह कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और भक्तिपूर्ण हिस्सा रहा । हर एक रूप को न केवल पारंपरिक पोशाकों और साज-सज्जा के साथ प्रस्तुत किया गया, बल्कि छात्राओं ने उन रूपों की विशेषताएं, शक्तियाँ और उनके महत्व को भी मंच पर बोलकर समझाया।

## श्रद्धालुओं ने दुर्गा मां के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शारदीय नवरात्री के छठे दिन शनिवार को दुर्गा मां के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना पाठ पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोचारण के साथ शहर के गोराबाड़ी हटिया दुर्गा मंदिर, कृष्णा नगर बड़ी दुर्गा मंदिर, झरना कॉलोनी दुर्गा मंदिर, पुलिस लाइन दुर्गा मंदिर, साक्षरता चौक दुर्गा मंदिर, पुरानी साहिबगंज ठाकुरबाड़ी मंदिर, नया टोला दुर्गा मंदिर, सकरूगढ़ दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर, दहला दुर्गा मंदिर, तलबन्ना दुर्गा मंदिर, तुरी टोला माघी पूणीर्मा काली मंदिर सहित शहर व जिला के दुर्गा मंदिरो व घरों में भक्तों व पुरोहित ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप की पूजा अर्चना की। गोराबाड़ी हटिया दुर्गा मंदिर में नवरात्री के छठे दिन दुर्गा मां के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। मां स्कंदमाता का स्वरूप मातृत्व और करुणा का प्रतीक है। अपने पुत्र स्कंद कार्तिकेय के साथ मां स्कंदमाता संतान सुख, माता-पिता का आशीर्वाद और परिवार में सौहार्द प्रदान करती हैं। इस नवरात्री में तिथि वृद्धि के कारण दुर्गा मां के चतुर्थ स्वरूप की पूजा दो दिन हुई। आज जिला भर में षष्ठी पूजन किया जाएगा। जिसमें दुर्गा मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी और शाम में बेलभरनी निमंत्रण दिया जाएगा। वही आज देर रात मां दुर्गा पूजा पंडाल में विराजमान होगी। कल से भक्तों के लिए देवी दुर्गा का पट खुल जाएगा। दूसरी ओर पूजा समिति सदस्य पूजा मेला की तैयारी में जुटे हुए है, कारीगर पंडाल, साज सज्जा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वही मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का अब होगा त्वरित निष्पादन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा आयोजित जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन को ध्यान में रखते हुए आज जिले के सभी विभागों के लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को ASAL Portal के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता, पाकुड़, जन शिकायत कोषांग के नोडल अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) तथा जन शिकायत कोषांग की टीम उपस्थित रहे। एप आधारित इस प्रणाली के माध्यम से विभागीय स्तर पर शिकायतों का त्वरित समन्वय स्थापित किया जा सकेगा। साथ ही लंबित मामलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने में भी यह पोर्टल अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ₹जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक शिकायत हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ASAL Portal के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इस एप से विभागीय समन्वय और मॉनिटरिंग में गति आएगी, जिससे आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

# गंगा में जलीय प्रजातियों के लिए खतरा पैदा कर रहे प्लास्टिक, शोध में हुआ खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के गंगा के डूब क्षेत्र में सबसे अधिक प्रदूषण देखा गया, जहां प्रति वर्ग मीटर घनत्व 6.95 था, जो नदी तट रेखाओं की तुलना में लगभग 28 गुना अधिक था, जहां प्रति वर्ग मीटर घनत्व 0.25 था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट का स्तर समान था। उच्च और निम्न जनसंख्या घनत्व वाले स्थानों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं देखा गया। गंगा नदी के उच्च जैव विविधता वाले क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण में सर्वाधिक मात्रा पैकेजिंग अपशिष्ट की है। एक नये अध्ययन में यह बात सामने आयी है। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में कई संकटग्रस्त प्रजातियों का आवास है।

**साहिबगंज के लाल बथानी और राधानगर में हुआ रिसर्च**

झारखंड में साहिबगंज जिले के लाल बथानी और राधानगर के बीच के खंड का चयन इसलिए किया गया, क्योंकि इसमें 34 किलोमीटर का उच्च जैव विविधता वाला क्षेत्र शामिल है, जो गंगा डॉल्फिन और ह्यस्मूथ कोटेड ओटर्स जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आश्रय स्थल है। 76 किमी क्षेत्र में 37739 मलबे के टुकड़ों का हुआ दस्तावेजीकरण भारतीय वन्यजीव संस्थान के शोधकताओं द्वारा सस्टेनेबिलिटी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में गंगा के 76 किलोमीटर क्षेत्र में 37,730 मलबे के टुकड़ों का दस्तावेजीकरण किया गया। कुल अपशिष्ट में पैकेजिंग अपशिष्ट का हिस्सा 52.4 प्रतिशत था, जिसमें खाद्य पदार्थों के रैपर, एकल-उपयोग पाउच और प्लास्टिक की थैलियां शामिल थीं। अपशिष्ट में 23.2 प्रतिशत प्लास्टिक के टुकड़े प्लास्टिक के टुकड़े 23.3 प्रतिशत के साथ, सर्वाधिक मात्रा में पाया गया दूसरा अपशिष्ट था। इसके बाद तंबाकू से संबंधित कूड़ा 5 प्रतिशत और कप, चम्मच और प्लेट जैसे एकल-उपयोग वाले कटलरी 4.7 प्रतिशत थे। मछली पकड़ने का सामान, कपड़ा और मेडिकल प्लास्टिक भी कम मात्रा में मौजूद थे। प्लास्टिक प्रदूषण गंगाः डूब क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रदूषण डूब क्षेत्र में सबसे अधिक प्रदूषण देखा गया, जहां प्रति वर्ग मीटर घनत्व 6.95 था, जो नदी तट रेखाओं की तुलना में लगभग 28 गुना अधिक था, जहां प्रति वर्ग मीटर घनत्व 0.25 था. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट का स्तर समान था। उच्च और निम्न जनसंख्या घनत्व वाले स्थानों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं देखा गया। बाढ़ में बढ़ गये जलीय प्रजातियों के लिए खतरा पैदा करने वाले सामान मौसमी अंतर नगण्य थे, लेकिन अध्ययन में पाया गया कि मानसून के बाद बाढ़ ने नदी में कचरा लाकर मलबे की भरपाई कर दी। अकेले उच्च जैव विविधता वाले क्षेत्र में, कुल मलबे का 61 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में फेंके गये मछली पकड़ने के जाल और स्टायरोफोम शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्गा पूजा में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**साहिबगंज:** शहर में दुर्गा पूजा पर्व में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने जिले भर में फ्लैग मार्च निकाला। शहर में फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द, सीओ बास्कीनाथ टूडू, एसडीपीओ किशोर तिर्की ने किया। मौके पर मुख्य रूप से नगर थाना पुलिस निरीक्षक अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, रिवर थाना प्रभारी लव कुमार सहित दर्जनों पुलिस बल शामिल थे। फ्लैग मार्च ने शहर के सभी मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं लोगों से जिला प्रशासन ने शांति व सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की।

### झारखंड मजदूर मोर्चा ने जलसहियाओं के लंबित मानदेय को लेकर सौंपा ज्ञापन



**साहिबगंज:** जिला के झारखंड मजदूर मोर्चा ने जिले की जलसहियाओं को 11 माह का मानदेय एवं मोबाइल राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर विरोध दर्ज किया है। इस संबंध में मोर्चा ने शनिवार की पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा कि जलसहियाओं से लगातार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों में योगदान लिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद समय पर मानदेय नहीं मिलने से वे आर्थिक तंगी का सामना कर रही हैं और उनका पूजा त्यौहार फीका हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे जलसहियाओं में आक्रोश है। जबकि विभाग को आवंटन भी प्राप्त है। यह सरकारी नियमानुसार भी गलत है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो जिला शाखा आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर जिला अध्यक्ष भरत यादव, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद साह, सचिव अशोक कृष्ण यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### मालदा मंडल द्वारा ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया, यात्रियों से 80,475 रुपये जुर्माना वसूला



**साहिबगंज:** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण एवं राजस्व संरक्षण हेतु मालदा मंडल द्वारा निरंतर विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिस अंजन के पर्यवेक्षण में मालदा मंडल के साहिबगंज-भागलपुर-जमालपुर-किऊल खंडों में चलने वाली एक ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक तापस कुमार विश्वास द्वारा किया गया। इस दौरान 178 मामलों में टिकट अनियमितताएं पकड़ी गईं, जिससे 80,475/ रुपए का जुमार्ना वसूला गया। यह गहन टिकट जांच अभियान वाणिज्य निरीक्षकों, टिकट जांच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इसके साथ ही यात्रियों को 'यूटीएस ऑन मोबाइल' ऐप एवं ह्यरेलवन' ऐप के माध्यम से डिजिटल टिकट खरीदने की सुविधा के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें इन सुविधाजनक माध्यमों का उपयोग कर टिकट बुक करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे कतार में लगने की परेशानी से बचा जा सके और स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल यात्रा अनुभव को बढ़ावा दिया जा सके। मालदा मंडल द्वारा सभी यात्रियों से मान्य एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने की अपील की जाती है, ताकि असुविधा एवं जुमार्ने से बचा जा सके। मालदा मंडल यात्रियों की सुविधा, राजस्व सुरक्षा तथा सुचारू यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए नियमित गहन जांच अभियानों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्ध है।

### राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अमड़ापाड़ा की उपलब्धि




**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** ज़िले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अमड़ापाड़ा की अंडर-19 गर्ल्स टीम ने आयोजित राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि खेलो झारखण्ड राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता 2025 अन्डर 19 पाकुड़ की टीम प्रतियोगिता में उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में बच्चियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और रोमांचक मुकाबले में गोड्डा टीम से पराजित हुई। इस उपलब्धि पर उपायुक्त मनीष कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति ने टीम के खिलाड़ियों, कोच एवं स्कूल प्रशासन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस सफलता से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि पूरे जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है।

### तकनीकी खराबी आने से पश्चिमी फाटक में यातायात हुआ बाधित



**साहिबगंज:** पश्चिमी फाटक में शनिवार को तकनीकी खराबी आने से लगभग 50 मिनट तक यातायत बाधित हो गया। जिससे वहां वाहनों का तांता लग गया। फाटक बंद होने से वहां हो हल्ला शुरू हो गया। गेट मैन ने इसकी सूचना आरपीएफ पोस्ट को दी। इस दौरान आरपीएफ ने लोगों को समझाया-बुझाया। टेक्निकल खराबी को ठीक कर तुरंत आनंद विहार एक्सप्रेस व दो मालगाड़ी गुजरने के बाद फाटक को खोला गया।

# 181 लाख करोड़ के कर्ज में डूबी केंद्र सरकार लेने जा रही 6.77 लाख करोड़ का अतिरिक्त कर्ज

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार इस वित्तीय वर्ष में 6.77 लाख करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लेने जा रहा है। बता दें कि सरकार जरूरी खर्चे पूरे करने और इन्फ्रा योजनाओं को फंडिंग देने के लिए हर साल बाजार से बॉन्ड के जरिये मोटा कर्ज उठाती है। देश पर 31 मार्च, 2025 तक करीब 181 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लदा हुआ है, जो देश की जीडीपी का 56 फीसदी है। इस कर्ज में केंद्र सरकार और राज्यों का भी लोन शामिल है। इसके अलावा भारत पर विदेशी कर्ज भी लदा है, जो पिछले एक साल में 10 फीसदी बढ़कर करीब 61 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। देश पर कर्ज लदने से हर व्यक्ति पर भी देनदारी बढ़ जाती है। वित्तवर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सरकार की उधारी 5,000 करोड़ रुपये कम हुई। इसके अलावा दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) के अनुमान में भी 5,000 करोड़ रुपये की कटौती कर दी गई है। इस तरह देखा जाए तो पूरे वित्तवर्ष में उधारी में 10 हजार करोड़ रुपये की कमी आएगी। अब चालू वित्तवर्ष के लिए कुल उधारी 14.72 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो बजट अनुमान से 10,000 करोड़ रुपये कम होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि दूसरी छमाही के लिए 6.77 लाख करोड़ रुपये की उधारी में से 10,000 करोड़ रुपये सरकारी हरित बॉन्ड के जरिये जुटाने की योजना है। पहली छमाही में सरकार ने 8 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई थी, जिसमें से 7.95 लाख करोड़ रुपये ही उधार लिए गए। सरकार दूसरी छमाही में उधारी की योजना को 22 साप्ताहिक नीलामी के माध्यम से छह मार्च 2026 तक पूरा करेगी। आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने कहा कि कुल सकल उधारी अब 14.72 लाख करोड़ रुपये है, जो प्रारंभिक अनुमान से थोड़ा कम है। उन्होंने कहा कि मैं यह बात फिर कहूंगी कि सरकार राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य वित्तवर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत तक लाना है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत था।

# देश में है कैफे-2 मानक लागू, जिन्हें कैफे 3 से बदला जाएगा

**नई दिल्ली**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने यात्री वाहनों के लिए नए 'कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-3' मानक प्रस्तावित हैं, जो वाहन कंपनियों को साझा प्रयास करने, छोटी कारों को छूट देने और फ्लेक्स-ईंधन, हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक मॉडलों को भी शामिल करने की सुविधा देता है। बीईई का कहना है कि वाहनों की ईंधन दक्षता बढ़ाने नए मानक एक अप्रैल, 2027 से 31 मार्च, 2032 तक लागू होंगे। देश में फिलहाल कैफे-2 मानक लागू हैं, जिन्हें कैफे 3 से बदला जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्तावित कैफे-3 नियमों के तहत साल भर में औसत ईंधन खपत के मानक को पूरा करने के लिए अधिकतम तीन वाहन विनिर्माता आपस में मिलकर एक 'पूल' भी बना सकते हैं। इस स्थिति में पूल को एक वाहन विनिर्माता माना जाएगा। हालांकि एक वाहन विनिर्माता केवल एक पूल में ही शामिल हो सकता है। पूल के 'पूल प्रबंधक' के रूप में नामित विनिर्माता पूल के संपर्क बिंदु के रूप में काम करेगा। वही ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत लगाए गए किसी भी जुर्माने का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होगा।नए मानक फ्लेक्स-ईंधन वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन को भी कैफे-3 मानकों के दायरे में शामिल करते हैं। इन्हें कॉरपोरेट औसत ईंधन खपत मानक 2027-2032 (कैफे 2027) कहा जाएगा। बीईई ने प्रस्तावित नियमों पर 21 दिनों के अंदर संबंधित पक्षों से टिप्पणियां देने को कहा है। नए नियमों से वाहन विनिर्माता अपनी कारों में ईंधन बचत को बढ़ाने, इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड कारों को बढ़ावा देने और पर्यावरण को फायदा पहुंचाने के लिए जरूरी बदलाव कर सकेंगे।सरकार ने साल 2020 से वाहनों के इंजन से उत्सर्जन को कम करने के लिए बीएस-6 मानक लागू किए हैं। इसका मकसद वाहनों से प्रदूषण को कम करना है। वर्तमान में सभी वाहन विनिर्माता कंपनियां बीएस 6 मानक वाली गाड़ियां बना रही हैं। बीएस-6 के तहत पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों में उत्सर्जन को कम करने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आगे सरकार बीएस-7 मानक भी लागू करेगी। सरकार की तैयारी वाहनों के इंजन में जरूरी बदलाव करने के साथ ही ईंधन को भी अपग्रेड करना है। इसके लिए पेट्रोल में एथनॉल मिलाया जा रहा है। सभी पेट्रोल पंप पर 10 फीसदी एथनॉल वाला पेट्रोल मिल रहा है, जिसे जल्द ही बढ़ाकर 20 फीसदी करने की संभावना है।

# अंडमान सागर में मिला प्राकृतिक गैस भंडार, कुएं की गहराई 295 मीटर

**यह क्षेत्रीय ऊर्जा बाजार में भारत की स्थिति मजबूत करने में भी मदद करेगा**

**नई दिल्ली**

भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ी सफलता सामने आई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्विटर पर जानकारी दी कि अंडमान सागर में स्थित श्री विजयपुरम-2 कुएं में प्राकृतिक गैस का पता चला है।

यह कुआं अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से करीब 17 किलोमीटर दूरी पर है। कुएं की गहराई 295 मीटर है यानी यह समुद्र की सतह से 295 मीटर गहरे पानी में स्थित है। इसकी लक्षित गहराई 2650 मीटर रखी गई थी। मतलब यह है कि कुएं को पानी की सतह से लेकर समुद्र के नीचे जमीन में कुल 2650 मीटर तक खोदा गया। इसमें 295 मीटर पानी की गहराई और उसके नीचे जमीन में करीब 2355 मीटर की गहराई शामिल है। शुरुआती उत्पादन परीक्षण से पता चला कि 2212 से 2250 मीटर की गहराई में प्राकृतिक गैस मौजूद है और इसमें समय-समय पर फ्लेयरींग भी देखा गया।

गैस के नमूनों को जहाज के जरिए काकिनाडा लाया गया, जहां उनका परीक्षण किया गया। जांच में पाया कि इस गैस में 87 फीसदी मीथेन है। मीथेन एक उच्च ऊर्जा क्षमता वाला घटक है और इसे वाणिज्यिक उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

अंडमान सागर में प्राकृतिक गैस की यह खोज भारत के ऊर्जा सुरक्षा और स्वदेशी ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिहाज से बहुत अहम है। इससे देश की ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्रोतों से पूरा करने में मदद मिलेगी और आयातित ऊर्जा पर निर्भरता कम होगी। केंद्रीय मंत्री पुरी के मुताबिक अब कुएं से कमर्शियल प्रोडक्शन योजना तैयार की जाएगी। यह चरण देश की ऊर्जा रणनीति में एक नया आयाम जोड़ सकता है और अंडमान-निकोबार क्षेत्र में ऊर्जा निवेश के अवसर भी बढ़ाएगा। इस खोज से न केवल घरेलू ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय ऊर्जा बाजार में भारत की स्थिति मजबूत करने में भी मदद करेगा। मीथेन की उच्च प्रतिशतता इस परियोजना को वाणिज्यिक रूप से आकर्षक बनाती है और भविष्य में एलएनजी निर्यात के रास्ते भी खोल सकती है।

# एनआईसीडीसी बना रहे औद्योगिक स्मार्ट शहर, कई देश दिखा रहे रुचि

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी) के मुख्य कार्याधिकारी व प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी ने बताया कि औद्योगिक स्मार्ट शहरों का कार्य तेजी से जारी है। जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर समेत पूर्व एवं दक्षिण पूर्व एशिया के देश इन औद्योगिक शहरों में रुचि दिखा रहे हैं। इन औद्योगिक शहरों का विकास एनआईसीडीसी कर रहा है। उन्होंने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि भूराजनीतिक चिंताओं और अनिश्चितताओं के बावजूद इन शहरों में रुचि कायम है। उन्होंने कहा कि एनआईसीडीसी के शहर वैश्विक रुचि नियमित रूप से आकर्षित करते हैं। जापान, कोरिया और सिंगापुर के अलावा जर्मनी, इटली, यूएई, यूके, ताइवान, रूस समेत अन्य देशों की इन शहरों में रुचि बढ़ रही है। एडवांस विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, एयरोस्पेस, रक्षा, भारी उद्योग, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है। सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत



औद्योगिक गलियारों पर 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित किए जाने हैं। इसमें व्यापक सोच विश्व स्तरीय औद्योगिक ढांचा बनाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनाना है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 702.57 अरब डालर तक पहुँचा

**नई दिल्ली**

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर तक 702.57 अरब डालर तक पहुँच गया हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान सोने के भंडार में 360 मिलियन डालर की बढ़ोतरी हुई और यह 92.78 अरब पर पहुँच गया। विदेशी मुद्रा संपत्ति जो भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा है, इस सप्ताह 586.15 अरब डालर मूल्य की रही। इसके अलावा भंडार में विशेष ड्रा राइट्स और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की आरक्षित स्थिति शामिल है, जो क्रमशः 18.88 अरब डालर और 4.76 अरब डालर रही। इस सप्ताह एसडीआर में 105 मिलियन डालर और आईएमएफ की आरक्षित स्थिति में 2 मिलियन डालर की बढ़ोतरी हुई।

पिछले सप्ताह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.69 अरब डालर की तेजी आई थी और यह 702.9 अरब डालर तक पहुँच गया था। इसके पहले, सितंबर 2024 के अंत में यह रिकॉर्ड उच्च 704.885 अरब डालर तक पहुँच चुका था। आरबीआई समय-समय पर रुपये में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करता है, जिसमें डॉलर की बिक्री भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा है कि इन कदमों का उद्देश्य विशेष विनिमय दर को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि बाजार को स्थिर रखना है। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा संपत्तियों में 2.5 अरब डालर की बढ़ोतरी हुई और यह 587.04 अरब डालर तक पहुँच गई। इन संपत्तियों में प्रमुख वैश्विक मुद्राएँ जैसे यूरो, पाउंड और येन शामिल हैं।

## यांगवांग यू9 एक्सट्रीम ने रिकॉर्ड तोड़ गति हासिल की

**नई दिल्ली** बीवायडी की यांगवांग यू9 एक्सट्रीम ने रिकॉर्ड तोड़ गति हासिल की है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली प्रोडक्शन इलेक्ट्रिक कार बनी है। जर्मनी के एटीपी हाई-स्पीड ओवल ट्रैक पर इस इलेक्ट्रिक हाइपरकार ने 496.22 केएमपीएच (308.4 एमपीएच) की स्पीड पकड़ ली। इस तरह इसने 2019 में बनी बुगाटी चिरॉन सुपर स्पोर्ट 300 प्लस का 304.7 एमपीएच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह कार सिर्फ टॉप स्पीड में ही नहीं, बल्कि नीरबुर्ग्रींग ट्रैक पर भी नया रिकॉर्ड बना चुकी है। इसने 7 मिनट से कम समय में लैप पूरा किया और शाओमी एसयू7 अल्ट्रा को पछाड़ दिया। यांगवांग यू9 एक्सट्रीम में 1,200वी का क्वॉड-मोटर सिस्टम है, जो 2,977एचपी पावर जनरेट करता है। इसमें एलएफपी बैटरी पैक है, जो कुछ ही सेकेंड में 0-1000 केएमपीएच की रफ्तार दिला देता है। एडवांस्ड टॉर्क वेक्टरिंग और एडॉप्टिव सस्पेंशन इसे और खास बनाते हैं। कार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह स्पीड ब्रेकर पर 'जंप' कर निकल सकती है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें कार्बन-सिरेमिक डिस्क्स, टाइटेनियम कैलिपर्स और खास गीतीस्पोर्ट ई-जीटीआर2 प्रो टायर्स दिए गए हैं।

## कच्चे तेल की कीमतें 2 महीने बाद फिर 70 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नई दिल्ली** ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें करीब 2 महीने बाद एक बार फिर 70 डॉलर प्रति बैरल केस्तर पर पहुंच गई हैं। इसका असर घरेलू बाजार में भी दिखा और शनिवार को नोएडा समेत कई शहरों में तेल के दाम बढ़ गए। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से शनिवार सुबह जारी तेल की कीमतों में उछाल आया। हालांकि, तेल कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में आज भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। सरकारी तेल कंपनियों के मुताबिक यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 25 पैसे महंगा होकर 95.12 रुपए लीटर बिक रहा है। डीजल भी 8 पैसे चढ़ा और 88.29 रुपए लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 5 पैसे गिरावट के साथ 94.70 रुपए लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 5 पैसे गिरकर 87.81 रुपए लीटर हो गया। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 33 पैसे टूटकर 105.23 रुपए लीटर हो गया तो डीजल 31 पैसे गिरकर 91.49 रुपए लीटर बिक रहा है। कच्चा तेल बीते 24 घंटे में इसकी कीमतें फिर से बढ़ गई। ब्रेंट क्रूड का भाव 70.13 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। डब्ल्यूटीआई का रेट भी बढ़त के साथ 65.72 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपए और डीजल 92.35 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपए और डीजल 91.76 रुपए प्रति लीटर है।

## यांगवांग यू9 एक्सट्रीम ने रिकॉर्ड तोड़ गति हासिल की

**नई दिल्ली** बीवायडी की यांगवांग यू9 एक्सट्रीम ने रिकॉर्ड तोड़ गति हासिल की है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली प्रोडक्शन इलेक्ट्रिक कार बनी है। जर्मनी के एटीपी हाई-स्पीड ओवल ट्रैक पर इस इलेक्ट्रिक हाइपरकार ने 496.22 केएमपीएच (308.4 एमपीएच) की स्पीड पकड़ ली। इस तरह इसने 2019 में बनी बुगाटी चिरॉन सुपर स्पोर्ट 300 प्लस का 304.7 एमपीएच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह कार सिर्फ टॉप स्पीड में ही नहीं, बल्कि नीरबुर्ग्रींग ट्रैक पर भी नया रिकॉर्ड बना चुकी है। इसने 7 मिनट से कम समय में लैप पूरा किया और शाओमी एसयू7 अल्ट्रा को पछाड़ दिया। यांगवांग यू9 एक्सट्रीम में 1,200वी का क्वॉड-मोटर सिस्टम है, जो 2,977एचपी पावर जनरेट करता है। इसमें एलएफपी बैटरी पैक है, जो कुछ ही सेकेंड में 0-1000 केएमपीएच की रफ्तार दिला देता है। एडवांस्ड टॉर्क वेक्टरिंग और एडॉप्टिव सस्पेंशन इसे और खास बनाते हैं। कार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह स्पीड ब्रेकर पर 'जंप' कर निकल सकती है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें कार्बन-सिरेमिक डिस्क्स, टाइटेनियम कैलिपर्स और खास गीतीस्पोर्ट ई-जीटीआर2 प्रो टायर्स दिए गए हैं, जो 310 एमपीएच तक स्पीड झेलने में सक्षम हैं।

## फ्लैगशिप रेट्रो-स्टाइल बाइक गोल्ड स्टार 650 पर खास ऑफर

**नई दिल्ली** बीएसए मोटरसाइकिल्स ने अपनी फ्लैगशिप रेट्रो-स्टाइल बाइक गोल्ड स्टार 650 पर खास ऑफर लॉन्च किया है। बीएसए कंपनी ने घोषणा की है कि पहले 500 खरीदारों को यह बाइक जीएसटी 2.0 से पहले की कीमतों पर मिलेगी। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, बाइक के हाईलेंड ग्रीन/इंसाइग्निया रेड वैरिएंट की कीमत 3,09,990 रुपये, शेडो ब्लेक की 3,25,990 रुपये, मिडनाइट ब्लेक/डाउन सिल्वर की 3,21,990 रुपये और लेगेसी शीन सिल्वर की 3,44,990 रुपये (एक्स-शोरूम) है। ऑफर के तहत ग्राहकों को लिमिटेड एडिशन गोल्डी किट मुफ्त मिलेगी, जिसकी कीमत 5,900 रुपये है। इसमें टॉल टूरिंग विंडस्क्रीन, पिलियन बैकरेस्ट, मेटल एग्जॉस्ट शील्ड और रियर रेल किट शामिल हैं। फाइनेंसिंग भी आसान रखी गई है, जहां 0 डाउन पेमेंट और 5.99 प्रतिशत ब्याज दर से 6 साल तक लोन उपलब्ध है। डिजाइन की बात करें तो गोल्ड स्टार 650 क्लासिक राउंड टैंक, क्रोम पाइप्स और स्पोक व्हील्स के साथ आती है। इसमें 652सीसी का लिक्विड-कूल्ड इंजन है, जो 45एचपी पावर और 55 एनएम टॉर्क देता है। डबल-क्रैडल चेसिस, डुअल-चैनल एबीएस और टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स इसे हाईवे और सिटी दोनों के लिए परफेक्ट बनाते हैं। कंपनी ग्राहकों को 4 साल/50,000 किमी की स्टैंडर्ड वारंटी, एक्सटेंडेड वारंटी और 1 साल रोडसाइड असिस्टेंस भी दे रही है। इस ऑफर से उम्मीद है कि फेस्टिव सीजन में बाइक की बिक्री में जोरदार इजाफा होगा। गौरतलब है कि नई टैक्स दरों के तहत 350सीसी से अधिक वाली बाइक्स पर जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया है। ऐसे में कीमतें बढ़नी तय थीं, लेकिन बीएसए ने शुरुआती ग्राहकों पर बोझ न डालते हुए यह बढ़ोतरी खुद वहन करने का निर्णय लिया है।

# जेएसडब्ल्यू में पहले ही काफी निवेश, ऐसे में योजना को रद्द करना घातक होगा

**सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रवर्तकों और कुछ ऋणदाताओं की आपत्तियों को किया खारिज**

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने भूषण पावर ऐंड स्टील (बीपीएसएल) के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील की 19,700 करोड़ रुपए की समाधान योजना को बरकरार रखा और पूर्व प्रवर्तकों और कुछ ऋणदाताओं की आपत्तियों को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पिछले आदेश के संदर्भ में कहा कि जेएसडब्ल्यू कंपनी में काफी निवेश पहले ही कर चुकी है। ऐसे में उसकी योजना को रद्द करने के घातक परिणाम होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2 मई के उस फैसले को वापस ले लिया जिसमें जेएसडब्ल्यू की योजना को रद्द करते हुए परिसमापन का आदेश दिया गया था। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि बीएसपीएल के लिए जेएसडब्ल्यू की समाधान योजना 'अवैध' और ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया के प्रावधानों के खिलाफ है। उन्होंने कहा था कि भूषण स्टील की लेनदारों की समिति को समाधान योजना को स्वीकार नहीं करना चाहिए था और राष्ट्रीय कंपनी विधिक पंचाट (एनसीएलटी) को उसे मंजूरी नहीं देनी चाहिए थी। विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला आईबीसी के तहत संभवतः ऐसा पहला मामला है जहां न्यायालय ने पिछले फैसले को पलट दिया है। गांधी लॉ एसोसिएट्स के पार्टनर रहील पटेल ने कहा कि फैसले में यह बदलाव सही है क्योंकि समाधान योजना को लागू करने में हुई देरी की वजह जेएसडब्ल्यू नहीं बल्कि ईडी की कार्यवाही है लेकिन कोचर ऐंड कंपनी के पार्टनर शिव सपरा ने कहा कि किसी फैसले को वापस लिए जाने से भविष्य के मामलों में चिंता बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस बात की क्या गारंटी है कि किसी अन्य ताकतवर वादी अथवा ढांचे में बदलाव के कारण भविष्य में समीक्षा नहीं होगी?



कुछ विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि इस फैसले ने आईबीसी ढांचे को कमजोर करने के बजाय उसके बुनियादी सिद्धांतों की पुष्टि की है कि लेनदारों की समिति की व्यावसायिक समझदारी का सम्मान किया जाना चाहिए। एसकेवी लॉ ऑफिसेज के पार्टनर सुहैल बुट्टन ने कहा कि जब किसी समाधान योजना को मंजूरी मिल जाती है और उसे सफल बोलीदाता द्वारा लागू कर दिया जाता है तो वही अंतिम हो जाती है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने अपने फैसले में कहा कि पूर्व प्रवर्तकों के पास तकनीकी तौर पर आईबीसी की धारा 62 के तहत अपील करने का अधिकार है, लेकिन उनकी आपत्तियां गुण-दोष के आधार पर खारिज कर दी गईं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल देरी ही किसी समाधान योजना को खारिज करने के लिए पर्याप्त नहीं है, खास तौर पर ऐसे मामलों में जब ऐसा मुख्य तौर पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही के कारण हुआ हो। पीठ ने कहा कि लेनदारों की समिति की व्यावसायिक समझदारी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी स्वीकृत योजना को दोबारा खोलने से 'भानुमती का पिटारा खुल जाएगा' और आईबीसी ढांचे की पवित्रता नष्ट हो जाएगी।

## नियमों का पालन नहीं करने पर मुथूट फिनकॉर्प पर आरबीआई ने लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड पर आंतरिक 'ओम्बुड्समैन' से जुड़ी नियमावली का पालन न करने के कारण 2.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई 31 मार्च, 2024 तक की कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद की गई। आरबीआई ने बताया कि निरीक्षण में यह पाया कि मुथूट फिनकॉर्प लि. ने आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली में जरुरी व्यवस्थाओं को लागू नहीं किया। केंद्रीय बैंक ने कंपनी को नोटिस जारी कर पूछा कि उसने आरबीआई नियमों का पालन क्यों नहीं किया और उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस का जवाब, और मौखिक बयान का अध्ययन करने के बाद आरबीआई ने फैसला लिया कि आरोप सही है और जुर्माना लगाया जाना जरूरी है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुथूट फिनकॉर्प लि. ऐसी व्यवस्था करने में नाकाम साबित हुआ है, जिसके तहत यदि कंपनी का अपना शिकायत विभाग किसी शिकायत को पूरी तरह या आंशिक रूप से खारिज करता है, तो वह शिकायत अपने-आप आंतरिक 'ओम्बुड्समैन' के पास आगे की जांच के लिए चली जाए। यह कदम ग्राहकों की शिकायतों का उचित और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।आरबीआई ने साफ कर दिया कि यह जुर्माना केवल नियमों के पालन में कमी के कारण लगाया गया है और इसका किसी भी ग्राहक लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय बैंक ने सभी वित्तीय संस्थाओं से कहा है कि वे आंतरिक शिकायत निवारण और ओम्बुड्समैन संबंधी नियमों का पालन तय करें ताकि ग्राहकों के हित सुरक्षित रहें।

# सोना-इक्विटी का अनुपात बढ़कर 1.4 पर पहुंचा जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली**

सोने की कीमतों में तेजी और शेयरों गिरावट के कारण इसके दाम और सेंसेक्स का अनुपात, 2020 के महामारी के दिनों को छोड़कर एक दशक में सबसे ज्यादा है। कोरोना महामारी में शेयर के भाव में थोड़े समय के लिए गिरावट आई थी। बीते गुरुवार को सोना और इक्विटी का अनुपात बढ़कर 1.4 हो गया जो जनवरी-मार्च 2014 के बाद सबसे ज्यादा था। जनवरी-मार्च 2014 में यह 1.5 के करीब था।

पिछले साल दिसंबर के अंत में यह अनुपात 0.97 और सितंबर के अंत में 0.89 था। वर्तमान अनुपात लंबी अवधि में ऐतिहासिक औसत से भी ज्यादा है। पिछले 30 सालों में सोने की कीमत और सेंसेक्स के अनुपात का औसत मान 1.04 है।

ऐतिहासिक रूप से शेयर और सोने की चाल लंबी अवधि में एक दूसरे के विपरीत रही है।

उदाहरण के लिए सेंसेक्स ने 1998 के अंत से जून 2000 के बीच करीब दो सालों तक सोने से बेहतर प्रदर्शन किया था। इसके बाद अगले कुछ सालों तक शेयरों में लगातार बिकवाली हुई और सोने ने 2000 के मध्य से 2003 के मध्य के बीच सेंसेक्स को पीछे छोड़ दिया। फिर इक्विटी ने 2003 से 2007 के बीच चार सालों तक सोने से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके बाद 2008 और 2009 में सोने की कीमतों में तेजी आई जबकि शेयर का प्रदर्शन कमजोर रहा। मार्च-जून 2020 की छोटी अवधि को छोड़ दें तो 2012 से 2021 के बीच करीब एक दशक तक इक्विटी में तेजी रही जबकि सोने की कीमतें स्थिर रहीं।

सोना अब सितंबर 2021 से अगले चार सालों तक इक्विटी से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। पिछले तीन दशक में सोने में तेजी का यह सबसे लंबा सिलसिला है। इससे पहले फरवरी 2000 से मई 2003 के बीच सोने के दाम में काफी तेजी आई थी। पिछले चार सालों में घरेलू बाजार में हाजिर सोने की कीमत सितंबर 2021 के अंत में 45,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से 147 फीसदी बढ़कर बुधवार को 1,12,895 रुपए पहुंच गई। इसकी तुलना में इस अवधि में बेंचमार्क सूचकांकों में सिर्फ 37 फीसदी की वृद्धि हुई। गुरुवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 81,159 पर बंद हुआ, जबकि सितंबर 2021 के अंत में यह 59,126 था।

## विडा ने पेश किया ग्राहकों के लिए नया सर्विस प्रोग्राम

**नई दिल्ली** हीरो मोटोकॉर्प की इलेक्ट्रिक ब्रांड विडा (वीआईडीए) ने ग्राहकों के लिए नया सर्विस प्रोग्राम पेश किया है। ऑफर के तहत विडा कंपनी ई-स्कूटर्स पर 5 साल या 75,000 किमी की वारंटी उपलब्ध कराएगी, जिसमें बैटरी को अलग से 5 साल/60,000 किमी तक का कवरेज मिलेगा। वारंटी में 11 अहम कम्पोनेंट्स शामिल होंगे। नई योजना में ग्राहकों को कई फायदे दिए जा रहे हैं। इसमें एक्सटेंडेड वारंटी, एश्योर्ड बायबैक, 24/7 रोडसाइड असिस्टेंस और कनेक्टेड सर्विस सब्सक्रिप्शन शामिल हैं। सबसे खास बिंदु है बायबैक गारंटी। तीन साल बाद ग्राहक अपने स्कूटर को वापस कर एक्स-शोरूम कीमत का 67.5 प्रतिशत तक रिफंड पा सकते हैं। इससे मॉडल अपग्रेड करना आसान हो जाएगा। कंपनी ने साथ ही 'विडा ऐज' सब्सक्रिप्शन पैकेज भी लॉन्च किया है। इसमें देशभर के 3,600+ चार्जिंग प्वॉइंट्स पर अनलिमिटेड फास्ट चार्जिंग और मोबाइल ऐप पर 40 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स शामिल हैं। इससे यूजर्स स्कूटर की बैटरी स्टेटस, राइड हिस्ट्री, चार्जिंग लोकेशन और ओवर-द-एयर अपडेट जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। रोडसाइड असिस्टेंस में ब्रेकडाउन, फ्लैट टायर, टोइंग तक की मदद मिलेगी। सभी सुविधाएं डीलरशिप और डिजिटल चैनलों पर उपलब्ध हैं।

# नीतीश कुमार जी अब बिहार चलाने लायक नहीं



## तेजस्वी बोलेः हमारी सरकार बनी तो अति पिछड़ा केवल वोट बैंक नहीं, पावर बैंक बनेगा

बिहार। कुछ ही दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। ऐसे में सभी पार्टियों ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। कई बड़े नेताओं का दौरा हो रहा है। अमित शाह बिहार में ही हैं।इधर, मोतिहारी में प्रियंका गांधी की सभा में सांसद पप्पू यादव की किरकिरी हो जाती, समय रहते कांग्रेस महासचिव ने संभाल लिया। तेजस्वी बोले- हमारी सरकार बनेगी तो अति पिछड़ा वोट बैंक नहीं, पावर बैंक बनेगा RJD नेता तेजस्वी यादव ने 'कपूर्री अति पिछड़ा अधिकार संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'अब नीतीश कुमार जी बिहार चलाने के योग्य नहीं रह गए, अब उम्र हो गई। अब बिहार को तेज रफ्तार से तेजी के साथ विकास करना है। हम नई सोच के हैं, नया बिहार बनाना है। NDA के लोगों ने अति पिछड़ा समाज को केवल ठगने का काम किया है। केवल वोट बैंक बनाकर रखा है। जब हमारी सरकार बनेगी तब अति पिछड़ा केवल वोट बैंक नहीं, रहेगा बल्कि पावर बैंक बनेगा।' गिरिराज बोले- कांग्रेस गृह युद्ध कराना चाहती है केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा, 'कांग्रेस देश में गृहयुद्ध कराना चाहती है। राजद के लोगों ने भी यही विषय उठाया था, जब नेपाल-बंगलादेश में



घटना घटी थी।' आई लव मोहम्मद विवाद पर बोलते हुए भाजपा सांसद ने ये बातें कही।उन्होंने कहा, 'ओवैसी, मुफ्ती महबूबा जैसे लोगों को भारत और बिहार का विकास नहीं दिख रहा, बल्कि ये लोग सत्ता के लिए लोगों को लड़ाने में लगे हैं। इसमें ओवैसी सबसे आगे हैं। नवादा में भारतीय जनता पार्टी के सीनियर लीडर और पूर्व विधायक अनिल सिंह पर जानलेवा हमला किया गया है। घटना हिसुआ-राजगीर रोड पर नारदीगंज के पास तब हुई, जब पूर्व विधायक एक श्राद्ध कार्यक्रम से लौटकर पटना जा रहे थे। नारदीगंज के नारदीगंज नवादा मोड़ के पास अपराधियों ने पहले पूर्व विधायक का पीछा किया। फिर उनपर अटैक कर दिया। इस घटना में भाजपा के पूर्व विधायक बाल-बाल बचे। इस दौरान हाथापाई भी हुई, जिसमें एक अपराधी का मोबाइल वहां पर गिर गया। जिसे पूर्व विधायक ने उठाया और स्थानीय थाने नारदीगंज में को सौंपा। पूरे मामले




को लेकर उन्होंने थाने में देर रात प्राथमिकी दर्ज कराई है। जब बिना नाम लिए भाषण के लिए खड़े हो गए पप्पू यादव मोतिहारी में एक बार फिर कांग्रेस के मंच पर पप्पू यादव की फजीहत हो जाती, लेकिन समय रहते प्रियंका गांधी ने मामला संभाल लिया। दरअसल, शुक्रवार को प्रियंका गांधी बिहार दौरे पर रही। मोतिहारी में हर घर अधिकारी रैली करने पहुंचीं। मंच पर उनके साथ पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी थे। प्रियंका गांधी के सामने कई कांग्रेसी नेताओं ने भाषण दिया। अजीबो-गरीब स्थिति तब बनी जब मंच संचालक ने भाषण के लिए मुख्य अतिथि प्रियंका गांधी का नाम लिया। इसी बीच कोने में बैठे पप्पू यादव प्रियंका गांधी के सामने पहुंच गए। जिसके बाद प्रियंका ने इशारे में मंच संचालक को पप्पू यादव को बुलाने के लिए कहा। फिर पप्पू यादव ने सभा को संबोधित किया। मधुबनी में सीएम नीतीश कुमार ने 8410 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। खुटौना प्रखंड के सिरसिहा-परिसाही स्थित पावर ग्रिड मैदान में आयोजित 'लाभुक संवाद कार्यक्रम' में मुख्यमंत्री ने 25 योजनाओं का शिलान्यास और 6 योजनाओं का उद्घाटन किया। RJD सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्र और बिहार सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी चंदे के बदले बिहार में अडाणी समूह को फायदा पहुंचाया जा रहा है। नियमों को ताक पर रखकर अडाणी को बिहार में 500 करोड़ रुपए की जमीन दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अडाणी से 5.80 रुपए प्रति यूनिट बिजली ले रही है तो बिहार 6.01 रुपए प्रति यूनिट क्यों खरीद रही है। इससे बिहार को 1024 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता, सुमित शशांक ने कहा, 'जिस तरह से पीएम मोदी ने देश के लोगों के लिए काम किया, ॠळ से देश के लोगों का लाभ मिला है। स्वदेशी अपनाने की बात कही गई है। इससे व्यवसायियों को काफी लाभ मिला है।'

'धर्मेंद्र प्रधान पहले भी बिहार बीजेपी प्रभारी रह चुके हैं। ऐसे में धर्मेंद्र प्रधान के बिहार प्रभारी बनने से बिहार बीजेपी कार्यकताओं में काफी उत्साह है और NDA इस बार प्रचंड जीत हासिल करेगी।'

# सोशल मीडिया, आदिवासी साहित्य, स्त्रीवाद और सिनेमा तक पर चर्चा



पटना। राजधानी में चल रहे चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष के दूसरे दिन शुक्रवार को ज्ञान भवन के पांच सभागारों में साहित्य, सिनेमा, अनुवाद, स्त्रीवाद, आदिवासी साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई सत्र आयोजित हुए। अभिव्यक्ति का उत्सव में निःशुल्क प्रवेश है। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक ने कहा कि ह्यउन्मेषह्न अभिव्यक्ति का ऐसा मंच बन चुका है, जो गर्व और गौरव दोनों का अनुभव कराता है। संस्कृति मंत्रालय की अपर सचिव अमिता प्रसाद सरभाई ने कहा कि उन्मेष की शुरूआत आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 2022 में शिमला से हुई थी, जिसमें 425 से अधिक लेखक आए थे। 2023 में भोपाल में उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था, उसमें 575 विद्वानों ने भाग लिया था। पटना में यह तीसरा संस्करण है। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा और संस्कृति मंत्रालय के निदेशक अनीश पी राजन भी उपस्थित रहे। पहले सत्र सोशल मीडिया एवं साहित्य की अध्यक्षता अजय सिंह ने की। इसमें अनंत विजय, गौरहरि दास, आर. वेंकटेश, उत्पल कुमार और वर्तिका नंदा ने अपने विचार रखे। इसके बाद क्या ई-बुक एवं ऑडियो बुक मुद्रित पुस्तकों की जगह ले रही हैं? विषय पर चर्चा हुई जिसकी अध्यक्षता संजीव चोपड़ा ने की। राष्ट्रों के बीच शांति-संवर्धन में अनुवाद की भूमिका की अध्यक्षता सुबोध सरकार ने की। इसमें एरियल फ्लोरेंस रिचड्र्स चिली, गिलेर्मो रोड्रिगज स्पेन, इरिना बारमेतोव रूस, फान थई थ्यू हियेन वियतनाम, तनिष्ठा डेनसिल्प थाईलैंड, विभा मोर्य भारत और विजय कुमार तड़कमल्ल भारत ने अपने विचार साझा किए। चिली के एरियल फ्लोरेंस रिचड्र्स ने कहा कि बिहार के बारे में जो सुना, यहां आने पर वास्तविकता ठीक उलट है। यहां के लोग काफी मिलनसार हैं। तनिष्ठा डेनसिल्प ने कहा कि बिहार आना और इस कार्यक्रम में भाग लेना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। हमारे लेखन में अब बिहार आएगा।

## जो उचित प्रतिनिधित्व देगा, उसे ही समर्थन सुंदर साहू

पटना। वैश्य चेतना समिति ने बीआईए सभागार में बैठक की। इसमें वैश्य समाज की विधानसभा चुनाव में भागीदारी पर चर्चा हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू ने की। उन्होंने कहा कि हमारी राजनीतिक भागीदारी में अनदेखी होती आ रही है, जिसे अब वैश्य समाज नहीं सहेगा। विधानसभा चुनाव में जो दल उचित प्रतिनिधित्व देगा, हमारा समर्थन उनके साथ रहेगा। संयोजक प्रिंस कुमार राजू ने कहा कि बिहार में जातीय गणना हुई है। उसमें वैश्य समाज को कमजोर करने की साजिश की गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### राजभाषा पखवाड़ा के विजेता सम्मानित




पटना। पूर्व मध्य रेल में राजभाषा पखवाड़ा के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए समारोह हुआ। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को और गति देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में बेहतर कार्य व सहयोग के लिए 85 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रमाणपत्र व नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही राजभाषा सामूहिक पुरस्कार योजना में प्रथम पुरस्कार कार्मिक विभाग हाजीपुर, द्वितीय पुरस्कार दानापुर मंडल की कार्मिक शाखा एवं तृतीय पुरस्कार प्लांट डिपो, डीडीयू को मिला। सर्वोत्तम पुस्तकालय का पुरस्कार सोनपुर मंडल के रामवृक्ष बेनीपुरी हिंदी पुस्तकालय जबकि रनरअप का पुरस्कार यांत्रिक कारखाना स्थित हरिमोहन झा हिंदी पुस्तकालय को मिला। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार बेगूसराय जबकि रनर-अप का पुरस्कार डाल्टनगंज स्टेशन को मिला। सर्वोत्तम पत्रिका का पुरस्कार समस्तीपुर मंडल की पत्रिका रेल सुरभि को मिला। इस दौरान मुख्य राजभाषा अधिकारी विजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### छात्रों से परीक्षा फॉर्म में अतिरिक्त शुल्क लेने का आरोप



पटना। बाढ़ प्रखंड के मध्य विद्यालय रहीमा (10+2) में परीक्षा फॉर्म भरने के नाम पर छात्रों से अतिरिक्त शुल्क लेने का मामला सामने आया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। छात्रों और उनके अभिभावकों का आरोप है कि 10वीं के छात्रों से 40 रुपए और 12वीं के छात्रों से 100 रुपए अधिक लिए जा रहे हैं। बबीता देवी ने कहा कि मेरी बच्ची 12ईं क्लास में है और उनसे 1600 रूपए की मांग की गई है और रुपए नहीं देने पर उनके बच्चों को एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा। स्थानीय धर्मराज कुमार ने कहा कि 10ईं के छात्र-छात्राओं से1150 रुपए लिया जा रहा है। जिसकी कोई रसीद नहीं दी जा रही है जिसको लेकर इन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से इसकी शिकायत की गई। प्रतिदिन बच्चे लंच टाइम में घर चले जाते हैं। बीईओ सुजीत कुमार ने बताया कि उन्हें 10वीं और 12वीं के रजिस्ट्रेशन में तय मानक से अधिक शुल्क लेने की सूचना मिली थी। छात्रों से बातचीत के दौरान यह बात सही पाई गई। जांच के दौरान स्कूल में मध्याह्न भोजन और छात्रों की उपस्थिति में भी अनियमितताएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट जिला स्तर पर भेजी जाएगी। 12वीं के छात्र सचिन कुमार ने बताया कि उनसे 1550 रुपये लिए गए हैं और कोई रसीद नहीं दी गई।

## पं. विश्वमोहन भट्ट और पं. उल्लास काशलकर के सुरों में खोए रहे श्रोता







पटना। राजधानी पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शुक्रवार से तीन दिवसीय दुर्गा स्वरोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्पिक मैके, श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रीकृष्ण स्मारक समिति और पटना प्रमंडल आयुक्त कार्यालय के संयुक्त प्रयास से किया गया। मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद रविशंकर प्रसाद, समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य केवल कला नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा की आत्मा हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री पंडित उल्लास काशलकर ने राग यमन और गौर मल्हार में शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, पद्मभूषण पंडित विश्वमोहन भट्ट ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित उल्लास काशलकर के साथ तबला पर पंडित सुरेश तलवालकर और हॉर्मोनियम पर पंडित विनय मिश्रा ने साथ दिया, जबकि पंडित विश्वमोहन भट्ट के साथ तबला पर पंडित राम कुमार मिश्रा ने अपनी कला दिखाई। स्पिक मैके के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर ने बताया कि अगले दो दिनों तक शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी।

# शाह का नया मंत्र : ट्रिपल एम यानी..महिला, मोदी और मंदिर

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रवासी प्रभारी की बैठक में नेताओं और कार्यकताओं को जीत का नया मंत्र ट्रिपल एम यानी महिला, मोदी और मंदिर दिया। कहा कि महिला परिवार की केंद्र बिंदु हैं। हर महिला से मुलाकात कर भाजपा और एनडीए के कार्यों की जानकारी दें । पटना के भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में हमारा लक्ष्य 225 सीटों पर जीत हासिल करना है। ऐसे में प्रत्येक सीट पर कम से कम 225 बार जनसंपर्क करें। लोगों से मुलाकात करें। उनकी बातें सुनें और अपनी बातें कहें। जाति, धर्म, विचारधारा से अलग होकर लोगों से संपर्क करें। केवल एक ही लक्ष्य है- हर हाल में 225 सीटों पर जीत दर्ज करना। बगैर किसी भेदभाव के चुनाव जितना है। इस दौरान सभी प्रवासी प्रभारी भूल जाएं कि वह क्या हैं और किस पद पर काम कर रहे हैं। यहां हर कार्यकताओं से संपर्क कर उन्हें चुनाव लड़ना और




लड़ाना है। करीब 1.05 घंटे तक चली बैठक में अमित शाह ने भाजपा नेताओं से सीधे और बेबाक बातें कीं। उनकी बातें भी सुनीं। हालांकि, बिहार के नेताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी बेहतर है। इसके जवाब में शाह ने कहा कि बेहतर की जगह 100% पुख्ता होने की बात कहें। तैयारी हो रही है, बेहतर है, काम हो रहा है, ये अधूरी तैयारी का संकेत है। चुनावी तैयारी को लेकर निर्देश दिए गए - डॉ. दिलीप जायसवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को कोसी-सीमांचल और अंग प्रदेश के 10 जिलों की भाजपा कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। इसमें तकरीबन 49 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। दो घंटे चलने वाली इस बैठक के बाद शाह कार्यकताओं को भी संबोधित करेंगे। सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं बैठक में सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई। शाह ने दूसरे राज्यों से आए नेताओं से कहा कि उन्हें 243 सीटों पर चुनाव की तैयारी करनी है। इस दौरान स्थानीय भाजपा नेता उनकी मदद करेंगे। वहीं, प्रदेश पार्टी कार्यालय से निर्देश जारी होंगे। एनडीए के घटक दलों से समन्वय बनाकर ही विधानसभा चुनाव तैयारी करें। सारण और चंपारण की सीटों की ली जानकारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार दोपहर चनपटिया प्रखंड के कुमारबाग स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के ऑडिटोरियम में भाजपा कार्यकताओं को जीत का मंत्र दिया। शाह ने सारण और चंपारण के सांगठनिक जिलों की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। करीब एक घंटे तक बैठक चली। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। फिर विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बिहार चुनाव में जीत के लिए कार्यकताओं को मोटिवेट किया। साथ ही शाह ने अगले 50 दिनों का रोड मैप उपस्थित कार्यकताओं के साथ साझा किया। इधर, अमित शाह ने सारण और चंपारण के कार्यकताओं को बताया कि कैसे मतदाताओं से बात की जाए, कैसे भाजपा का हर कार्यकर्ता मतदाताओं से संवाद करेगा। उन्होंने नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से बिहार में सरकार बनाने की बात कही। कहा कि हमारे लिए जितना महत्व भाजपा की हर सीट का है, उतना ही हमारे सहयोगी जदयू की सीट का भी है।

# प्रियंका गांधी को बिहार की महिलाओं ने बताई समस्याएं, भावुक होने पर प्रियंका ने पिलाया पानी

पटना। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पटना के सदाकत आश्रम में महिला संवाद किया था। इस दौरान बिहार के विभिन्न जिलों से महिलाएं शामिल हुई थी। सभी ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखी। इसमें आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, जीविका दीदी, घरेलू महिलाएं, सफाई कर्मी सहित डॉक्टर-इंजीनियर महिलाएं भी शामिल थी। प्रियंका से बात करने के दौरान पटना की कुमारी रंजना यादव भावुक हो गई थीं। उन्होंने चंदा करके अपने बीमार बच्चे का इलाज कराया था। प्रियंका ने स्टेज पर उन्हें पानी पिलाकर संभाला। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने भी इन सभी महिलाओं को आश्वासन दिया है कि जब उनकी इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी, तो सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। महिलाओं को आगे बढ़ाने की उनकी कोशिश रहेगी। 1. जो रोटी देगा वो कुर्सी लेगा, रोटी नहीं तो कुर्सी नहीं- पुष्पा पांडे सीवान से आई पुष्पा पांडे एक आंगनबाड़ी सेविका हैं, जिन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रियंका गांधी के सामने अपनी समस्याएं रखी थी। उन्होंने कहा कि, हम लोग 50 साल से काम करते हैं। हर विभाग का काम हम लोगों से लिया जाता है, लेकिन काम का दाम नहीं मिलता है। सरकार हम लोगों को जीने लायक मानदेय तक नहीं देती है। अभी तक हम लोगों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। इसलिए हम लोगों की जो समस्या है, उसी समस्या को कहने के लिए प्रियंका गांधी के पास आए हुए थे। इसका कारण है कि क्छञ (एकीकृत बाल विकास सेवा) की नींव प्रियंका गांधी के दादी जी द्वारा रखा गया है। इसलिए हम लोगों बहुत आशा और उम्मीद लेकर प्रियंका गांधी के पास आए हुए थे कि हम लोगों का कल्याण आप कीजिए, हम लोग आपके साथ हैं। आंगनबाड़ी सेविका पुष्पा पांडे ने आगे बताया कि, प्रियंका गांधी ने हमलोगों की बातों को अच्छे से सुना है। वो बोली कि आप लोग की जो समस्या है, हमारी सरकार बनेगी तो हम आप लोग की



समस्या का समाधान करेंगे। नीतीश सरकार से हमलोग संतुष्ट नहीं हैं। यह संवैधानिक नियम हैं कि हम अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर सकते हैं, न्यायालय में जा सकते हैं। लेटर देकर के हम लोग हड़ताल पर जाते हैं, उसके बाद भी महिलाओं पर लाठी चार्ज किया जाता है। क्या हम लोगों को हक मांगने का अधिकार नहीं है? हम लोगों का पालन पोषण उतने से नहीं हो रहा है। हमें मात्र 7000 मिलता था, अब 2000 बढ़ा हुआ है। क्या इस महंगाई में हम लोग 9000 में अपने परिवार का पालन पोषण कर पाएंगे? जवाब है नहीं कर पाएंगे। इसलिए जो रोटी देगा वो कुर्सी लेगा, रोटी नहीं तो कुर्सी नहीं। 2. चंदा करके अपने बीमार बच्चे का इलाज कराया- रंजना यादव पटना की आंगनबाड़ी सेविका कुमारी रंजना यादव जब प्रियंका गांधी के सामने अपनी बातें रख रही थी, तो इस दौरान वह भावुक हो गई थी। प्रियंका गांधी ने उन्हें संभालने के लिए पानी पिलाया था। रंजना ने कहा कि, प्रियंका गांधी से बातचीत के दौरान मैंने अपनी समस्याएं बताई। हमारी आंगनबाड़ी बहनों को ना थाली में संतुलित आहार मिल पाता है और ना हम अपने बच्चों को उचित शिक्षा दे पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, मैं बेरोजगार पति की पत्नी हूं, हमारे पति भी नहीं कमाते हैं तो हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बन गए। जब मेरा बच्चा बीमार पड़ा था तो उसके इलाज के लिए पैसे नहीं थे। मुझे अपने बच्चे के इलाज के लिए चंदा करना पड़ा। मैंने भी इंदिरा गांधी, लक्ष्मीबाई की कहानी सुनी थी। उनसे सीखा, पढ़ा और अपने संघर्ष में आगे बढ़ी। मैंने अपने बच्चे को इलाज कराकर भली-भांति खड़ा किया और बीपीएससी शिक्षक ळफए 3 ने क्वालीफाई कराया। मैंने उसे ऐसा संस्कार दिया कि बिहार के अंदर कोई भी आंगनबाड़ी वर्कर का बच्चा अगर बीमार हो तुम अपने पैसे से उसका इलाज करना। गया जिला से आई मंजूषा कुमारी एक जीविका दीदी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं का बहुत उत्पीड़न होता है। एनडीए सरकार जो बार-बार कहते हैं कि महिला सशक्तिकरण हो रहा है, ऐसा कुछ भी नहीं है। वो पैसा का प्रलोभन दे देकर सत्ता में आ रहे हैं। मगर अब महिला जागरूक हो गई है कि अब प्रलोभन में नहीं जाएगी। मैंने प्रियंका गांधी से कहा कि काफी महंगाई है। समान काम का समान वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि, हमसे फुल टाइम का काम लिया जाता है और पार्ट टाइम का दाम दिया जाता है। इसीलिए मैं बोली कि इस एनडीए सरकार में हमें खुशी नहीं है। हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, हमारी इंडिया गठबंधन बनेगी, तो हमारी मांग को पूरी किया जाएगा।



जब से कंप्यूटर आया है, तब से बाहर जाकर खेलने की तो जैसे फुरसत ही नहीं मिलती तुम बच्चों को। पर क्या तुम जानते हो कि आउटडोर खेल तुम्हारे संपूर्ण विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। क्या खेलोगे, किसके साथ और कब...यह सब आज हम तुम्हें बता रहे हैं।

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं आउटडोर खेल



घर के बाहर जाकर खेलने के काफी फायदे हैं। तुम अपने दोस्तों के और करीब आते हो, टीमवर्क समझ आता है और तुम खूब बढ़ते हो। आउटडोर खेल ऐसे नहीं होते जिन्हें सर्दी-गर्मी के हिसाब से खेला जाए। तुम किसी भी खेल को कभी भी खेल सकते हो। बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट के अलावा कई पारंपरिक खेल भी खेल सकते हो।

## ट्रेजर आइलैंड

डोरेमॉन में तुमने इसका नाम सुना होगा। वहां जाकर नोबिता और उसके दोस्त मस्ती करते हैं। लेकिन हम जिस ट्रेजर आइलैंड की बात कर रहे हैं, उसे अलग-अलग जगहों पर कई तरह के नामों से जाना जाता है। इस गेम में दो टीम बनानी होती हैं। इसमें पहली टीम किसी भी चीज को खजाना बना कर छुपा देती है। फिर पहली टीम, दूसरी टीम के लिए क्लू बनाती है। उन क्लूज को फॉलो करते हुए उस खजाने तक पहुंचना होता है। इसमें तुम टाइमिंग भी शामिल कर सकते हो। जो भी टीम खजाने को ढूंढ़ने में सफल हो जाती है, वह जीती हुई मानी जाती है।

## छुपन-छुपाई

यह खेल सबसे पुराना है। तुम्हारे मम्मी-पापा ने भी इसे बचपन में जरूर खेला होगा। इसमें खूब सारे बच्चे एक साथ इकट्ठे होते हैं। एक बच्चे को डेन चुना जाता है। डेन चुनने के लिए तुम अक्कड़-बक्कड़ का सहारा ले सकते हो। फिर बाकी बचे सभी बच्चे अलग-अलग जगहों पर छुप जाते हैं और डेन उन्हें ढूंढ़ता है। जिस बच्चे को वह सबसे पहले ढूंढ़ लेता है, अगली बार उसे ही डेन बनना होता है। लेकिन एक को ढूंढ़ने से ही काम नहीं चलता। उसे सभी को ढूंढ़ना होता है। अगर कोई छुपा बच्चा पीछे से जाकर उसे धप्पा कर दे तो डेन को फिर दोबारा डेन बनना होता है।

## स्टापू

इस खेल में जमीन में चौकोर बॉक्सेज डिजाइन कर दिए जाते हैं। फिर इनमें एक से दस तक गिनती लिखी जाती है। हर बच्चा एक-एक करके दस खानों में स्टापू फेंकता है। लंगड़ी करते हुए उस पत्थर तक पहुंचना होता है और उसे पैर से खिसकाते हुए वापस लाना होता है। इस गेम से ब्रीदिंग प्रैक्टिस होती है और हमारे पैर बेहद मजबूत होते हैं।

## स्पाइंग गेम्स

ये चोर-पुलिस की तरह का गेम होता है। इसमें दो टीम होती हैं। एक टीम चोर बनती है तो दूसरी पुलिस। पुलिस वाली टीम चोर वाली टीम को खोज कर उसे कैद करती है।

## क्रिकेट

इसका जन्म इंग्लैंड में हुआ था। क्रिकेट के पहले क्लब की स्थापना 1787 में हुई थी और पहला टैस्ट मैच 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। शुरुआत में क्रिकेट में टैस्ट मैच ही खेला जाता था, वनडे मैच की शुरुआत 1971 में हुई। पहला वनडे मैच भी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। तुमने आईसीसी का नाम तो जरूर सुना होगा। आईसीसी का पूरा नाम इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल है। जितने भी अंतरराष्ट्रीय मैच होते हैं, सभी की रूपरेखा आईसीसी निर्धारित करती है और वर्ल्ड कप का आयोजन करती है। अब तक क्रिकेट का वर्ल्ड कप सबसे ज्यादा पांच बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है, वहीं भारत दो बार विश्व विजेता बना है।

## हॉकी

हमारे देश भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है। ब्लैकहीथ एबी एंड क्लब को हॉकी का पहला संगठित क्लब माना जाता है। इसकी स्थापना 1861 में हुई थी। हॉकी का पहला इंटरनेशनल मैच 1895 में वेल्स और इंग्लैंड के बीच खेला गया था और पहला वर्ल्ड कप 1971 में पाकिस्तान और स्पेन के बीच खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने खिताब अपने नाम किया था। जानते हो, ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ बार भारत ने हॉकी का मैच जीता है।





## फुटबॉल

तुममें से काफी बच्चों को फुटबॉल खेलना पसंद होगा। जानते हो इस खेल का जन्मदाता भी इंग्लैंड ही है। भारत में अंग्रेज इस खेल को लाए और यहां के लोगों को खेलना सिखाया। फुटबॉल का पहला क्लब 1857 में स्थापित किया गया। इसका नाम शेफील्ड फुटबॉल क्लब था। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा है। फुटबॉल का पहला वर्ल्ड कप वर्ष 1930 में उरुग्वे और अर्जेंटीना के बीच खेला गया था, जिसमें उरुग्वे विजेता घोषित किया गया।

## टेबल टेनिस

इस खेल का जन्म भी इंग्लैंड में ही हुआ था। वर्ष 1926 में इंटरनेशनल टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।

## वॉलीबॉल

वॉलीबॉल का जन्मदाता यूएसए है। 1895 में इसकी शुरुआत हुई। वॉलीबॉल की प्रमुख संस्था इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन की स्थापना 1948 में हुई और पहला वर्ल्ड कप 1949 में हुआ। तो तुम भी खेलो इसे दोस्तों के साथ।

## बास्केटबॉल

इस खेल का जन्म अमेरिका में हुआ था। 1891 में जेम्स नेस्मिथ नामक अमेरिकी ने इसे खेलना शुरू किया। पहला मैच 1930 में खेला गया। बास्केटबॉल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डे बॉस्केटबॉल एसोसिएशन 1932 में बनी। इसका पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच 1927 में खेला गया।

## पिट्टू

इस खेल में भी दो टीमें होती हैं। एक टीम पत्थरों से बने पिरामिड को बॉल से तोड़ती है और फिर से उस पिरामिड को बनाने की कोशिश करती है, जबकि दूसरी टीम पिरामिड बनाने वाली टीम के सदस्य को बॉल मार कर आउट करने की कोशिश करती है।

## बैडमिंटन

ऐसा माना जाता है कि बैडमिंटन की शुरुआत भी इंग्लैंड में हुई। इसकी प्रमुख संस्था इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन का गठन 1934 में किया गया।





## बनी कैसे ऊन?


दोस्तों, क्या तुमने कभी यह सोचा है कि जिस ऊन का स्वेटर पहन हम सर्दी से बचते हैं, वह बनी कैसे? जरूर वो इंसान बहुत ही बुद्धिमान होगा, जिसने भेड़ को देखकर उससे ऊन बनाने के प्रयोग करने के बारे में सोचा होगा। यह माना जाता है कि बुनने के लिए ऊन का ही सर्वप्रथम उपयोग प्रारंभ हुआ। ऊनी वस्त्रों के टुकड़े मिस्त्र बैबिलोन की कब्रों, पुरातन ब्रिटेन निवासियों के झोपड़ों के साथ मिले हैं। रोमन आक्रमण से पहले भी ब्रिटेन वासी इनका उपयोग करते थे। विंचेस्टर फैक्टरी ने ऊन का तरह-तरह से इस्तेमाल करना शुरू किया। इसके बाद इसका इंग्लैंड में खूब प्रयोग किया जाने लगा। हेनरी द्वितीय ने कानून, वस्त्रहाट और बुनकारी संघ बनाकर इस उद्योग को प्रोत्साहित किया। सन् 1788 में हार्टफोर्ड (अमेरिका) में जल-शक्ति-चालित ऊन फैक्टरी आरंभ हुई। ऊन सफेद, काले और भूरे रंग में ही मिलती है। पालतू भेड़ों की ऊन सफेद रंग की होती है। रंगीन ऊन सबसे अधिक पुरानी नस्ल की उन भेड़ों से मिली है, जो कालीन बुनने लायक मोटे किस्म की ऊन पैदा करती हैं।



## ये होंगे फायदे

आउटडोर गेम्स से हमें कई नए दोस्त मिलते हैं, जो हमारे घर के आसपास रहते हैं और जिनसे स्कूल आने-जाने, होमवर्क और इनडोर गेम्स में बिजी रहने की वजह से हम मिल नहीं पाते। इसके अलावा, बाहर निकल कर खेलने से पढ़ाई और आसपास की तमाम दूसरी चीजों के बारे में सीख सकते हो। सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि आउटडोर गेम्स से तुम्हारा शरीर चुस्त रहेगा, भूख ज्यादा लगेगी और तुम बीमार भी नहीं पड़ोगे। इन गेम्स में कई ऐसे गेम्स भी हैं, जिनमें एक्सपर्ट होने पर तुम उस गेम की डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल टीम में चुने जा सकते हो, जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल। आउटडोर गेम्स से एक बेहतर कॅरियर भी मिल सकता है।





# नीदरलैंड में है दुनिया का पहला माइक्रोब जू

**नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में दुनिया का पहला माइक्रोब जू यानी सूक्ष्म जीव 'वाटिका' खुला है। माइक्रोपिया नामक इस जीव-जंतु वाटिका को शहर के उस जंतु पार्क 'आर्टिस' में खोला गया है जिसकी स्थापना 176 साल पहले हुई थी। यह दुनिया की सबसे पुरानी जीव-जंतु वाटिकाओं में से एक है।**

140 वर्ष पुरानी इमारत में रखा एक खूबसूरत भूरे रंग का बक्सा बैक्टीरिया, फंगस, काई तथा अन्य एक कोशिका वाले जीवों का आवास है। ये वे जीव हैं जिन्हें नंगी आंखों से देखा नहीं जा सकता परंतु धरती पर जीवन इनसे ही संभव है। वैज्ञानिकों का विश्वास है कि सूक्ष्म जीवों में से केवल 1 प्रतिशत के बारे में ही आज तक इंसान जान सका है। कई लोगों के लिए सूक्ष्म जीव नफरत व भय की भावनाएं पैदा करते हैं। दरअसल, यह डर उस चीज से है जिसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है और लोगों के मन से सूक्ष्म जीवों के बारे में इसी डर को दूर करना इस जीव-जंतु वाटिका का पहला मकसद है। हेग कहते हैं कि यदि हम प्रकृति को जानना चाहते हैं तो हमें सूक्ष्म जीवों को भी जानना होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार इंसान इन सूक्ष्म जीवों से बेशक नफरत करता हो लेकिन हर इंसान का शरीर अरबों सूक्ष्म जीवों का घर होता है। केवल इंसानों की एड़ी में ही 80 प्रकार के अलग-अलग सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं। इस बात की पुष्टि के लिए यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने शरीर का बॉडी स्कैन करवा कर देख सकता है।

चाहें तो यहां एक अन्य दिलचस्प तरीका भी है। एक जगह फर्श पर लाल रंग का दिल बना है। जैसे ही यहां खड़े होकर कोई जोड़ा एक-दूसरे का चुम्बन लेता है, करीब लगे 'किस' मीटर की स्क्रीन पर नम्बर बढ़ते जाते हैं, जब तक कि मीटर में से संदेश न आने लगे कि 'आप दोनों ने अभी 10 लाख सूक्ष्म जीवों का आदान-प्रदान किया है।' माइक्रोपिया में दिखाया जाता है कि सूक्ष्म जीव कैसे जीते हैं, कैसे भोजन करते हैं और कैसे प्रजनन करते हैं? बैक्टीरिया इतने छोटे होते हैं कि एक सूई की नोक पर 10 लाख बैक्टीरिया आराम से समा सकते हैं। डच विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञानी इन धारणाओं पर 12 साल से अधिक वक्त से माथापच्ची कर रहे हैं।

यहां उन सूक्ष्म जीवों को प्रदर्शित किया गया है जो कृत्रिम वातावरण में भी जीवित रह सकते हैं। खतरनाक बीमारियां फैलाने वाले एड्स वायरस जैसे सूक्ष्म जीवों को केवल मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सूक्ष्म जीवों को देखने के लिए यहां माइक्रोस्कोप के लैंस के साथ जोड़ा गया एक थ्री डी टैलीस्कोप है, जो नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीवों को हजार गुणा बड़ा करके दिखाता है।

# इनका रखो ध्यान



- आउटडोर गेम्स के साथ इतनी सारी अच्छी बातें जुड़ी हैं, लेकिन फिर भी कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इन बातों का ख्याल रखने पर ही आउटडोर गेम्स खेल कर भी तुम पढ़ाई को और परिवार को पूरा टाइम दे सकते हो।
- सबसे पहले तो खेलने के लिए ऐसी जगह चुनो, जो घर के आसपास हो, यानी जहां से घर वाले तुम्हें आवाज देकर बुला सकें। अगर आसपास खेलने की जगह नहीं है तो अपने पड़ोस के दोस्तों के साथ करीब की किसी जगह पर खेलने जा सकते हो, लेकिन रोज नहीं। और इस जगह के बारे में घर वालों को पता भी होना चाहिए।
- ऐसे दोस्तों के साथ खेलना शुरू करो, जिन्हें तुम पहचानते हो या जो तुम्हारे ही जैसे हों। बाहर खेलने का यह मतलब नहीं है कि तुम इनडोर गेम्स को पूरी तरह गुडबाय कह दो, क्योंकि एक तो इनसे भी तुम्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है, दूसरे आउटडोर गेम्स रोज नहीं खेले जा सकते।
- ज्यादातर ऐसे गेम्स के लिए टीम की जरूरत पडम्ती है और कभी-कभी दोस्तों का बाहर आकर खेलने का मन नहीं होता। अगर इन सारी बातों का ध्यान रखोगे तो तुम्हें आडटडोर गेम्स के बहाने एक नई दुनिया देखने को मिलेगी। नए दोस्त बनेंगे, फिजिकल फिटनेस रहेगी और कई सारी नई बातें भी सीख सकोगे। तो फिर देर किस बात की है, तुम अपने आसपास के दोस्तों के साथ मिल कर गेम प्लान करो और खेलने के लिए तैयार हो जाओ।

# भारत-पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला आज, टीम इंडिया की निगाहें सिर्फ जीत पर

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। रविवार को दुबई में एशिया कप 2025 के फाइनल में उतरने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी सिर्फ एक चीज़ पर ध्यान केंद्रित करेंगे वो है पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करना। यह हाई-वोल्टेज मुकाबला न केवल क्रिकेट के रोमांच से भरा होगा, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक तनाव और भावनात्मक उतार-चढ़ाव भी छिपे हैं। वर्षों से भारत-पाकिस्तान मैचों में उत्साह कम नहीं रहा, लेकिन शायद ही कभी मैदान और मैदान के बाहर की राजनीति इतनी घनीभूत रही हो।

इस एशिया कप 2025 में अभी तक सुर्खियों में अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव रहे। अभिषेक ने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ लगातार तीन अर्धशतक जमाए हैं, जबकि कुलदीप ने 13 विकेट लेकर भारतीय टीम की गेंदबाजी को मजबूती दी। हालांकि, यह सफलता भी विवादों और टकराव से अलग नहीं रही। भारत-पाकिस्तान के पहले मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस और मैच के बाद हाथ नहीं मिलाया, जिससे पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ ने तानों और भड़काऊ इशारों के जरिए जवाब दिया। यह घटना इतनी गर्मागरम हुई कि दोनों खिलाड़ी आईसीसी के जांच के दायरे में आए और 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। पाकिस्तान के गृह मंत्री और क्रिकेट बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर माहौल और गर्म किया।

कागजों पर भारत टूर्नामेंट में अब तक अजेय है। लगातार छह जीत के बावजूद श्रीलंका ने भारत को केवल सुपर ओवर तक ही रोका। पाकिस्तान फाइनल तक लड़खड़ाता हुआ पहुंचा है, लेकिन उनके मुख्य कोच माइक हेसन ने बांग्लादेश को हराने के बाद कहा, 'फाइनल ही एकमात्र मैच है जो मायने रखता है।' भारत का सहयोगी स्टाफ भी यही सोचता है। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बताया कि अब 'बदसूरत जीत भी जीत होती है।' हालांकि, भारत के खिलाड़ी चोटों से पूरी तरह मुक्त नहीं हैं। श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पांड्या मांसपेशियों की चोट के कारण मैदान से हट गए, जबकि अभिषेक शर्मा को भी ऐंठन की समस्या हुई।

मोर्कल ने पुष्टि की कि अभिषेक पूरी तरह फिट हैं। पंजाब के इस बल्लेबाज ने छह मैचों में 309 रन बनाकर भारत की बल्लेबाजी का भार अकेले उठाया है। इस अंतर को देखकर साफ है कि बाकी खिलाड़ियों पर भी दबाव रहेगा। शुभमन गिल, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने कुछ अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन असली जिम्मेदारी अभिषेक के कंधों पर है। अगर वह सफल नहीं रहे, तो टीम को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

पाकिस्तान की कमजोरियों का फायदा




भारतीय टीम उठा सकती है। सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम का बल्लेबाजी क्रम संतुलित नहीं रहा, जबकि कुछ खिलाड़ियों जैसे साहिबजादा फरहान ने ही चुनौती दी। सईम अयूब का टूर्नामेंट निराशाजनक रहा। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ाए। इसलिए फाइनल में कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की भूमिका निर्णायक हो सकती है। पाकिस्तान की उम्मीदें शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राऊफ के आक्रामक प्रदर्शन पर टिकी हैं, लेकिन उन्हें भी अपने साथी गेंदबाजों का पूरा समर्थन नहीं मिलेगा। 28 सितंबर को रात आठ बजे भारतीय समयानुसार खेला जाने वाला यह मुकाबला शिष्टाचार से ज्यादा नतीजों के लिए याद रखा जाएगा। दोनों ही टीमें एक दूसरे पर जीत के लिए जी जान लगाती नजर आएगी। भारत-पाकिस्तान की यह जंग केवल क्रिकेट नहीं, बल्कि सम्मान और भावनाओं का भी प्रतिरूप होगी।

### अब तक 5 बार आमने-सामने

भारत और पाकिस्तान के बीच मल्टी नेशन्स टूर्नामेंट के इतिहास में फाइनल मुकाबलों की बात करें तो यह पहली बार है जब दोनों टीमें एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच हुए फाइनल मुकाबलों में 1985 में भारत ने बेन्सन एंड हेजेस वर्ल्ड चैम्पियनशिप में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी, जबकि 1986 में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रल-एशिया कप में 1 विकेट से जीत हासिल की थी। 1994 में पाकिस्तान ने शारजाह में 39 रनों से मुकाबला जीता। 2007 के टी20 विश्व कप में भारत ने 5 रनों से जीत दर्ज की, जबकि 2017 की चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान ने 180 रनों से मैच अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में तीसरी बार दोनों टीमें आमने-सामने हैं, जिसमें भारत ने दोनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल की। फाइनल में भी भारतीय टीम यही सिलसिला जारी रखना चाहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान-** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

# अभिषेक शर्मा और शाहीन शाह अफरीदी के बीच हो सकती हैं 'कांटे की टक्कर'





**दुबई (एजेंसी)।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा है कि रविवार को एशिया कप 2025 फाइनल में अभिषेक शर्मा और शाहीन शाह अफरीदी के बीच मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांचक साबित होगा। मोर्कल ने इन दोनों खिलाड़ियों के साथ काम किया है और उन्हें पूरी तरह समझते हैं। उन्होंने बताया कि यह आमने-सामने का मुकाबला खेल के लिए बेहद दिलचस्प रहेगा। मोर्कल ने कहा, ''शाहीन निश्चित रूप से आक्रामक गेंदबाज हैं जो बल्लेबाज को पटखनी देने की कोशिश करेंगे और अभिषेक भी पीछे नहीं हटेंगे। जब भी ये दोनों आमने-सामने आए हैं, तब हम सभी क्रिकेट प्रेमी अपनी सीटों से चिपके रहते हैं। यह खेल के लिए बहुत अच्छा है।'' दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं। शाहीन लंबे समय से पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं, जबकि भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मौजूदा एशिया कप में अपनी तेजतर्रार बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। छह मैचों में अभिषेक ने लगातार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीन अर्धशतक और तीन बार 30 या उससे अधिक के स्कोर बनाए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट के पहले दो मैचों में भी अभिषेक ने शाहीन की गेंदबाजी पर दबदबा बनाया। 14 सितंबर को खेले गए ग्रुप स्टेज मैच में उन्होंने फुलटॉस पर चौका लगाया, जबकि 21 सितंबर के मैच में स्क्वायर के पीछे हुक से छक्का जड़ा। मोर्कल ने कहा, ''हां, तो चलिए रविवार को इसका इंतजार करते हैं और इस टक्कर का आनंद लेते हैं।'' पूर्व दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मोर्कल के अनुसार, फाइनल में यह मुकाबला सिर्फ व्यक्तिगत श्रेष्ठता का नहीं बल्कि दोनों टीमों की रणनीति और दबाव को संभालने की क्षमता का भी मापदंड होगा। उन्होंने बताया कि शाहीन की सटीक गेंदबाजी और अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी के बीच टकराव दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक साबित होगा। रविवार को रात आठ बजे भारतीय समयानुसार खेला जाने वाला यह मैच दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए न केवल रोमांचक होगा, बल्कि अभिषेक और शाहीन के बीच होने वाली 'कांटे की टक्कर' क्रिकेट इतिहास में यादगार भी रहेगी।

# पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मशहूर कमेंटेटर सूर्यकुमार के फार्म पर उठाए सवाल

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया की रविवार को टी20 एशिया कप 2025 फाइनल में चिर प्रतिद्विंदी पाकिस्तान से टक्कर होगी। भारत मौजूदा सीजन में तीसरी बार पाकिस्तान से भिड़ेगा। खिताबी मुकाबले से पहले आकाश चोपड़ा ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार का इस साल सिर्फ 12 का औसत है। बता दें कि सूर्या ने एशिया कप में अभी तक 6 मैचों की 5 पारियों में 23.66 के औसत से मात्र 71 रन बनाए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण में नाबाद 47 रनों की पारी खेली थी जबकि बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 मैच में केवल 5 रन बनाए। वहीं, भारतीय कप्तान का पाकिस्तान के विरुद्ध सुपर-4 मैच में खाता नहीं खुला और श्रीलंका के सामने 12 रन बनाए। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मशहूर कमेंटेटर चोपड़ा ने कहा, ÷क्या सूर्यकुमार की फॉर्म चिंता का विषय है? यह निश्चित रूप से बड़ा सवाल है और हमें अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं मिला है। सूर्या ने इस साल जो टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें उनका औसत 12 का रहा है।

# जूनियर महिला हॉकी: भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हारी

**कैनबरा (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम के खिलाफ 0-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो मौजूदा दौरे पर टीम की लगातार दूसरी हार है।

ऑस्ट्रेलिया के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें और 52वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि सैमी लव (38वें मिनट) और मिगालिया होवेल (50वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत को शुक्रवार को पहले मैच में कड़े मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम को दूसरे मैच में वापसी की उम्मीद थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती से ही आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया।

मकायला ने जल्दी-जल्दी दो गोल दागकर शुरुआत में ही भारतीय टीम को बैकफुट पर ला दिया। दूसरे हाफ में भी ऑस्ट्रेलिया ने हमले जारी रखे और मौकों का फायदा उठाया। सैमी ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा। मिगालिया ने गोल करके स्कोर 4-0 किया जबकि मकायला ने हैट्रिक पूरी करके मेजबान टीम की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। भारत दौरे के अपने तीसरे मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से भिड़ेगा।



# भारत बनता जा रहा सुपर ओवर का बादशाह, एक भी नहीं हारा अब तक

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के आखिरी सुपर-4 मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराकर जीत का छक्का लगाया और टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। टीम इंडिया पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी थी, लेकिन दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच ने रोमांच की सारी हदें पार कर दीं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा की एक और आतिशी पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसांका के धमाकेदार शतक के सहारे 5 विकेट पर उतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। इसके बाद फैसला सुपर ओवर में गया, जहां अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने बाजी मार ली। सुपर ओवर में श्रीलंका बल्लेबाजी करने उतरा और अर्शदीप सिंह ने पहली ही गेंद पर कुशल परेरा को चलता कर दिया। चौथी गेंद पर दासुन शनाका भी कैच आउट होकर लौट गए। इस तरह श्रीलंका महज 2 रन ही बना सका। भारत को जीत के लिए मिले 3 रन का लक्ष्य सूर्यकुमार यादव ओर शुभमन गिल की जोड़ी ने पहली ही गेंद पर हासिल कर लिया।

# फाइनल से पहले पंड्या की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन

दुबई। एशिया कप 2025 में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में जब टीम इंडिया पर हार का खतरा मंडरा रहा था, उस वक्त मैदान पर सभी खिलाड़ी तनाव में नजर आ रहे थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव रणनीति बनाने में जुटे थे, लेकिन इस बीच हार्दिक पंड्या अचानक मैदान से गायब हो गए। पहले ओवर में गेंदबाजी करने के बाद उनके न दिखने पर हर किसी के मन में सवाल उठने लगे कि आखिर हार्दिक कहां चले गए। जैसे ही यह खबर आई कि हार्दिक ड्रेसिंग रूम में हैं, फैंस और टीम मैनेजमेंट दोनों की चिंता बढ़ गई। क्योंकि यह साफ था कि अगर इतने अहम और सांस रोक देने वाले मुकाबले के दौरान हार्दिक मैदान पर नहीं हैं, तो जरूर कुछ गंभीर बात है। और वही हुआ, जिसका डर था। मैच के बाद सुपर ओवर में जीत दर्ज करने के बावजूद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हार्दिक का नाम लिए बिना कहा, 'आज रात अच्छी तरह रिकवरी करनी है। अभी फाइनल पर ध्यान नहीं देना चाहिए। कुछ खिलाड़ियों को ज्यादा ऐंठन हुई है। कल रिकवरी का दिन है और हम फिर वैसा ही प्रदर्शन करेंगे।' कुछ ही देर बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने भी पुष्टि की कि हार्दिक पंड्या इंजर्ड हैं और उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम नजर बनाए हुए है। मोर्कल ने कहा कि हार्दिक और युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा दोनों ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे। हालांकि अभिषेक की स्थिति ठीक बताई गई, लेकिन हार्दिक की चोट को लेकर टीम प्रबंधन एहतियात बरत रहा है। मोर्कल ने साफ किया कि हार्दिक की फिटनेस को रात और सुबह दोबारा परखा जाएगा, उसके बाद ही फाइनल खेलने पर फैसला लिया जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ हार्दिक का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने अब तक खेले गए 12 इंटरनेशनल मैचों में 35 की औसत से 315 रन बनाए हैं और साथ ही 25 विकेट भी चटकाए हैं।



# विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप: शीतल देवी 18 साल की उम्र में बनी विश्व चैंपियन

**दक्षिण कोरिया (एजेंसी)।** भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गई जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गई। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया।

इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाई।

तुर्की की जोड़ी ने अधिक निरंतरता दिखाई और उन्होंने एक बार 10 और तीन बार 9 अंक के साथ कुल स्कोर के आधार पर एक अंक की बढ़त हासिल कर ली। गिर्डी और उन ने अगले राउंड में संभावित 40 में से 39 अंक जुटाकर जीत सुनिश्चित की जबकि भारतीय टीम 36 अंक ही बना पाई जिसमें एक तीर सात अंक पर लगा। तुर्की ने 152-148 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।



# श्रीलंका की करीबी हार पर जयसूर्या की तीखी टिप्पणी, उस समय लय बदल गई

स्पोर्ट्स डेस्क : श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने एशिया कप के सुपर ओवर में भारत से मिली हार पर अपनी राय साझा की। श्रीलंकाई टीम को सुपर ओवर में मामूली हार का सामना करके भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपनी अपराजेयता बरकरार रखी। श्रीलंका के पास निर्धारित ओवरों में खेल खत्म करने का मौका था क्योंकि उन्हें आखिरी गेंद पर तीन रन चाहिए थे। हालांकि अक्षर पटेल द्वारा गेंद को आसानी से पकड़ने में नाकाम रहने के बावजूद दासुन शनाका ने तीसरा रन नहीं लिया। ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका को बस दूसरा रन लेने की चिंता थी और इसीलिए उन्होंने डाइव लगाकर उसे पूरा किया। जयसूर्या खुश नहीं थे कि मैच सुपर ओवर तक गया क्योंकि वह चाहते थे कि मैच सामान्य समय में ही खत्म हो जाए। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं मैच को सामान्य समय में ही खत्म करना पसंद करता। कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से, दासुन तीसरा रन पूरा करने से चूक गए। लेकिन नहीं, भारत के खिलाफ कोई मानसिक अवरोध नहीं है। हमारा बल्लेबाजी क्रम मजबूत है और हमने उन्हें आत्मविश्वास दिया है। 200 203 के लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग कर ही लिया, जो हमारी क्षमता को दर्शाता है।' जयसूर्या ने आगे कहा, 'जब आप 202 203 के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री लगानी होती हैं। उनकी साझेदारी अहम थी। जब हमने विकेट गंवाने शुरू किए, तो लय बदल गई। लक्ष्य का पीछा करते समय ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी को भी जोखिम उठाना पड़ता है। दुर्भाग्य से, पथुम गलत समय पर आउट हो गए और बाद में गेंद ज्यादा टर्न लेने लगी। फिर भी, यह क्रिकेट का एक बहुत अच्छा मैच था।' गौर है कि भारत बनाम श्रीलंका मैच में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को एशिया कप में पहली बार दबाव में ला दिया लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह के बेजोड़ प्रदर्शन से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाये। जवाब में निसांका के शतक की मदद से श्रीलंका ने जीत की ओर लगभग कदम रख दिया था। लेकिन वे सुपर ओवर में रन बनाने में नाकाम रहे।



# एशिया कप : इतिहास रच गई पथुम निसांका-कुसल परेरा की जोड़ी

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के अंतिम सुपर 4 मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराकर जीत दर्ज की, लेकिन इस मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाजों पथुम निसांका और कुसल परेरा ने टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और केएल राहुल के नाम था, जिन्होंने 8 सितंबर 2022 को अफगानिस्तान के खिलाफ पहले विकेट के लिए 119 रन जोड़े थे। टी20 एशिया कप में 100+ रनों की साझेदारी के मामले में तीसरी बड़ी साझेदारी पाकिस्तान के उमर अकमल और शोएब मलिक की थी, जिन्होंने 29 फरवरी 2016 को यूएई के खिलाफ चौथे विकेट के लिए 114 रन की अटूट साझेदारी बनाई थी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाकर योगदान दिया। श्रीलंका ने भी इसी स्कोर तक 5 विकेट खोकर पहुँचकर मैच को टाई करा दिया। पथुम निसांका ने 58 गेंदों में 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 107 रन बनाए, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन जोड़े। मुकाबला सुपर ओवर तक गया, जहां श्रीलंका केवल 2 रन ही बना सकी और भारत ने पहली ही गेंद पर जीत दर्ज की। अब फैंस की नजरें रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान के खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं। इस संस्करण में भारत पहले ही पाकिस्तान को दो बार हराकर फाइनल में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि फाइनल में भी टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहेगा। यह पहला मौका होगा जब टी20 फॉर्मेट में एशिया कप का खिताबी मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा।

# क्रिकेटरों की मेहनत ने मुझे एथलेटिक्स में प्रेरित किया : उसैन बोल्ट

मुंबई। ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने खुलासा किया है कि क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने उन्हें एथलेटिक्स में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। जमनाबाई नरसी परिसर में आयोजित फायरसाइड चैट में बोल्ट ने कहा, मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। क्रिकेटरों की प्रतिभा, उनके काम करने का तरीका और खुद को आगे बढ़ाने का अंदाज देखकर मैंने छोटी उम्र में ही कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने का संकल्प लिया।

बोल्ट ने भारत में अपने अनुभव को अविस्मरणीय बताया और कहा, इतने उत्साही प्रशंसकों से मिलना अद्भुत अनुभव है। यह मुझे याद दिलाता है कि खेल क्यों मायने रखते हैं और कैसे वे दुनिया के लोगों को जोड़ते हैं। यहां की ऊर्जा अद्भुत है, और मुझे ड्रीम सेट गो के विजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो प्रशंसकों को उनके पसंदीदा खेलों के और भी करीब लाता है। धावक ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मेरे लिए मेहनत जितनी सरल है, उतनी ही आवश्यक भी है। मुझे ट्रैक एंड फील्ड हमेशा से पसंद रहा है, और मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन परिस्थितियों के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनाने के लिए प्रेरित किया।

# हमारी विश्व कप टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन: हरमनप्रीत

**दुबई (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार ICC की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। टीम इससे पहले 2 मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी।

भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ICC के लिए अपने कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, 'हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी प्रतिभावान बल्लेबाज टीम में मौजूद हैं।' स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक जड़े जबकि उनकी साथी सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भी बल्ले से उम्दा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग में स्पिनरों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में दिल्ली में हुए निर्णायक तीसरे एकदिवसीय में भारतीय स्पिनरों ने काफी रन लुटाए थे।

हरमनप्रीत ने आगे कहा, 'गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है जिसमें रेणुका ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और प्रतिभावान क्रांति गौड़, श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर के रूप में तीन ऑलराउंडर भी हैं जो मैच का रुख भारत की ओर मोड़ सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'एक संतुलित टीम। टूर्नामेंट से पहले समर्पित और केंद्रित तैयारी। सफलता के लिए तत्पर और दृढ़ टीम के साथ हम सकारात्मकता और विश्वास के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में प्रवेश कर रहे हैं।'

हरमनप्रीत ने 2017 में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाकर भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत ने कहा



कि हालांकि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है।

## अंधी रफ्तार से हाइवे पर दौड़ रही थार, अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ी, 5 की मौत 1 गंभीर

नई दिल्ली (एजेंसी)। शनिवार सुबह दिल्ली-जयपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। दिल्ली से गुरुग्राम की तरफ अंधी रफ्तार से दौड़ रही थार क्रमांक यूपी 81 सीएस 2319 अचानक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से जाकर भिड़ गई, इसके बाद तेजी से ऊपर उछली और जमीन पर आते ही पलट गई। इस हादसे में 3 लड़कियों समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। घटना झाड़सा चौक के पास शनिवार की सुबह 4:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार, जब थार कार का ड्राइवर तेज गति के कारण नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और क्षतिग्रस्त वाहन को मुख्य मार्ग से हटाया। हादसे की जांच जारी है। पुलिस मृतकों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कार दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जा रही थी। गाड़ी में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां शामिल थीं। हादसे में दो युवतियों और दो युवकों समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, एक लड़की ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल है और निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## कांग्रेस विधायक की धमकी, प्रदूषण फैला रही अरबिंदो फार्मा इकाई को आग लगा दूंगा

हैदरबाद (एजेंसी)। तेंलगाना के महबूबनगर के जादचेरला से कांग्रेस विधायक जे अनिरुद्ध रेड्डी ने धमकी दी है कि वे प्रदूषण फैला रही अरबिंदो फार्मा इकाई को आग लगा दूंगा। विधायक ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) को इकाई के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए एक दिन का समय दिया है। कांग्रेस विधायक अनिरुद्ध ने कहा कि यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उनके निर्वाचन क्षेत्र में मुदिरेड्डीपल्ली नाले में अपशिष्ट छोड़ने के लिए कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते वे खुद आग लगाने जाएंगे। विधायक अनिरुद्ध ने वीडियो संदेश में कहा कि पीसीबी से बार-बार शिकायतें की गईं। राज्य विधानसभा में मुद्दा उठाया गया, बावजूद इसके इस प्रदूषण पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। विधायक अनिरुद्ध ने वीडियो संदेश में कहा कि पोलेपल्ली स्पेशल इकोनॉमिक जोन में चल रही अरबिंदो फार्मा यूनिट, मुदिरेड्डीपल्ली जलाशय में अपशिष्ट छोड़ रही है, इससे हजारों मछलियां मर रही हैं और खेती वाला इलाका प्रदूषित हो रहा है। मैं प्रदूषण बोर्ड को एक दिन का समय दे रहा हूं। मैं एक वीडियो भेजूंगा कि कैसे (प्लांट से) (प्रदूषक) पानी छोड़ा जा रहा है। अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब मैं रविवार सुबह 11 बजे फैक्ट्री पहुंचूंगा और फैक्ट्री को जला दूंगा।

## दिल्ली में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, परिवार गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने राजौरी गार्डन इलाके में छापेमारी कर 3,580 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में एक परिवार—पति, पत्नी और उनका बेटा—को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी परिवार अपने घर को गोदाम में बदलकर पटाखों की री-पैकिंग कर रहा था और इन्हें सप्लाई करने की तैयारी में था। पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित एक घर पर छापा मार कार्रवाई करते हुए करीब 3580 किलो से अधिक अवैध पटाखे जब्त किए हैं। सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के बावजूद आरोपी परिवार ऊंचे मुनाफे के लालच में पटाखों की री-पैकिंग और बिक्री करने में व्यस्त था। इस अवैध कारोबार में लिप्त होने के आरोप में पुलिस ने घर के मालिक सुशील कक्कड़, पत्नी उपासना कक्कड़ और बेटे शिवम कक्कड़ को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है, कि ये पटाखे मेरठ, गुरुग्राम और गाजियाबाद से मंगवाए गए थे। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों का निर्माण और बिक्री प्रतिबंधित है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण की अनुमति दे दी है, लेकिन बिक्री पर फिलहाल रोक जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## ठेकेदारों, व्यापारियों से वसूली करने वाले दो माओवादियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

रांची (एजेंसी)। एनआईए ने रांची स्थित एनआईए की विशेष कोर्ट में दो माओवादियों के विरुद्ध दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। इन माओवादियों में पश्चिमी सिंहभूम जिले का जयपाल देवगम व छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले का बुदरू पदम उर्फ रोहित पदम शामिल हैं। एनआईए ने शुक्रवार को पेश चार्जशीट में बताया है कि ये दोनों ही माओवादी प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता थे और आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने में शामिल थे। ये माओवादियों की बैठक में शामिल होते थे। माओवादियों के लिए ठेकेदारों, व्यापारियों से जबरन वसूली करते थे। संगठन के साथियों के साथ दहशत फैलाने से लेकर माओवादी गतिविधियों में हथियार चलाने में भी शामिल थे। इन दोनों ने अन्य कुख्यात माओवादियों को शरण भी दी थी, ताकि आतंक फैलाने के साथ आपराधिक साजिश को बढ़ावा दे सकें। एनआईए इस मामले में अभी जांच कर रही है। इससे पहले एनआईए ने जुलाई 2025 में चार्जशीट दाखिल की थी। इससे पहले पश्चिमी सिंहभूम जिले की टोंटो थाने की पुलिस ने भी मार्च 2024 में पांच आरोपितों पर अपनी पहली चार्जशीट दाखिल की थी। एनआईए ने यह चार्जशीट पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी और राजाभासा गांवों के बीच जंगल से 24 मार्च 2024 को बरामद 10 लाख 50 हजार रुपए नगद, वाकी-टाकी, टेबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी बरामदी रसीद, जिलेटिन स्टीक, नेक बैंड आदि बरामद की थी। यह बरामदगी माओवादियों के सहयोगी राजेश देवगम की निशानदेही पर की थी। राजेश देवगम 2023 में गिरफ्तार हुआ था। उससे पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर ही 24 मार्च 2024 को उक्त बरामदगी हुई। सभी रुपए और सामान प्लास्टिक के जार में रखकर जमीन के अंदर छिपा खा था। इसके बाद टोंटो थाने में एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा, 25 लाख के इनामी स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य अजय महतो उर्फ बुधराम, अपटन, राजेश देवगम और मुठभेड़ में मारे गए कांडे उर्फ दिरिसुम को आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# यहां भी दिखने लगा जेन-ज़ी वाला आक्रोश: कर्नाटक से उत्तराखंड तक विरोध करने सड़कों पर उतरे

### बेरोजगारी और पेपर लीक बने बड़े मुद्दे

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के अलग-अलग हिस्सों में युवाओं का गुस्सा सड़कों पर दिखाई देने लगा है। कर्नाटक के धारवाड़ से लेकर उत्तराखंड तक बेरोजगारी और भर्ती घोटालों को लेकर छात्र-युवा आंदोलनरत हैं। स्थिति यह बन गई है कि बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती में देरी जैसे मुद्दे अब सरकारों के लिए बड़ा सिरदर्द बनते जा रहे हैं।

विदेशों में खासतौर पर श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में जेन-ज़ी आंदोलन ने जिस तरह से सरकार का तख्ता पलट कर रख दिया, उससे युवाओं के अंदोलनों को गंभीरता से लिया जाने लगा है।

देश के अलग-अलग राज्यों व शहरों में हो रहे आंदोलन अलग-अलग कारणों से हो रहे हैं, लेकिन इन आंदोलनों में युवाओं का सड़कों पर उतरना खास मायने रखता है। ऐसे ही कर्नाटक के धारवाड़ में हजारों युवाओं ने सरकारी नौकरियों में लंबित भर्तियों को लेकर प्रदर्शन किया। अखिल कर्नाटक विद्यार्थी संगठन के बैनर तले हुए इस आंदोलन में युवाओं ने पुलिस कांस्टेबलों समेत हजारों खाली पदों पर तत्काल भर्ती की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राज्य सरकार परीक्षाएं कराने में लगातार देरी कर रही है, जिससे युवा भविष्य को लेकर असमंजस में हैं।

राज्य में कांग्रेस की सरकार है, जिसने बेरोजगारी के मुद्दे पर



भाजपा को घेरा था, लेकिन अब खुद उस पर सवाल उठ रहे हैं। धारवाड़ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का लोकसभा क्षेत्र भी है, जिससे इस विरोध की राजनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।

#### उत्तराखंड में पेपर लीक से भड़का आक्रोश

दूसरी ओर, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों ने राज्य की राजनीति को हिला दिया है। परीक्षा के अगले दिन ही प्रश्न पत्र वायरल होने से सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। बेरोजगार संगठन और छात्र राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में धरने पर बैठे हैं, जबकि कई स्थानों पर मार्च और प्रदर्शन किए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना को 'नकल जिहाद' बताते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन छात्रों ने नाराजगी जताते हुए नारे लगाए - ÷पेपर चोर, गद्दी छोड़।÷ पुलिस ने हरिद्वार परीक्षा केंद्र के उम्मीदवार खालिद मलिक और उसकी बहन साबिया को गिरफ्तार किया है। वहीं, टिहरी के एक प्रोफेसर सुमन से पूछताछ गवाह के तौर पर की जा रही है।

#### जेन-ज़ी आक्रोश सरकारों के लिए चुनौती?

कर्नाटक और उत्तराखंड के इन आंदोलनों ने बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में युवाओं की बेचैनी को और उजागर कर दिया है। जानकार मानते हैं कि लगातार बेरोजगारी, भर्ती में पारदर्शिता की कमी और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने जेन-ज़ी को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया है। अगर यह आंदोलन लंबा खिंचता है तो निश्चित रूप से आने वाले चुनावों में यह राजनीतिक दलों के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

## संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी... मोदी सरकार के फैसले से शशि थरूर को फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिससे वे एक साल के बजाय दो साल तक काम कर सकेंगी। कार्यकाल बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य समितियों को अधिक निरंतरता देना है, ताकि वे विधेयकों, रिपोर्टों और नीतिगत मामलों की गहनता से जांच कर सकें। वर्तमान समितियों का कार्यकाल 26 सितंबर को समाप्त हो गया है। अभी तक इन समितियों का हर साल पुनर्गठन होता है। कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने की तैयारी है। विपक्ष सहित कई सांसदों का मानना है कि गहन अध्ययन के लिए एक साल पर्याप्त नहीं है। वहीं मोदी सरकार के इस फैसले से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को बड़ा फायदा होगा, क्योंकि वे इस समय विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। कार्यकाल दो साल होने पर वह पार्टी से मतभेदों के बावजूद दो साल और इस पद पर बने रह सकते हैं। ये संसद की स्थायी इकाइयाँ होती हैं, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सांसद शामिल होते हैं। ये समितियाँ मिनी संसद की तरह काम करती हैं और विधेयकों की जांच, सरकारी नीतियों की समीक्षा, बजट आवंटन की पड़ताल और मंत्रालयों को जवाबदेह ठहराने का काम करती हैं। स्थायी समितियों के अध्यक्षों में बड़े बदलाव की संभावना कम है, लेकिन नए नियुक्त सदस्यों का कार्यकाल एक साल से बढ़कर दो साल हो सकता है।



## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को शिंदे की दो टूक, शेर की खाल पहनने से गीदड़ शेर नहीं बनता

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताकर कहा कि पाकिस्तानी नेता को अपनी हद में रहना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि उन्हें अपनी हद में रहना चाहिए। शिंदे ने शाहबाज पर तंज कसते हुए कहा कि शेर की खाल पहनने से गीदड़ शेर नहीं बनाता है। शिंदे का यह बयान संयुक्त राष्ट्र महासभा में शहबाज शरीफ के भाषण के जवाब में आया है।



पीएम शरीफ ने कहा कि इस साल मई में, मेरे देश को पूर्वी मोर्चे से बिना उकसावे के आक्रमण का सामना करना पड़ा। दुश्मन अहंकार में आया, और हमारी सेना ने उन्हें अपमानित करके वापस भेज दिया। भारत ने पहलगाम घटना की स्वतंत्र जाँच के मेरे ईमानदार प्रस्ताव को ठुकराकर मानवीय त्रासदी से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की। इसके बजाय, उसने हमारे शहरों पर हमला कर हमारे निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। जब हमारी क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन किया गया, तब हमारी प्रतिक्रिया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार के अनुसार थी।

पीएम शरीफ ने फिर भारत के बारे में झूठे दावे कर दावा किया कि पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया, जैसा कि वे पहले भी कह चुके हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने अद्भुत पेशेवर तरीके से जवाब दिया, आक्रमण को नाकाम किया और 7 भारतीय विमानों को मार गिराया, उन्हें कबाड़ में मिला दिया। हालाँकि, शाहबाज ने यह स्वीकार करने में विफल रहे कि भारत की प्रतिक्रिया आतंकी ढाँचे को निशाना बनाकर किया गया एक सुनियोजित सैन्य अभियान था।

# राहुल गांधी बाढ़ में बह जाते तो मुझ पर पाकिस्तान भेजने के आरोप लगते: सीएम मान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब विधानसभा में बाढ़ को लेकर आयोजित विशेष सत्र में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विपक्ष के एक एक सवाल के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने तंज भी कसे और निशाने भी साधे। सीएम भगवंत मान ने विपक्ष पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जिसका जितना दिमाग, उसने उतनी बात की है। कुछ लोग आपदा में अवसर ढूंढते हैं और बाढ़ के बहाने मुझे गालियां देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी दी गई थी, लेकिन रावी नदी का बहाव तेज था। अगर वे बह जाते, तो विपक्ष आरोप लगाता कि राहुल गांधी को पाकिस्तान भेज दिया गया।

सीएम ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि केंद्र ने स्टेट डिजास्टर फंड में 25 साल में कुल 6,090 करोड़ रुपये दिए। इसके अतिरिक्त बाकी राशि पंजाब सरकार द्वारा दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने पैसा खा लिया, जबकि दिल्ली से आए केंद्रीय मंत्री केवल फोटो खिंचाकर चले गए। उन्होंने बताया कि



प्रधानमंत्री ने हेलिकॉप्टर से निरीक्षण किया, लेकिन नीचे फौज और भाजपा-कांग्रेस के प्रतिनिधि बैठे थे। उन्होंने कहा कि 1,600 करोड़ रुपये का पैकेज घोषित किया गया, लेकिन 2,305 बाढ़ प्रभावित गांवों में हर गांव के हिस्से में केवल 80 लाख रुपये भी नहीं पहुंचे। सीएम भगवंत मान ने बीबीएमबी द्वारा पानी नहीं छोड़ने के मामले पर कहा कि सिर्फ 4,000 क्यूसिक पानी छोड़ने की बात थी, इससे बाढ़ कैसे रोकी जा सकती थी? उन्होंने बताया कि रणजीत सागर डैम, पौंग डैम, और भाखड़ा डैम में इस बार 1988 की तुलना में बहुत अधिक पानी आया। उन्होंने घग्गर नदी की सफाई और डिसिल्टिंग का डेटा साझा किया, जो 60 साल में पहली बार भाखड़ा और पौंग में की गई। सीएम ने बाढ़ राहत पैकेज को सीएम रिलीफ फंड में न मंगाने पर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सीएम रिलीफ फंड में सीएसआर का पैसा नहीं आ सकता और इसमें सांसद केवल 20 लाख रुपये ही दे सकते हैं। उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा बनाई गई सोसाइटी का हवाला देते हुए कहा कि वह वित्तमंत्री के अधीन है और इसके विवरण बाद में बताए जाएंगे। बता दें कि पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को बाढ़ को लेकर विशेष सत्र में करीब छह घंटे तक बहस हुई, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विपक्ष के हर आरोप का जवाब देते हुए पंजाब में आई बाढ़ की स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के दौरे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाने के प्रयास और केंद्र सरकार की ओर से दिए गए पैकेज के मुद्दों पर खुलकर बात की। बहस के बाद विधानसभा को सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## खुलासा: आतंकवादी एलओसी पर मौजूद, घुसपैठ की कर सकते हैं कोशिश

### –सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क, पाक की हर नापाक हरकत करेंगे नाकाम

**जम्मू (एजेंसी)।** एक बार फिर से देश की सीमाएं हाई अलर्ट पर है क्योंकि खबरें आ रही है कि पाकिस्तान बड़े घुसपैठ की योजना बना रहा है। बीएसएफ के कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक ने शनिवार को कहा कि सीमा पार से आतंकवादी कश्मीर घाटी में घुसपैठ की फिराक में हैं, लेकिन सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क हैं और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट में महानिरीक्षक ने कहा कि सर्दी की शुरुआत से पहले घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें तेज हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि बर्फबारी से पहले हमेशा घुसपैठ की कोशिशें होती है। अभी करीब दो महीने बाकी हैं और नवंबर तक घुसपैठ की आशंका बनी रहती है। आतंकवादी इस अवधि में सक्रिय रहते हैं। लेकिन सुरक्षा बलों की सतर्कता के कारण घुसपैठ करना मुश्किल है।

उन्होंने बताया कि आतंकवादी एलओसी के दूसरी ओर मौजूद हैं और घाटी में घुसपैठ करने की तलाश में हैं। बीएसएफ के अधिकारी ने कहा कि बांदीपोरा और कुपवाड़ा सेक्टरों में एलओसी के पार आतंकवादी सक्रिय हैं। वे घुसपैठ की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हमारी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। कई बार वे खराब मौसम का इंतजार करते हैं, ताकि उसका फायदा उठा सकें। हम हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं।

महानिरीक्षक ने कहा कि सेना और बीएसएफ नियंत्रण रेखा पर अत्याधुनिक निगरानी उपकरणों की मदद से कड़ी निगरानी कर रहे हैं। सेना के साथ मिलकर एलओसी पर पूरी मजबूती से नियंत्रण बनाए हुए हैं। इस साल सुरक्षा बलों ने अब तक घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम की हैं। हमारे पास नई तकनीक व निगरानी के अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। आतंकियों की हर कोशिश को नाकाम कर देंगे।

## राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में अगले तीन दिन भारी बारिश का अनुमान

### –विदा हो रहा मानूसन देश के कई राज्यों में मचा रहा तबाही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान से मानसून अपने तय समय से 4 दिन पहले ही विदा हो गया। मध्य प्रदेश के 11 जिलों से मानसून की वापसी हुई है। हालांकि, दोनों राज्यों में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में 30 सितंबर तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। हैदराबाद में रात भर मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। अधिकारियों ने हिमायत सागर जलाशय के गेट खोल दिए, जिससे हालात और बिगड़ गए। चादरघाट के पास मूसी नदी उफान पर आ गई। नदी के आसपास, निचले इलाके डूब गए। नदी किनारे बने मकान पहली मंजिल तक पानी में डूब गए। कई कॉलोनियां जलमग्न हैं। हैदराबाद के महात्मा गांधी बस स्टैंड में भी पानी भर गया। बसों का संचालन बंद है। हैदराबाद में सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। कई इलाकों में सुबह से ट्रैफिक जाम लगा है। ऑफिस जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अब तक लगभग 1,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।



वहीं महाराष्ट्र में बाढ़ग्रस्त मराठवाड़ा के कई इलाकों में शनिवार को सुबह से बारिश हो रही है। इससे कई सड़कें और पुल जलमग्न हुए है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है। बीड, लातूर, धाराशिव, नांदेड़, परभणी और हिंगोली जिलों के कई हिस्सों में सुबह 8 बजे तक 24 घंटों में 65 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

परभणी जिले के गंगाखेड़ में एक दिन में सबसे ज्यादा 143 मिमी बारिश हुई। हिंगोली जिले के कलमनुरी और वासमत तालुका में भारी बारिश से 3 गांव जलमग्न हो गए। वासमत तालुका के चौंधी बहिरोबा और कलमनुरी के बिबथर और कोंढुर दिग्रस गांव भारी बारिश के कारण संपर्क से कट गए हैं।

हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को मानसून लौट गया। राज्य में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। इस मानसून सीजन 1,023 एमएम बारिश हुई, जो सामान्य से 40 प्रतिशत ज्यादा है। राज्य में 47 बादल फटने, 98 बाढ़ और 148 लैंडस्लाइड की घटनाएं हुईं। इनमें 454 लोगों की मौत हुई। 498 घायल हुए और 50 अभी भी लापता हैं। महाराष्ट्र में भी अगले तीन दिनों के दौरान तेज बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने 27 से 29 सितंबर के बीच मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और विदर्भ क्षेत्र में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। सरकार ने इस दौरान लोगों से सतर्क रहने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

## मध्य प्रदेश में बनेगा देश का सबसे बड़ा गोवंश वन्य विहार, 8 हजार गायों का होगा आश्रय

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में देश का सबसे बड़ा गोवंश वन्य विहार बनने जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर घूम रहे निराश्रित मवेशियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है। पशुपालन मंत्रालय और मुख्यमंत्री ने भी इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है।

यह गोवंश वन्य विहार 520 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और इसमें तकरीबन 8,000 गायों को रखने की व्यवस्था होगी। विभाग ने भूमि चयन से लेकर दस्तावेजी प्रक्रिया और शासन स्तर पर स्वीकृति की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। टेंडर जारी हो चुका है और संभावना है कि नए साल तक प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा। जानकारी अनुसार प्रस्तावित परियोजना के लिए सीतानगर, कल्याणपुरा और रानगिर सहित चार गांवों से लगी लगभग 520 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। पहले योजना 700 एकड़ की थी, लेकिन विस्तृत सर्वेक्षण के बाद इसे घटाकर 520 एकड़ पर अंतिम रूप दिया गया।

चिह्नित भूमि सुनार नदी के किनारे स्थित है, जिससे पशुओं के लिए जल उपलब्धता आसान होगी। इसके अतिरिक्त, आसपास पर्याप्त चरनोई भूमि भी है। इस प्रोजेक्ट से न केवल गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, बल्कि आसपास के ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। बताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी से अनुबंध करने में लगभग एक माह



लगेगा। शुरुआती चरण में बाड़बंदी, शेड निर्माण और मवेशियों के रहने-खाने-पीने की सुविधाएं तैयार की जाएंगी। पशुपालन मंत्री का संबंध इसी क्षेत्र से होने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि प्रोजेक्ट तेज़ी से आगे बढ़ेगा। यह गोवंश वन्य विहार न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल साबित हो सकता है, जो आवारा मवेशियों की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अहम कदम होगा।

# मुंबई एयरपोर्ट पर चार दिन में करोड़ों का गांजा, लाखों की सोने का पावडर और विदेशी मुद्रा जब्त

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क और वायु खुफिया अधिकारियों ने 21 से 24 सितंबर के बीच करोड़ों रुपये का माल ज़ब्त किया। इस कार्रवाई में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के ज़रिए सीमा शुल्क विभाग को अंतरराष्ट्रीय तस्करी के सुराग मिले हैं। इसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं और इस पूरे गिरोह की तलाश जारी है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा चार दिनों में की गई कार्रवाई के तहत कोलंबो से आ रहे एक यात्री से 2.62 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया गया। जिसकी बाज़ार में क़ीमत लगभग 2.62 करोड़ रुपये है। आरोपी को अपने बैग में यह गांजा छिपाकर ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से मुंबई आ रहे एक यात्री से 18.40 किलोग्राम गांजा ज़ब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गांजे का अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में क़ीमत 18 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। तीसरे मामले में मुंबई से दुबई जा रहे एक यात्री से 7.11 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा ज़ब्त की गई। आरोपी को अपने हैंडबैग में ये नोट ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। जबकि एक अन्य मामले में, मुंबई से दुबई जा रहे एक यात्री से 49.38 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह, एक अन्य मामले में, मुंबई से जकार्ता जा रहे एक यात्री से 19.17 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की गई और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही, एक अन्य मामले में, एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लाया गया 365 ग्राम सोने का पावडर जब्त किया गया। इस सोने के पावडर की कीमत लगभग 38.10 लाख रुपये है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस मामले में कस्टम को हवाईअड्डा कर्मचारियों पर संदेह है और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी फिलहाल इस संबंध में जाँच कर रहे हैं। इस कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत एक आंतरिक मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों के एक गिरोह से जुड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन में मिली जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों को कई सबूत मिले हैं। इसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं और इस पूरे गिरोह की तलाश जारी है। दक्षिण अमेरिका से विभिन्न मार्गों के ज़रिए



दुनिया भर में ड्रग्स पहुँचाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से देखा जा रहा है कि बैंकॉक के रास्ते भारत में बड़ी मात्रा में गांजे की तस्करी हो रही है। यह भी देखा गया है कि भारत से थाईलैंड बड़ी संख्या में पर्यटक आते-जाते हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**